जबलपुर

शनिवार, 6 सितंबर 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष – 13

वर्ष : 20, अंक : 130

पृष्ठ : 14, मूल्य 3 .00 *

मौसम

अधि. 29

न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


साल का अंतिम चंद्रग्रहण 7 को

## 9 घंटे पहले ही लग जाएगा सूतक



**नई दिल्ली।** साल का आखिरी चंद्रग्रहण 7 सितंबर को लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत में दृश्य होगा। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। यह भारत में दिखाई देगा। इस ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 30 मिनट की होगी। यह चंद्रग्रहण 7 तारीख की रात में 9 बजकर 57 मिनट पर लगेगा। रात में 11 बजकर 1 मिनट से लेकर 12 बजकर 23 मिनट तक पूर्ण चंद्रग्रहण लग जाएगा।

टैरिफ वार के बीच एससीओ समिट के बाद नरम पड़े ट्रंप

चीन को कहा-गहरा और अंधकारमय

# लगता है हमने भारत-रूस को चीन के हाथों 'खो' दिया

## एससीओ समिट के दौरान सामने आई तस्वीरों से ट्रंप के तेवर ढीले

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान दुनियाभर के देशों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अपने फैसलों से पछता रहे हैं। टैरिफ वार के बीच चीन में एससीओ समिट के दौरान सामने आई तस्वीरों से ट्रंप नरम पड़ गए हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। ट्रंप ने शुक्रवार को सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट में एक तस्वीर भी शेयर की है।

### एससीओ समिट ने खींचा विश्व का ध्यान

ट्रंप की यह टिप्पणी पर उस समय आई है जब पिछले दिनों चीन के तिआनजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नजदीकियों ने विश्व का ध्यान खींचा था। भारत-अमेरिका संबंधों में खटास तब और गहरी हो गई जब ट्रंप प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया और साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया।



### पूर्व अधिकारियों ने ट्रंप को दी भारत से संबंध सुधारने की नसीहत

वहीं, इससे पहले तमाम पूर्व अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी थी। इस कड़ी में पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे पीएम मोदी रूस और चीन के करीब चले गए हैं। बीजिंग ने खुद को अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया है। पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन और पूर्व उप विदेश मंत्री कर्ट एम. कैंपबेल ने एक लेख में लिखा कि अमेरिका और भारत के संबंध को दोनों ही दलों (डेमोक्रेट और रिपब्लिकन) का समर्थन मिला है।


भारत के खिलाफ विवादित पोस्ट लिखा था

## ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री के एक्स खाते को सरकार ने किया बैन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को तोड़ने की बात करने वाले ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री गुंथर फेहलिंगर-जहान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' अकाउंट को सरकार ने ब्लॉक कर दिया है।

दरअसल, जहान ने अपने एक्स अकाउंट से भारत को तोड़ने की बात करते हुए एक विवादास्पद मैसेज शेयर किया था। जिसकी जानकारी मिलते ही भारत सरकार




के गृह मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस वायरल पोस्ट को नोटिस किया और एक्स को भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए खाते तक पहुंच रोकने का निर्देश दिया।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### 2027 में देश को मिलेगी पहली महिला सीजेआई



**नई दिल्ली।** न्यायपालिका के इतिहास में वर्ष 2027 एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है। वहां अब पहली बार सर्वोच्च न्यायालय की कमान एक महिला के हाथों में होगी। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना 24 सितंबर 2027 से 29 अक्टूबर 2027 तक भारत की पहली महिला चीफ जस्टिस बनेंगी। यह महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व की ऐतिहासिक जीत है।

#### छठ पर लॉन्च होगी पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन



**नई दिल्ली।** देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात जल्द ही मिलने वाली है। भारतीय रेलवे ने ट्रेन की लॉन्चिंग की तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। नई टेक्नोलॉजी से लैस यह ट्रेन लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन की गई है। सबसे पहले यह ट्रेन दिल्ली से बिहार के लिए चलाई जा सकती है।

#### शिवपुरी में 6.21 करोड़ की चरस जब्त, एक दबोचा



**शिवपुरी।** जिले में शुक्रवार को एक स्थानीय व्यक्ति के पास से 6.21 करोड़ रुपए मूल्य की चरस जब्त की गई। पुलिस के मुताबिक एक खुफिया सूचना के आधार पर देहात थाना प्रभारी जितेंद्र मावई के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने संदीप सिंह (38) नामक व्यक्ति को रोका और उसके पास से दो थैलों में से 60 पैकेट चरस बरामद की।

'शिक्षक दिवस' पर प्रदेश के शिक्षकों को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सौगात

चौथे क्रमोन्नति वेतनमान से 117 करोड़ का अतिरिक्त भार राज्य सरकार पर आएगा

# 1 लाख 50 हजार शिक्षकों को मिलेगा चतुर्थ समयमान वेतनमान

◆ सीएम ने कहा कि इसके लिए जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा सभी पात्र शिक्षकों को चौथे वेतनमान की सौगात वित्त वर्ष 2025-26 से मिलेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षक दिवस पर मध्यप्रदेश के शिक्षकों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शुक्रवार को प्रदेश के शिक्षकों को चौथा क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिए जाने घोषणा की है।

इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से 8 तक के 55 लाख विद्यार्थियों के खातों में शाला गणवेश की 330 करोड़ की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को चौथा क्रमोन्नति वेतनमान दिए जाने घोषणा करते हुए कहा कि इससे 117 करोड़ का अतिरिक्त भार सरकार पर आएगा।

◀ राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में चौथे क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिए जाने की सीएम ने की घोषणा

◀ राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

### सरकारी स्कूलों के 55 लाख विद्यार्थियों के खातों में पहुंची शाला गणवेश की 330 करोड़ की राशि



सीएम ने दोनों शिक्षकों को बधाई दी

### राष्ट्रपति मुर्मू ने मध्यप्रदेश के दो शिक्षकों का किया सम्मान



भेरूलाल ओसारा



शीला पटेल

*नई दिल्ली। शिक्षक दिवस के मौके पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के दो शिक्षकों को वर्ष-2025 का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। इनमें दमोह जिले की प्राथमिक शिक्षक शीला पटेल और आगर-मालवा जिले के भेरूलाल ओसारा शामिल हैं। शीला दमोह के शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में पदस्थ हैं, जबकि भेरूलाल शासकीय ईपीईएस माध्यमिक शाला खेरिया सुसनेर में पदस्थ हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने दोनों शिक्षकों को इस सम्मान के लिए बधाई दी है।*

### एआई के युग में मशीनें तो बना सकते हैं, लेकिन संस्कार केवल गुरु ही दे सकते हैं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्राचीन काल में गुरु ही भविष्य के लिए शासक तैयार करते थे, जिस प्रकार महर्षि विश्वामित्र भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले गए और उन्हें शस्त्र और शास्त्रों का ज्ञान देकर राक्षसों का नाश कराया। उसी प्रकार कंस का वध करने के बाद भगवान श्रीकृष्ण उज्जैन में महर्षि सांदीपनि आश्रम पहुंचे और अनेक लीलाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि ज्ञान पाना और ज्ञान देना दोनों सुसंस्कृत समाज के निर्माण के लिए जरूरी है। एआई के युग में अच्छी से अच्छी मशीनें तो बना सकते हैं, लेकिन संस्कार केवल गुरु ही दे सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में तक्षशिला और नालंदा की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। आदि शंकराचार्य का जीवन भी मध्यप्रदेश आकर ही बदला था। ओंकारेश्वर की धरती ने उन्हें शंकराचार्य बनाया। मध्य प्रदेश की पावन धरा ही ऐसी है, कि यहां आकर सबका जीवन बदल जाता है।*

उज्जैन में गणेश सवारी में झांकी पर फेंके पत्थर

## लव जिहाद की झांकी पर बवाल महिदपुर में पथराव के बाद तनाव

पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महिदपुर में गणेश सवारी के दौरान विवाद की स्थिति बन गई। सवारी में शामिल एक झांकी को लेकर वर्ग विशेष के लोगों ने हंगामा किया। जिसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए हल्का बल प्रयोग किया। दरअसल, झांकी लव जिहाद पर केंद्रित थी । इस पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने तहसील कार्यालय का घेराव किया। इधर, झांकी पर कुछ लोगों ने पत्थर भी फेंके। दोनों पक्ष आमने-सामने होते इससे पहले पुलिस ने मोर्चा संभाला।

### कोलारस में गणेश विसर्जन जुलूस पर पथराव

*शिवपुरी। जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के सेसई सड़क गांव में गुरुवार रात गणेश विसर्जन में हिंसा हो गई। गांव में रावत समाज सहित सर्व समाज ने गणेश प्रतिमा बैठाई थी और धूमधाम से झांकियों व डीजे के साथ जुलूस निकाला जा रहा था। आरोप है कि यादव पक्ष के लोगों ने जुलूस पर पथराव कर दिया। पथराव से भगदड़ मच गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और तोड़-फोड़ हुई। डीजे की बोलेरो पिकअप का कांच और हेडलाइट फोड़ दी गई, वहीं लैपटॉप पटककर नुकसान पहुंचाया गया।*

सागर में ईद मिलाद उन नबी के जुलूस में विवाद

## लगे 'सर तन से जुदा' के नारे इलाके में तनाव का बना माहौल

कांग्रेस नेता फिरदौस कुरैशी और पम्मा कुरैशी के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले में ईद मिलाद उन नबी के मौके पर निकाले गए जुलूस के दौरान विवादित नारेबाजी का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के मुख्य इलाके तीन बत्ती का है।यहां जुलूस के दौरान कुछ लोगों ने बीच सड़क पर खड़े होकर 'सर तन से जुदा' जैसे नारे लगाए। इस नारेबाजी के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। यह जुलूस कांग्रेस नेता फिरदौस कुरैशी और पम्मा कुरैशी के नेतृत्व में निकाला गया था।

### ◆ खंडवा में ईद जुलूस के दौरान बवाल हिंदू नेता को धमकाया



**खंडवा।** खालवा के खारकला में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान तनाव की स्थिति बन गई। जमानत पर रिहा मुबारिक पुत्र मेहबूब ने बजरंग दल कार्यकर्ता विजय बागड़ा को घर के सामने धमकाने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों ने आक्रोश जताते हुए खंडवा-खालवा मार्ग को चार घंटे तक जाम रखा।

एयर इंडिया की दिल्ली-इंदौर फ्लाइट के इंजन में खराबी

## पायलट ने 'पैन-पैन' कॉल के बाद सुरक्षित उतारा विमान



विमान में सवार थे 161 यात्री, सभी सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान के इंजन में शुक्रवार को उड़ान के दौरान खराबी आ गई। पायलट ने इमरजेंसी हालात को देखते हुए 'पैन-पैन' कॉल की और इसे इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डे पर उतार लिया गया। विमान को उतरने में 20 मिनट का वक्त लगा। विमान में सवार सभी 161 यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने बताया कि दिल्ली से इंदौर आ रहे ।

इंदौर मेयर के बेटे संघमित्र के भाषण की चर्चा

## बुलेट ट्रेन व कवच सिस्टम पर उठाए सवाल, पुरस्कार मिला



भाजपा नेता असहज दिखे लेकिन मुस्कुराते हुए सुनते रहे

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के मेयर पुष्यमित्र भार्गव के बेटे संघमित्र का भाषण वायरल हो गया है। संघमित्र ने अपने भाषण में केंद्र सरकार की जमकर आलोचना की। खास बात यह रही इस दौरान मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर केसवानी, स्थानीय भाजपा विधायक और मेयर पुष्यमित्र मौजूद थे। भाजपा नेता असहज दिखे, लेकिन मुस्कुराते हुए भाषण सुनते रहे।

60 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

## शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट नोटिस



विदेश यात्राओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति, व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया है। 60.48 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में ये फैसला लिया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार कपल की लगातार विदेश यात्राओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम जांच को बाधित होने से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। दोनों ने अपने रेस्टॉरेंट को बंद करने का ऐलान किया ।

हाइवे पर सुबह मृत मिलीं, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

एक घंटे तक चला धरना, समझाइश पर माने

## तेज रफ्तार ट्रक ने गो-वंश को रौंदा ग्रामीणों ने कर दिया 'चक्काजाम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पैंची के पास तड़के रात 3 बजे से सुबह 5 बजे के बीच हाइवे पर बैठी मवेशियों को तेज रफ्तार ट्रक रौंदता हुआ चला गया, इस घटना में करीब दस गायों की मौत हो गई।

सुबह-सुबह जब ग्रामीणों ने हाइवे पर मृत पड़ी और कुछ घायल मवेशियों को देखा तो उनका गुस्सा फूट पड़ा और ग्रामीणों ने हाइवे पर चक्काजाम कर अपना विरोध जताया। इस दौरान करीब एक घंटे तक चक्काजाम चला और हाइवे



पर दोनों ओर सैंकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे। मौके पर पहुंचे स्थानीय अधिकारियों ने किसी तरह ग्रामीणों को समझाकर चक्काजाम खत्म कराया और हाइवे पर यातायात शुरू कराया गया। उल्लेखनीय है कि करीब एक महीने पूर्व खटकया चौराहा कुंभराज पर भी हाइवे पर ट्रक ने मवेशियों को रौंद दिया था, उस समय भी यहां बड़ा चक्काजाम हुआ था। ग्रामीणों द्वारा लगातार हाइवे के आसपास गौशालाओं का निर्माण करने और मवेशियों को रखने की मांग की जा रही है। लेकिन फिलहाल इस दिशा में कोई ठोस नहीं उठाने से आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं और मवेशियों की मौत हो रही है। वहीं सड़क पर मवेशियां कई दुर्घटनाओं का कारण भी बन रही हैं।

बारिश से मुसीबतें बढ़ीं...कई जगह बाढ़ से हादसे और जल भराव

# राजगढ़ में नदी में गिरी कार, जपं सदस्य का बेटा 'लापता' नीमच में बोलेरो बही, कूनो नदी में फंसे 15 लोगों का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है, जिसमें दो दर्जन जिलों में शुक्रवार को बारिश दर्ज की गई है।

■ गुंजाली नदी में पुल के ऊपर पानी होने के बाद भी निकले

राजगढ़ के सारंगपुर में आगरा-मुंबई बायपास और आगर-उज्जैन रोड को जोड़ने वाले काली सिंध नदी के पुल से एक कार नदी में गिर गई। इसमें सारंगपुर जनपद पंचायत सदस्य और भाजपा नेता महेश सोनी का बेटा विशाल सोनी (26) सवार था।

### प्रदेश के 23 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

### इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में बरसेंगे बादल



नीमच में बोलेरो में फंसा शख्स

### श्योपुर में गर्भवती को नाव से पहुंचाया गया अस्पताल

श्योपुर में कूनो नदी उफान पर है। दिमरछा गांव का संपर्क कट गया है। गांव की एक महिला को डिलीवरी के लिए पुलिस की मदद से नाव से रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवाया गया। 15 अन्य मरीजों को भी बोट से वीरपुर के अस्पताल पहुंचाया गया।

### ◆ ग्वालियर में बाढ़ जैसे हालात, सौ से अधिक लोग बेघर

सिथौली के पास बसा ललियापुरा जलमग्न हो गया। अलापुर बांध के गेट खोलने या न खोलने के पसोपेश और पानी की निकासी न होने के कारण यहां बाढ़ के हालात बन गए। यहां के 85 घरों में तीन से चार फीट तक पानी भर गया है। वार्ड 60 में आने वाले ललियापुरा, भाटखेड़ी के आसपास बसी कॉलोनी व गांवों में भी खतरा बढ़ गया। कलेक्ट्रेट में एसडीएम ने शाम 6 बजे गेट खोलने का आश्वासन दिया, लेकिन गेट नहीं खोला। हालांकि, देर रात अफसरों ने अलापुर बांध का गेट खोल दिया।

# पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में ढाया कहर, अब तक 48 की मौत

## राष्ट्रपति ने बारिश के कारण हो रही परेशानी पर दुख जताया, एम्स ने लोगों के इलाज के लिए टीम भेजी

### बारिश-बाढ़ ने कई शहरों में मचाई तबाही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब में बाढ़ महाविनाश का कारण बन रही है। पानी से अब तक 43 लोगों की मौत हो चुकी है। 23 जिलों के 1902 से अधिक गांव पानी की चपेट में हैं, जिससे 3.84 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। बारिश के कारण मौतों और लोगों की परेशानी पर राष्ट्रपति ने दुख जताया है। इसके साथ ही एम्स ने घायलों के इलाज के लिए एक टीम भेजी है। गांवों में बाढ़ग्रस्त लोगों और प्रशासन के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रभावित गांवों में एक-एक गजटेड अफसर नियुक्त करने के आदेश दिए हैं।

**खास बातें**

- पठानकोट में पहाड़ दरके
- लुधियाना में सेना ने संभाला मोर्चा
- रफ्तार पर लगा ब्रेक जाम में फंसे वाहन
- स्कूल और कॉलेज सब बंद

### भाखड़ा का जलस्तर खतरे के निशान से 1 फीट नीचे



हिमाचल के ऊपरी क्षेत्रों में हो रही जोरदार बारिश व बादल फटने की घटनाओं के चलते भाखड़ा डैम के जल स्तर में तेजी से होती वृद्धि को देखते हुए बीबीएमबी मैनेजमेंट से चारों फ्लड गेट 9-9 फीट तक खोल दिए। एक लाख से भी अधिक पानी की आमद के साथ भाखड़ा डैम का जलस्तर 1679 फीट पर पहुंच गया था। इस दौरान ट्रबाइनों व फ्लड गेटों के माध्यम से कुल 85 हजार क्यूसेक पानी की निकासी कर सतलुज दरिया के किनारे बसे निचले ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत मचा दी। भाखड़ा डैम से छोड़े गए 85 हजार क्यूसेक पानी में से नंगल डैम से निकलने वाली नंगल हाइडल व श्री आनंदपुर साहिब हाइडल नहर में 9-9 हजार जबकि सतलुज दरिया में 67 हजार क्यूसेक पानी जा रहा है जिससे हर्षा बेला, पत्ती दुचली, पत्ती टेक सिंह,सैंसोंवाल,एलगरां, बेला ध्यानी, बेला ध्यानी लोअर, बेला राम गढ़, शिव सिंह बेला, प्लासी, सिंघपुरा, जोहल, तर्फ मजारी, भलाण, कलित्रा, दड़ोली लोअर व दबखेड़ा में खतरा बढ़ गया है।

**हरियाणा में बाढ़ से हाहाकार**

### नेशनल हाईवे पर भरा पानी बारिश ने पांच और जानें ली

जलभराव के कारण हरियाणा की लाइफलाइन कहे जाने वाले छह नेशनल हाईवे पर वाहनों की



रफ्तार थमने लगी है। इन सभी पर नदियों का पानी बह रहा है। हाईवे पर कहीं वाहन रेंग-रेंगकर चल रहे हैं तो कहीं लेन ही बंद है। हिसार में हांसी-बरवाला नेशनल हाईवे-148बी पर गांव चानौत के पास करीब एक किलोमीटर एरिया में पानी भरने से वाहनों को दूसरे रूट पर डायवर्ट किया गया है। वीरवार को बारिश व जलभराव के कारण 5लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बह गया।

**यमुना में भी उफान**

### कालिंदी कुंज में घुसा पानी

दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पुराने लोहे के पुल की सड़क तक पानी पहुंचने की उम्मीद है। गुरुवार को पुराने रेलवे पुल पर नदी का जलस्तर 207.48 मीटर तक पहुंच गया था, जो इस सीजन का सबसे ऊंचा स्तर है। कुछ समय तक स्थिर रहने के बाद अब धीरे-धीरे इसमें कमी आनी शुरू हो गई है।



### दिल्ली में बाढ़ से पहली मौत शख्स की पानी में लाश मिली

दिल्ली में बाढ़ के पानी में डूबकर एक शख्स की मौत हो गई है। दो दिन पहले डूबे शख्स की लाश काफी तलाशी के बाद शुक्रवार को बरामद की गई। उत्तरपूर्वी दिल्ली के गढ़ी मेंधू गांव में ओमबीर नाम के शख्स की जान गई है। यमुना के पानी में मामूली गिरावट आई है, लेकिन दिल्ली के कई इलाके अब भी बाढ़ की चपेट में है।

### यमुना ने मथुरा वृंदावन में मचाया तांडव, सड़कें जलमग्न, बेघर हुए हजारों लोग

इन दिनों मथुरा- वृंदावन में यमुना ने लोगों की नींद उड़ा रखी है। यमुना नदी घाटों से निकलकर कॉलोनियों और सड़कों पर नजर आ रही है। कई घाटों परपुलिस बल तैनात किया ह प्रभावित दर्जनों कॉलोनियों से डेढ़ हजार से अधिक लोगों को नावों के जरिए सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया है।

---

**खबर संक्षेप**

### पहली टेस्ला कार महाराष्ट्र के मंत्री प्रताप ने खरीदी

**मुंबई।** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में टेस्ला के नए शोरूम से पहली कार की डिलीवरी हो गई है। महाराष्ट्र के



परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने शुक्रवार को यह कार सौंपी गई। उन्होंने इसे इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की कोशिश बताया। सरनाइक ने जुलाई में पहला शोरूम खुलने के अगले दिन मॉडल वाई बुक कर दी थी।

### अनिल अंबानी को बीओबी ने फ्रॉड बताया


**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया



रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। बताया गया कि उन पर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग का हवाला दिया गया है।

### 'बाबा' के पुजारियों को मिलेगी 90 हजार सैलरी

**वाराणसी।** मशहूर काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों को जल्द ही उन्हें राज्य कर्मचारी का



दर्जा मिलेगा और उनका वेतन 3 गुना तक बढ़ जाएगा। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद की 108वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने बताया कि अब उन्हें 80 से 90 हजार वेतन मिलने लगेगा। अभी 30 हजार था।

### जस्टिस श्रीचंद्रशेखर होंगे बॉम्बे हाईकोर्ट के सीजे

**नई दिल्ली।** जस्टिस श्रीचंद्रशेखर बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे। कॉलेजियम की सिफारिश के



बाद केंद्र ने इस नियुक्ति की घोषणा की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारत के संविधान में दिए गए अधिकारों के तहत, सीजेआई से परामर्श के बाद यह फैसला लिया।

---

**केरल कांग्रेस की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट से सियासत में आग**

# बी से बीड़ी- बी से बिहार पर फंसी कांग्रेस भड़की भाजपा तो मांगनी पड़ गई माफी

जीएसटी सुधारों की आलोचना करते हुए कांग्रेस ने बीड़ी और बिहार की तुलना वाला ट्वीट किया था। इसके साथ उसने एक चार्ट भी शेयर किया था, जिसमें तंबाकू पर वर्तमान और प्रस्तावित दरों को दिखाया गया था। इसके बाद कांग्रेस की काफी ज्यादा आलोचना होने लगी थी। इसलिए सफाई पेश करनी पड़ी

**भाजपा ने पूरे विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया, आलोचना बढ़ी तो पोस्ट हटाया व सफाई दी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बी से बीड़ी और बी से बिहार पर कांग्रेस बुरी तरह से फंस गई है। इसके लिए कांग्रेस को माफी भी मांगनी पड़ी। इसके बाद पुरानी पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। जीएसटी सुधारों की आलोचना करते हुए कांग्रेस ने बीड़ी और बिहार की तुलना वाला ट्वीट किया था। इसके साथ उसने एक चार्ट भी शेयर किया था, जिसमें तंबाकू पर वर्तमान और प्रस्तावित दरों को दिखाया गया था। इसके बाद कांग्रेस की काफी ज्यादा आलोचना होने लगी थी। भाजपा ने इसको लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा था। केरल कांग्रेस की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर कहा गया है कि हम देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के जीएसटी से जुड़े चुनावी प्रचार पर हमारी टिप्पणी को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है। अगर किसी को हमारी बात से ठेस पहुंची है तो हम माफी चाहते हैं।

**जीएसटी सुधारों की आलोचना करते हुए चार्ट भी भेजा**

हमारी टिप्पणी को तोड़ा-मरोड़ा गया

**कांग्रेस की केरल इकाई ने यह लिखा**



कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बीड़ी-सिगरेट पर जीएसटी की नई दर लागू करने में सिगरेट के साथ पक्षपात की ओर संकेत करते हुए कहा कि बीड़ी और बिहार का पहला अक्षर (अंग्रेजी) के बी से शुरू होता है। बीड़ी में अब कोई बुराई नहीं मानी जाएगी। पार्टी ने अपनी पोस्ट में बताया है कि बीड़ी पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटा कर 18 फीसदी और सिगरेट पर 28 से बढ़ा कर 40 फीसदी कर दी गई है। केरल कांग्रेस के इस पोस्ट पर बिहार भाजपा ने भी कांग्रेस की कड़ी आलोचना की है।

**बाद में कांग्रेस ने पोस्ट डिलीट की**

कांग्रेस की इस पोस्ट को बीड़ी और बिहार की तुलना बताते हुए सियासी बवाल मचा, बाद में विवाद बढ़ता देख कांग्रेस ने इस ट्वीट को डिलीट कर दिया, लेकिन तब तक इस पोस्ट के स्क्रीनशॉट कई लोगों तक पहुंच चुका था।

**भाजपा नेता हमलावर**



### इंडी गठबंधन की नफरत फिर सामने आई

इसके अलावा भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी इसको लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि यह बिहार के प्रति इंडिया गठबंधन की नफरत की झलक है। कांग्रेस ने एक बार फिर लाइन क्रॉस कर दी है। भाजपा प्रवक्ता ने आगे लिखा कि रेवंत रेड्डी से लेकर डीएमके तक कांग्रेस में बिहार लिए नफरत साफ है।

### अब पूरे बिहार का अपमान किया जा रहा



कांग्रेस की इस पोस्ट पर भाजपा नेता पूरी तरह से हमलावर हैं। बिहार के उप मुख्यमंत्री और बिहार भाजपा के नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माता जी का अपमान करने के बाद कांग्रेस अब पूरे बिहार का अपमान करने पर उतर आई है। पीएम का भी अपमान किया था।

### बी मतलब बुद्धि जो कांग्रेस में नहीं

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता संजय कुमार झा ने इसे कांग्रेस की 'एक और शर्मनाक हरकत' कहा। उन्होंने हिंदी में



लिखा, बी का मतलब सिर्फ बीड़ी नहीं, बुद्धि भी है, जो आप में नहीं है। बी का मतलब बजट भी है, जिस पर आपको जलन होती है जब बिहार को विशेष सहायता मिली। झा ने कहा कि बिहार का मजाक उड़ाकर कांग्रेस ने न केवल बिहार के लोगों का अपमान किया है, बल्कि देश के गौरवशाली इतिहास और लोकतंत्र का भी मजाक उड़ाया है।

### आपत्तिजनक बातें कही तो माफी मांगनी चाहिए



पटना में बिहार में कांग्रेस के सहयोगी दल आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव से जब केरल कांग्रेस द्वारा बिहार और बीड़ी की तुलना करने पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम पोस्ट देखे नहीं हैं तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं, लेकिन बिहार को लेकर कोई आपत्तिजनक बातें कही है तो जरूर माफी मांगनी चाहिए।

---

**राष्ट्रपति ने शिक्षकों का किया सम्मान**

# बेटियों की शिक्षा, स्मार्ट शिक्षक से भारत बनेगा ज्ञान महाशक्ति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में देशभर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को भारत के भविष्य निर्माण में सबसे अहम बताया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के जरिए भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अंत में लड़कियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा में निवेश परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में सबसे बड़ा योगदान है और यही महिला-प्रधान विकास को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील, जिम्मेदार और नैतिक आचरण वाले छात्र सिर्फ किताबों और प्रतिस्पर्धा में उलझे छात्रों से बेहतर होते हैं। एक अच्छे शिक्षक में भावनाओं और बुद्धि का संतुलन होना चाहिए।

**सम्मान और सुरक्षा के लिए शिक्षा भी जरूरी**

राष्ट्रपति ने कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी सम्मान और सुरक्षा के लिए जरूरी है। संवेदनशील शिक्षक बच्चों में आत्मसम्मान और सुरक्षा की भावना जगाते हैं। उन्होंने अपने शिक्षक जीवन को याद करते हुए कहा कि वह उनके जीवन का सबसे सार्थक दौर था। शिक्षा गरीब से गरीब बच्चे को भी ऊंचाइयों तक ले जा सकती है और समर्पित शिक्षक बच्चों की उड़ान को ताकत देते हैं। शिक्षकों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार यह है कि छात्र जीवनभर उन्हें याद रखें और समाज व देश के लिए योगदान दें। डिजिटल शिक्षा पर कहा कि स्मार्ट ब्लैकबोर्ड और स्मार्ट क्लासरूम महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सबसे अहम स्मार्ट शिक्षक हैं। स्मार्ट शिक्षक वही हैं जो छात्रों की जरूरतों को समझते हैं और उन्हें संवेदनशीलता व स्नेह के साथ पढ़ाते हैं।

### एनईपी वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाएगी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि यह नीति कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के विस्तार और वंचित वर्ग की लड़कियों के लिए विशेष शैक्षिक सुविधाओं पर जोर देती है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे खासकर उन छात्रों और लड़कियों पर ध्यान दें। राष्ट्रपति ने कहा कि एनईपी का उद्देश्य भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल शिक्षा तीनों क्षेत्रों में संस्थानों और शिक्षकों का सक्रिय योगदान जरूरी है।

---

**नीति आयोग ने दी केंद्र को सलाह**

## नीति बनाएं कि भारत 2030 तक दालों में आत्मनिर्भर बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग ने दाल उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार से सिफारिश की है। आयोग ने कहा है कि सरकार को ऐसी रणनीतियां अपनानी चाहिए, जिनसे वर्ष 2030 तक भारत दालों में आत्मनिर्भर बन सके। 2047 तक देश में दालों का उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति आयोग ने कहा कि उत्पादन में लगातार वृद्धि होगी। यह 2030 तक अनुमानित 34.45 मीट्रिक टन और 2047 तक 51.57 मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी। 2022 में इसका



उत्पादन 26.06 मीट्रिक टन रहा। रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर दालों की मांग-आपूर्ति के अंतर का भी विश्लेषण किया गया है। ये अनुमान सकल उत्पादन, आयात, निर्यात, स्टॉक में बदलाव, बीज, चारे के उपयोग और बर्बादी जैसे कारकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

**संघ और अनुषांगिक संगठनों की बैठक**

## 7 सितंबर तक चलेगी बैठक, 32 संगठनों के पदाधिकारी आए

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं संघ प्रेरित संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को जोधपुर के लाल सागर स्थित आदर्श विद्यामंदिर में शुरू हुई। शुरुआत में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रथम सत्र में भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया। संगठन मंत्र के सामूहिक वाचन के साथ आरंभ हुई बैठक में संगठनों के अपने-अपने क्षेत्रों में नए प्रयोगों का निवेदन हुआ।



7 सितंबर तक चलने वाली बैठक में 32 संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे। प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि इस बैठक में प्रमुख रूप से सभी 6 सहसरकार्यवाह, विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार भी होंगे।

**केंद्रीय व्यापार मंत्री गोयल ने कहा**

## जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले, केंद्र करेगा निगरानी

केंद्र ने ढांचे में कमी करके लाभ दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं को मिले यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्र निगरानी रखेगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल नेयह आश्वासन दिया। उनके अनुसार उद्योग जगत ने भरोसा दिया है कि विभिन्न वस्तुओं पर करों में कटौती का असर उनकी कीमतों में दिखेगी। गोयल ने कहा कि ऐसा हो पा रहा है या नहीं, सरकार इसकी निगरानी करेगी। जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। आवश्यक वस्तुओं पर कर को शून्य करने का निर्णय लिया गया है।

**अमेरिका के टैरिफ के कारण नहीं लिया गया जीएसटी में सुधार का फैसला**

भाजपा के संवाददाता सम्मेलन में गोयल ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिका के फैसले



के कारण मोदी सरकार ने जीएसटी के ढांचे में सुधार किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्यों और केंद्र के सचिवों व वित्त मंत्रियों के बीच लगभग एक साल तक चले विचार-विमर्श के बाद लिया गया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का किसी भी देश के किसी भी फैसले से कोई संबंध नहीं है। इतना बड़ा परिवर्तन रातोंरात नहीं हो सकता। अमेरिका ने टैरिफ का फैसला पिछले महीने ही लिया था। उन्होंने कहा कि केंद्र यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी रखेगा कि उपभोक्ताओं को कम करों का पूरा लाभ मिले। राज्यों को भी इसकी निगरानी करनी चाहिए।

---

**मदनी काशी और मथुरा पर बातचीत के लिए सहमत**

## संघ प्रमुख के सुझावों का किया समर्थन, मुस्लिम समुदाय साथ आए

आपसी मतभेद मिटाकर सहभागिता बढ़ाएं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि मथुरा और काशी हिंदू समुदाय को सौंप देने चाहिए। मदनी ने भागवत के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि आपसी मतभेद मिटाकर सहभागिता के लिए मुस्लिम समुदाय को साथ आना चाहिए।एक साक्षात्कार में इस्लामिक विद्वान ने कहा कि उनके संगठन ने पहले ही सहभागिता के पक्ष को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि दोनों समुदायों के बीच मतभेद हैं जिन्हें कम करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**हम सभी प्रकार की बातचीत का समर्थन करेंगे, मतभेदों को भुलाएं**



मदनी ने कहा कि दोनों समुदायों के बीच बहुत सारे मतभेद हैं। मेरे संगठन ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि दोनों समुदायों के बीच बातचीत होनी चाहिए। मतभेद है लेकिन हमें उन्हें कम करने की जरूरत है। हम बातचीत के सभी प्रयासों का समर्थन करेंगे। कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मथुरा और काशी को लेकर बयान दिया। मुस्लिम समुदायों तक पहुंचे उनके प्रयासों की प्रशंसा की जानी चाहिए। हम सभी प्रकार की बातचीत का समर्थन करते हैं।

**अवैध खनन रोकने पर अजित ने महिला आईपीएस को धमकाया**

## महिला आईपीएस अंजना ने कहा आप तो मेरे नंबर पर कॉल करें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का एक वीडियो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस वीडियो में वे एक महिला आईपीएस अधिकारी को डांटते हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा



है कि अधिकारी क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी, पवार ने उसे कार्रवाई रोकने के लिए कहा था कि आप मेरे नंबर पर काल करें।

इनका नाम है अंजना कृष्णा वी. एस। वे सोलापुर जिले के करमाला में डीएसपी के रूप में नियुक्त हैं। उन्हें अपनी ईमानदारी और कुशाग्रता के लिए जाना जाता है। अंजना की पढ़ाई तिरुवनंतपुरम के पूजापुरा उपनगर स्थित सेंट मैरीज़ सेंट्रल स्कूल से हुई है। उन्होंने एनएसएस कॉलेज से गणित में बीएससी किया है।

### एनसीपी कार्यकर्ता ने अजित को फोन थमा दिया

सोलापुर में जब वह अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई कर रही थीं, तो किसी एनसीपी कार्यकर्ता ने सीधा अजित पवार को फोन मिलाकर उन्हें थमा दिया।

### अंजना की बात पर भड़के अजित

अंजना पवार को पहचान नहीं पाईं और उन्हें अपने नंबर पर कॉल करने को कहा। इस पर पवार भड़क गए और कहा कि 'क्या मुझे तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए? क्या तुममें इतनी हिम्मत है? अपना नंबर दो, मैं वीडियो कॉल कर रहा हूं।

## पवार बोले-ये डेयरिंग कहां से आई, मैं तुझ पर एक्शन लूंगा

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार वीडियो कॉल पर अधिकारी को फटकार लगाते दिख रहे हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा-सोलापुर में पुलिस अधिकारियों के साथ मेरी बातचीत से



संबंधित कुछ वीडियो की ओर मेरा ध्यान आकर्षित हुआ है। मेरा इरादा कानून प्रवर्तन में हस्तक्षेप करने का नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि जमीनी स्तर पर स्थिति शांत रहे और आगे न बिगड़े। मैं अपने पुलिस बल और उसके अधिकारियों, जिनमें महिला अधिकारी का सम्मान करता हूं और मैं कानून के शासन को सबसे ऊपर रखता हूं। मैं पारदर्शी शासन के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हूं कि रेत खनन समेत हर अवैध गतिविधि से कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाए।

### वायरल वीडियो कार्रवाई रोकने को कहा

वीडियो में दिख रहा है कि अजित अंजना को फोन पर फटकार लगाते हैं। यह फोन कॉल एनसीपी के एक कार्यकर्ता के फोन से किया गया था। आईपीएस अधिकारी शुरुआत में पवार की आवाज नहीं पहचानतीं, जिसके बाद उपमुख्यमंत्री वीडियो कॉल करते हैं और उनसे कार्रवाई रोकने के लिए कहते हैं। वे उन्हें सख्त लहजे में सवाल करते हैं कि क्या वे उनका चेहरा पहचानती हैं? मैं तेरे पर एक्शन लूंगा।

सीडीएस चौहान ने गिनाए 4 बड़े खतरे

# चीन के साथ सीमा विवाद को बताया सबसे बड़ी चुनौती

सीडीएस चौहान ने कहा कि आचार्य चाणक्य ने अर्थशास्त्र में चार प्रकार के राष्ट्रीय खतरों का वर्णन किया है: आंतरिक खतरे, शत्रु राष्ट्रों से बाहरी खतरे, बाहरी लोगों द्वारा समर्थित आंतरिक खतरे और आंतरिक लोगों द्वारा समर्थित बाहरी खतरे

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ शुक्रवार को गोरखपुर में गोरखा युद्ध स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य और संग्रहालय का शिलान्यास किया। यह परियोजना 45 करोड़ रुपए की लागत से विकसित की जाएगी, जो न केवल गोरखा सैनिकों के बलिदान को सम्मान देगी बल्कि भारत-नेपाल के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को नई मजबूती प्रदान करेगी।

इस कार्यक्रम के दौरान 'भारत के सामने सुरक्षा चुनौतियां' विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि देशों के सामने चुनौतियां क्षणिक नहीं होतीं, वे अलग-अलग रूपों में मौजूद रहती हैं। मेरा मानना है कि चीन के साथ सीमा विवाद भारत की सबसे बड़ी चुनौती है और यह आगे भी बनी रहेगी।

» चीन और पाक परमाणु शक्ति संपन्न इनसे निपटना चुनौती

» युद्ध के क्षेत्र में अब साइबर और स्पेस डोमेन भी शामिल



### लोकतंत्र में सेनाएं राजनीतिक नेतृत्व के अधीन

सीडीएस ने कहा कि युद्ध राजनीति का विस्तार है। युद्ध और भू-राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। युद्ध राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने का माध्यम है। लोकतंत्र में सेनाएं राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करती हैं। जब सरकार मानती है कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा बल प्रयोग जरूरी है, तो हमारे दो कर्तव्य हैं: सरकार को बल प्रयोग के लिए अधिक विकल्प देना और सरकार का अपनी सेना पर भरोसा बढ़ाना।

### राष्ट्रीय सुरक्षा महत्वपूर्ण विषय

*सीडीएस ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक व्यापक और महत्वपूर्ण विषय है। अलग-अलग क्षेत्रों के लोग इसे अलग-अलग तरीके से देखते हैं- एक राजदूत द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों पर ध्यान देता है, एक अर्थशास्त्री आर्थिक पहलुओं पर। उन्होंने कहा कि आचार्य चाणक्य ने अर्थशास्त्र में चार प्रकार के राष्ट्रीय खतरों का वर्णन किया है: आंतरिक खतरे, शत्रु राष्ट्रों से बाहरी खतरे, बाहरी लोगों द्वारा समर्थित आंतरिक खतरे और आंतरिक लोगों द्वारा समर्थित बाहरी खतरे। यह दर्शाता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा आंतरिक और बाहरी दोनों खतरों के खिलाफ महत्वपूर्ण है।*

### पाक का प्रॉक्सी युद्ध दूसरी बड़ी चुनौती

दूसरी बड़ी चुनौती पाकिस्तान की प्रॉक्सी युद्ध की रणनीति है, जिसे वह हजार घावों से भारत को कमजोर करने की रणनीति कहता है। क्षेत्रीय अस्थिरता भी चिंता का विषय है, क्योंकि भारत के लगभग सभी पड़ोसी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अशांति का सामना कर रहे हैं। एक अन्य चुनौती यह है कि युद्ध के क्षेत्र बदल गए हैं- अब इसमें साइबर और स्पेस डोमेन भी शामिल हैं। हमारे दोनों विरोधी (चीन और पाकिस्तान) परमाणु शक्ति संपन्न हैं, और उनके खिलाफ किस तरह के ऑपरेशन करने हैं, यह तय करना हमेशा एक चुनौती रहेगी।

### भारत ने बदली पाक के साथ युद्ध रणनीति

जनरल चौहान ने कहा कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ने सबक सीखा। भारत ने लंबी दूरी के सटीक हमलों पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि पाकिस्तान ने संभवतः अपनी हवाई रक्षा पर जोर दिया। उरी आतंकी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक में हमने जमीन के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश कर आतंकी शिविरों को नष्ट किया था। पुलवामा के बाद हमने खैबर पख्तूनख्वा में टारगेट सेट करके हवाई हमले किए। जब पहलगाम आतंकी हमला हुआ, तब तक हमने अपनी सटीक हमले की क्षमता को बढ़ा लिया था।

### ऑपरेशन सिंदूर में मिली थी पूरी स्वतंत्रता

सीडीएस चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमें पूर्ण स्वतंत्रता थी, जिसमें हमले की योजना बनाने से लेकर लक्ष्यों का चयन तक शामिल था। इस ऑपरेशन का उद्देश्य सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेना नहीं, बल्कि हमारी सहनशक्ति की सीमा रेखा खींचना था। हमने दुश्मन को चौंकाने और संयमित हमले की योजना बनाई थी लेकिन राजनीतिक नेतृत्व के साथ चर्चा में हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि बहावलपुर और मुरिदके स्थित आतंकी शिविरों को नष्ट करने के लिए हवाई हमले आवश्यक थे।

## खबर संक्षेप

### अनुतिन होंगे थाईलैंड के नए पीएम



**बैंकॉक।** थाईलैंड में शुक्रवार को नया पीएम चुनने के लिए संसद में मतदान किया गया, जिसमें भूमजैथाई पार्टी के अनुभवी राजनेता अनुतिन चार्नवीराकुल जीत हासिल की है। उन्होंने 492 सदस्यों वाली प्रतिनिधि सभा में से 247 से ज्यादा वोट हासिल किए। फ्यू थाई पार्टी की पिछली दो महिला पीएम नैतिकता के उल्लंघन के आरोपों में हटाई जा चुकी थीं। उन्हें और उनकी सरकार को कुछ दिनों में राजा महा वजिरालोंगकोर्न से औपचारिक नियुक्ति मिलने के बाद पदभार ग्रहण करना होगा।

### श्रीलंका में खाई में गिरी बस, 15 की मौत



**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत के बादुल्ला जिले में बस दुर्घटना में 9 महिलाओं समेत 15 लोग की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, 30 से ज्यादा लोगों का एक समूह यात्रा पर निकला था। बस की टक्कर एक जीप से हुई, जिसके बाद वह सड़क के किनारे रेलिंग से टकराकर 1000 फीट गहरी खाई में जा गिरी। सभी मृतक टांगले अर्बन काउंसिल के कर्मचारी थे। कई घायलों की हालत गंभीर बनी है, जिन्हें बडुल्ला टीचिंग हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

### चोटी पर फंसे कोरियाई दंपती को सेना ने बचाया



**नई दिल्ली।** लद्दाख की 17,000 फीट से अधिक ऊंचाई वाली बर्फीली चोटी पर फंसे दो कोरियाई दंपती को भारतीय सेना ने बचा लिया है। यह अभियान भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर की आर्मी एविएशन यूनिट ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। फिलहाल, दोनों अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है। सेना के इस मिशन के तहत दक्षिण कोरिया के नागरिक ह्यून वू किम और उनकी पत्नी को सुरक्षित निकाला गया। विदेशी दंपति लद्दाख स्थित कोंगमारुला दर्रे में फंसे हुए थे।

## ट्रंप के व्यापार सलाहकार की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

# नवारो की टिप्पणी पूरी तरह गलत और भ्रामक, हम उन्हें 'अस्वीकार' करते हैं

भारत और अमेरिका के रिश्ते साझा हितों पर आधारित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की हालिया टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भारत द्वारा रूस से तेल आयात करने के मामले में नवारों ने आरोप लगाया था कि ब्राह्मण आम भारतीयों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि हमने नवारो के गलत और भ्रामक बयानों को देखा है और हम उन्हें अस्वीकार करते हैं।

हमने पहले भी इस बारे में बात की है। अमेरिका और भारत के बीच यह रिश्ता हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। दोनों देश एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं, जो हमारे साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जन-जन संबंधों पर आधारित है। इस साझेदारी ने कई बदलावों और चुनौतियों का सामना किया है। हम उस ठोस एजेंडे पर केंद्रित हैं जिसके लिए दोनों देश प्रतिबद्ध हैं, और हमें उम्मीद है कि आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर यह रिश्ता आगे बढ़ता रहेगा।

भारत-यूएस साझा ठोस एजेंडे के लिए प्रतिबद्ध | भारत यूक्रेन में स्थायी शांति का समर्थन करता है

### रूस-यूक्रेन रचनात्मक रूप से आगे बढ़ें



*जायसवाल ने कहा कि जहां तक यूक्रेन में संघर्ष का प्रश्न है, हम यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हाल ही में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें आशा है कि सभी पक्ष रचनात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे। भारत यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र अंत और स्थायी शांति की स्थापना का समर्थन करता है।*

### ऑस्ट्रेलिया ने बहुसांस्कृतिक पहचान का समर्थन किया

*जायसवाल ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार और विपक्ष, दोनों के वरिष्ठ नेताओं और राजनेताओं ने ऑस्ट्रेलिया की बहुसांस्कृतिक पहचान का समर्थन करते हुए बयान जारी किए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की समग्र प्रगति और विकास में भारतीय ऑस्ट्रेलियाई समुदाय द्वारा निभाई गई भूमिका को भी मान्यता दी है, और वे इस भूमिका की बहुत सराहना और स्वीकार करते हैं। हमारी ओर से, हम दृढ़ता से मानते हैं कि विविधता ही शक्ति है।*

प्रवासी विरोधी प्रदर्शन

### ऑस्ट्रेलिया के साथ चिंता जाहिर की

*रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि 31 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के कई शहरों में प्रवासी-विरोधी विरोध प्रदर्शन हुए। हमारे उच्चायोग और महावाणिज्य दूतावास इस संबंध में ऑस्ट्रेलियाई सरकार और हमारे समुदाय के सदस्यों के साथ नियमित संपर्क में थे। विरोध प्रदर्शन शुरू होने से पहले, हमारे उच्चायोग ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ प्रवासी भारतीयों की चिंताओं को साझा किया था। हमें ऑस्ट्रेलियाई पक्ष से एक औपचारिक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया में विरोध प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के विविध समुदायों के लिए चिंता का विषय हो सकता है।*

### ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री फेहलिंगर का एक्स अकाउंट

*भारत विरोधी बयान देने वाले ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री गुंथर फेहलिंगर जहान पर कार्रवाई करते हुए भारत ने देश में उनके एक्स अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। जहान के एक्स अकाउंट को तब बैन किया गया, जब उन्होंने खालिस्तान के नक्शे के साथ 'भारत को तोड़ो' का आह्वान करते हुए एक विवादास्पद मैसेज पोस्ट किया था। इसके सोशल मीडिया पर वायरल होते ही भारत सरकार ने तत्काल कदम उठाया और ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री फेहलिंगर का सोशल मीडिया अकाउंट इंडिया में ब्लॉक कर दिया।*

## जयशंकर की भूटान पीएम से मुलाकात

# आपसी साझेदारी को मजबूत करने पर जताई 'प्रतिबद्धता'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार शाम को भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे से मुलाकात की। जयशंकर ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा कि आज शाम भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे से से मिलकर प्रसन्नता हुई। पीएम नरेंद्र मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने आगे लिखा कि हमारी अनूठी और समय-परीक्षित साझेदारी निरंतर मजबूत होती जा रही है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद। जयशंकर ने कहा कि भारत और भूटान ने आपसी साझेदारी को निरंतर मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है।

बता दें, भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे बुधवार से तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। 6 सितंबर तक की अपनी इस यात्रा में तोबगे अपनी पत्नी ओम ताशी डोमा के साथ अयोध्या और गयाजी भी गए। इससे पहले तोबगे ने 20-21 फरवरी तक भारत का आधिकारिक दौरा किया था। इस दौरान वे 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' के पहले लीडरशिप सम्मेलन में शामिल हुए थे। इसमें तोबगे ने पीएम मोदी को 'बड़े भाई' और 'गुरु' के रूप में संबोधित करते हुए मोदी से मार्गदर्शन मांगा ताकि वे भूटान में सार्वजनिक सेवा को बदलने में मदद कर सकें। तोबगे ने हिंदी का भी उपयोग, जिसकी दर्शकों ने सराहना की थी।

### राजगीर में मंदिर का किया उद्घाटन



भूटान के पीएम ने बिहार के राजगीर में नव-निर्मित भूटान मॉनेस्ट्री का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू और बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मुख्य द्वार पर भारत का तिरंगा, भूटान का राष्ट्रीय ध्वज और बौद्ध धर्म का झंडा एक साथ फहराया गया, जो दोनों देशों की गहरी मित्रता और साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बना। कार्यक्रम में भूटान के मुख्य भिक्षु जे खेम्पो, भारत में भूटान के राजदूत सुधाकर दलेला समेत बड़ी संख्या में भूटानी और भारतीय बौद्ध धर्मावलंबी शामिल हुए। उद्घाटन के बाद घोषणा की गई कि मंदिर में अगले छह दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा।

## बस्तर और दंतेवाड़ा में सर्च ऑपरेशन

# सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 6 नक्सली मारे गए, गोलाबारी अभी भी जारी

एजेंसी ▶▶ बस्तर



बस्तर में नक्सलियों के खात्मे को लेकर फिर ऑपरेशन तेज हो गए हैं। सुबह से ही नारायणपुर और दंतेवाड़ा के बॉर्डर इलाके में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ चल रही है, जिसमें छह नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिली है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या में इजाफा हो सकता है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि सूचना थी कि नक्सलियों की एक बड़ी टीम अबूझमाड़ के एक इलाके में जमा है और किसी बड़ी बैठक की तैयारी चल रही है। जिसके बाद नारायणपुर, दंतेवाड़ा से डीआरजी के जवानों को ऑपरेशन पर रवाना किया गया था। सुबह करीब 9 बजे जवानों का नक्सलियों से सामना हुआ, जिसके बाद से लगातार दोनों तरफ से गोलीबारी चल रही है। संभावना जताई जा रही है कि छह नक्सली मारे गए हैं। इससे पहले कोंडागांव जिले के केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम नालाझार में जंगल में मुठभेड़ में हथियार बरामद हुए थे।

## तेजस विमान के उत्पादन में आई तेजी

# निजी कंपनी ने विमान का ढांचा सौंपा, जीई ने की इंजन आपूर्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय वायुसेना के जंगी बेड़े में जल्द ही हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) एमके1ए तेजस शामिल करने की तैयारी है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जेट इंजन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक से 113 अतिरिक्त एफ404-जीई-इन20 इंजन खरीदने की तैयारी कर रहा है। यह डील तकरीबन तय मानी जा रही है। वहीं, एचएएल ने जानकारी दी है कि एलसीए एमके1ए कार्यक्रम के लिए दूसरा सेंटर फ्यूसीलेज असेम्बली (विमाना का ढांचा) को भारतीय निजी उद्योग मेसर्स वीईएम टेक्नोलॉजीज द्वारा एचएएल को सौंप दिया गया। यह विमान का सबसे अहम पार्ट होता है। एचएएल के सीएमडी डॉ. डीके सुनील ने कहा कि हम एलसीए एमके 1ए कार्यक्रम के समर्थन में भारतीय निजी क्षेत्र के विकास से खुश हैं। हम उत्पादन बढ़ाने और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश बोले

# यूक्रेन संघर्ष : बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के प्रयासों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। हरीश ने महासभा को बताया कि हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में शिखर बैठक का समर्थन किया। हम अलास्का शिखर सम्मेलन में हुई प्रगति की सराहना करते हैं। भारत शांति के घटनाक्रमों का स्वागत करता है।

### शांति की संभावनों को बढ़ावा दें



भारत संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। पीएम नरेंद्र मोदी की यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की, रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत शांति की संभावनाओं को बढ़ावा देती है।

### » यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देंगे 26 देश

*यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की 4 सितंबर को पेरिस पहुंचे। वो फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ समिट में शामिल हुए। 26 यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को पोस्ट वॉर सुरक्षा गारंटी देने का वादा किया है। मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन में एक इंटरनेशनल फोर्स भी तैनात की जाएगी। कुछ देश यूक्रेनी सेना को ट्रेनिंग देंगे और हथियारों की आपूर्ति भी करेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समिट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से भी बातचीत की और गारंटी के लिए समर्थन देने को कहा।*

## राष्ट्रपति ट्रंप पर जमकर बरसे पूर्व अमेरिकी एनएसए बोल्टन, कहा

# दोनों देशों के 'संबंध' खत्म, अब ठीक करना मुश्किल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच पहले की खास दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। ब्रिटिश मीडिया को दिए साक्षात्कार में बोल्टन ने ट्रंप की नीति की आलोचना करते हुए कहा कि व्हाइट हाउस ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे मोदी रूस और चीन के करीब आ गए हैं। चीन ने खुद को अमेरिका और ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया है। बोल्टन ने इसे एक बड़ी गलती है बताया। उन्होंने कहा कि इसे अब ठीक नहीं किया जा सकता, क्योंकि स्थिति बहुत खराब हो चुकी है।

चीन ने खुद को ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया

राष्ट्रपति ट्रंप ने दशकों पुराने संबंधों को पीछे धकेल दिया

### ट्रंप की दोस्ती अन्य नेताओं के लिए सबक



बोल्टन ने कहा कि ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर जैसे सभी नेताओं के लिए एक सबक है, कि ट्रंप के साथ अच्छी दोस्ती कभी-कभी मदद कर सकती है, लेकिन यह आपको बुरे हालात से नहीं बचाएगा। बोल्टन की ये चेतावनी ट्रंप की ब्रिटेन यात्रा से पहले आई है। ट्रंप 17 से 19 सितंबर तक ब्रिटेन दौरे पर रहेंगे।

### भारत पर 50% टैरिफ अमेरिका की 'भारी भूल'

इससे पहले बोल्टन ने कहा था कि भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाने के फैसले को 'भारी भूल' बताया था। उन्होंने कहा था कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए। अमेरिका, भारत को रूस और चीन से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश कर रहा था लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है।

### दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती'

बोल्टन ने कहा था कि व्हाइट हाउस टैरिफ और दूसरे शर्तों में चीन के प्रति भारत से ज्यादा नरमी दिखा रहा है, जो कि एक गंभीर गलती है। 'दोस्त और दुश्मन दोनों पर एक समान टैरिफ लगाने' से अमेरिका का वो भरोसा और आत्मविश्वास कमजोर हुआ है, जिसे बनाने में दशकों लगे थे और बदले में बहुत कम आर्थिक फायदा मिला है, जबकि बड़े नुकसान का खतरा बढ़ गया है।

### डराया- 14 पाक आतंकी घुसे, 34 गाड़ियों में 400 किलो आरडीएक्स

**एजेंसी:मुंबई।** मुंबई पुलिस को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 34 गाड़ियों में बम लगाए जाने की धमकी मिली है। ये धमकी व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से मिली है, जिसके बाद पुलिस सतर्क हो गई है। बताया जा रहा है कि धमकी भरा यह मैसेज मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर भेजा गया, जिसमें दावा किया गया कि 34 गाड़ियों में बम लगाए गए हैं और 400 किलो आरडीएक्स के विस्फोट से पूरा मुंबई शहर हिल जाएगा।



# चार्ट देखकर भी बताया जा सकता है बाजार का हाल

■ स्टॉक मार्केट में कैंडल का विज्ञान भी दे सकता है बड़ा ज्ञान ■ कैंडलस्टिक चार्ट तकनीकी विश्लेषण का अहम सबसे हिस्सा ■ खरीदार और विक्रेता की मनोवैज्ञानिक लड़ाई का होता है खुलासा ■ कीमतों पर कैसे असर डालती है, चार्ट से ही भविष्यवाणी संभव

बिजनेस डेस्क

स्टॉक मार्केट में कैंडलस्टिक चार्ट तकनीकी विश्लेषण का अहम हिस्सा होता है। यह बताता है कि खरीदार और विक्रेता की मनोवैज्ञानिक लड़ाई कीमतों पर कैसे असर डालती है। इससे बाजार की भविष्यवाणी की जा सकती है और निवेशकों को भी प्लानिंग बनाने में मदद मिलती है। स्टॉक मार्केट में कैंडलस्टिक चार्ट एक खास तरीका है, जिससे निवेशक और ट्रेडर यह समझने की कोशिश करते हैं कि शेयर की कीमत आगे किस दिशा में जाएगी। यह चार्ट हमें एक समय में शेयर के खुलने (ओपन), बंद होने (क्लोज), सबसे ऊपर (हाई) और सबसे नीचे (लो) जाने वाली कीमत दिखाता है। हर एक कैंडल बताता है कि उस समय कितनी तेजी या कमजोरी थी. लेकिन क्या सिर्फ ये कैंडल देखकर पता चल जाता है कि शेयर के साथ आगे क्या होगा? इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैंडलस्टिक चार्ट से क्या प्रभाव पड़ता है और इससे खरीदार और विक्रेता पर क्या असर होता है।

## क्या है कैंडलस्टिक चार्ट

स्टॉक मार्केट में कैंडलस्टिक चार्ट उस समयावधि में किसी शेयर या एसेट के ओपनिंग, क्लोजिंग, हाई और लो प्राइस को दिखाता है। हर 'कैंडल' एक समय की कहानी कहती है। हरे या सफेद कैंडल का मतलब है कि कीमत बढ़ी, जबकि लाल या काले कैंडल का मतलब कीमत गिरी। कैंडल का मोटा हिस्सा बॉडी कहलाता है, जो ओपनिंग और क्लोजिंग प्राइस का फर्क बताता है, जबकि पतली लाइनें (विक्स/शैडो) दिन के हाई और लो प्राइस को दिखाती हैं।

## कैंडल का इतिहास और विज्ञान

कैंडलस्टिक चार्ट की शुरुआत 18वीं सदी में जापान में हुई थी। वहां चावल व्यापारी इसे इस्तेमाल कर मार्केट का मूड समझते थे। दरअसल, कैंडल का विज्ञान मांग और आपूर्ति की मनोविज्ञान पर आधारित है। खरीदार (बुल्स) और विक्रेता (बेयर्स) की खींचतान चार्ट पर पैटर्न के रूप में दिखती है। यही पैटर्न बार-बार दोहराने पर एक तरह का संकेत बनाते हैं, जो आने वाले रुझान (ट्रेंड) का अंदाजा देने में मदद करता है।

## आम कैंडलस्टिक पैटर्न्स

कैंडल पैटर्न कई तरह के होते हैं, लेकिन कुछ खास पैटर्न सबसे ज्यादा उपयोगी माने जाते हैं। इनमें हैमर - डाउनट्रेंड के बाद बनता है और बताता है कि अब मार्केट ऊपर जा सकता है। वहीं, हैंगिंग मैन अपट्रेंड के टॉप पर बनता है और बेचने का संकेत देता है। इसके अलावा शूटिंग स्टार ऊपर जाते हुए मार्केट में बनता है और गिरावट का अलर्ट देता है। बेयरिश एंगल्फिंग छोटी हरी कैंडल को बड़ी लाल कैंडल ढक लेती है, इसका मतलब है कि बिकवाली हावी है। वहीं, राइजिंग/फॉलिंग थ्री यह पैटर्न बताता है कि चल रहा ट्रेंड और कुछ समय जारी रहेगा।

## कैंडल सच में भविष्य बता सकती है?

कई रिसर्च और ट्रेडिंग स्टडीज में पाया गया है कि कैंडलस्टिक पैटर्न्स की सटीकता 100% सही तो नहीं, लेकिन कुछ हद तक सही हो सकती है। यानी यह निश्चित भविष्यवाणी नहीं करते, लेकिन प्रॉबेबिलिटी (संभावना) दिखाते हैं। हालांकि, यह तब ज्यादा असरदार होते हैं जब मार्केट ट्रेंडिंग या वोलेटाइल हो।

## मार्केट कॉन्टेक्स्ट की अहमियत

कैंडल अकेले ही भविष्यवाणी का पूरा आधार नहीं हो सकता। अगर मार्केट साइडवेज़ या बहुत शांत है, तो पैटर्न्स गलत सिग्नल भी दे सकते हैं। इसलिए प्रोफेशनल ट्रेडर्स कैंडल्स को वॉल्यूम, मूविंग एवरेज, सपोर्ट-रेसिस्टेंस लेवल और अन्य टेक्निकल इंडिकेटर्स के साथ मिलाकर देखते हैं। इससे गलतियों का खतरा कम होता है।

## सीमाएं और सावधानियां

कैंडलस्टिक एनालिसिस के बावजूद कुछ सीमाएं हमेशा रहेंगी। जैसे- यह सिर्फ संभावनाएं बताता है, गारंटी नहीं देता। मैक्रो फैक्टर्स, कंपनी न्यूज और ग्लोबल घटनाएं कभी भी पैटर्न्स को तोड़ सकती हैं। यह ज्यादा शॉर्ट-टर्म फोकस्ड है, लॉन्ग-टर्म निवेशक के लिए उतना उपयोगी नहीं। मशीन लर्निंग मॉडल ओवरफिटिंग का शिकार हो सकते हैं, यानी गलत सिग्नल भी दे सकते हैं।

# लार्ज एंड मिडकैप फंड्स भी बना सकते हैं आर्थिक रूप से चैंपियन

लार्ज एंड मिडकैप फंड्स भी बना सकते हैं आर्थिक रूप से चैंपियन

एसबीआई, निप्पोन, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी की स्कीम्स में कड़ा मुकाबला

20 साल के रिटर्न में एसबीआई एमएफ नंबर वन निप्पॉन, एचडीएफसी व टाटा के फंड भी टॉप 5 में

बिजनेस डेस्क

लार्ज एंड मिड कैप फंड्स कैटेगरी में 25 साल से भी पुरानी स्कीम्स के बीच ऊंचा रिटर्न देने के मामले में कड़ा मुकाबला रहा है। कैटेगरी की सबसे पुरानी स्कीम्स की इस होड़ में एसबीआई, निप्पॉन इंडिया, टाटा, आईसीआईसीआई प्रू और एचडीएफसी म्यूचुअल फंड जैसे दिग्गज फंड हाउस की स्कीमें शामिल हैं, जो निवेशकों को ऊंचा रिटर्न देती रही हैं। 20 साल के रिटर्न में एसबीआई म्यूचुअल फंड की स्कीम सबसे आगे है, तो 30 साल के रिटर्न में निप्पॉन इंडिया की स्कीम ने कमाल दिखाया है। दरअसल, इस कैटेगरी की सबसे पुरानी टॉप 5 स्कीम्स को लॉन्च हुए 27 साल से लेकर 32 साल तक हो चुके हैं। इनमें सबसे पुरानी स्कीम टाटा लार्ज एंड मिड कैप फंड है, जिसे लॉन्च हुए 32 साल से भी ज्यादा हो चुके हैं। इस फंड ने इस दौरान 1 लाख रुपये के निवेश को 1.3 करोड़ रुपये में तब्दील करके दिखाया है। वहीं, निप्पॉन इंडिया विजन लार्ज एंड मिड कैप फंड ने करीब 30 साल में निवेशकों के 1 लाख रुपये को 1.45 करोड़ रुपये में बदलकर लॉन्च से अब तक सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है। इनके अलावा एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड और टाटा म्यूचुअल फंड की स्कीम्स भी बेस्ट 5 में शामिल हैं।

**5 सबसे पुराने लार्ज एंड मिड कैप फंड्स का ट्रैक रिकॉर्ड :** सबसे पुराने लार्ज एंड मिड कैप फंड्स के लॉन्च से अब तक के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ ही हमने टॉप 5 स्कीम के पिछले 20 साल के रिटर्न के आंकड़े भी दिए हैं और इन्हें इसी हिसाब से अरेंज भी किया है, ताकि इनकी आपस में तुलना करना आसान हो जाए। 20 साल के इन आंकड़ों में एसबीआई म्यूचुअल फंड का लार्ज एंड मिड कैप फंड सबसे आगे है, जिसने इतने समय में निवेशकों की दौलत को 20 गुना कर दिया है।



### एसबीआई लार्ज एंड मिड कैप फंड - रेगुलर प्लान

- फंड उम्र : 32 साल से ज्यादा
- लॉन्च की तारीख : 28 फरवरी 1993, एक्सपेंस रेशियो (रेगुलर प्लान) : 1.58%
- लॉन्च से 31 जुलाई 2025 तक सालाना रिटर्न (सीएजीआर): 14.98%
- लॉन्च के वक्त 1 लाख रुपये के निवेश की मौजूदा फंड वैल्यू : 92,73,050 (92.73 लाख)
- पिछले 20 साल का एवरेज सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 16.35%
- 1 लाख रुपये के निवेश की 20 साल में फंड वैल्यू : 20,66,939.44 (20.67 लाख)
- एसेट अंडर मैनेजमेंट : 33,361.81 करोड़ रुपये (31 जुलाई 2025 को)

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिड कैप फंड-रेगुलर प्लान

- फंड की उम्र : 27 साल से ज्यादा
- लॉन्च की तारीख : 9 जुलाई 1998, एक्सपेंस रेशियो (रेगुलर प्लान) : 1.65%
- लॉन्च से 31 जुलाई 2025 तक सालाना रिटर्न (सीएजीआर): 18.46%
- लॉन्च के वक्त 1 लाख रुपये के निवेश की मौजूदा फंड वैल्यू : 98,25,500 रुपये
- पिछले 20 साल का एवरेज सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 15.63%
- 1 लाख रुपये के निवेश की 20 साल में फंड वैल्यू : 18,25,620.54 (18.26 लाख) रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 23,137.39 करोड़ रुपये (31 जुलाई 2025 को)

### टाटा लार्ज एंड मिड कैप फंड - रेगुलर प्लान

- फंड की उम्र : 32 साल से ज्यादा
- लॉन्च की तारीख : 25 फरवरी 1993, एक्सपेंस रेशियो (रेगुलर प्लान) : 1.74%
- लॉन्च से 31 जुलाई 2025 तक सालाना रिटर्न (सीएजीआर): 16.42%
- लॉन्च के वक्त 1 लाख रुपये के निवेश की मौजूदा फंड वैल्यू : 1,29,68,299.69 (1.3 करोड़)
- पिछले 20 साल का एवरेज सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 14.25%
- 1 लाख रुपये के निवेश की 20 साल में फंड वैल्यू : 14,35,899.93 (14.36 लाख) रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 8773 करोड़ रुपये (31 जुलाई 2025 को)

### निप्पॉन इंडिया विजन लार्ज एंड मिड कैप फंड - रेगुलर प्लान

- फंड की उम्र : करीब 30 साल
- लॉन्च की तारीख : 8 अक्टूबर 1995, एक्सपेंस रेशियो (रेगुलर प्लान) : 1.92%
- लॉन्च से 31 जुलाई 2025 तक सालाना रिटर्न (सीएजीआर): 18.16%
- लॉन्च के वक्त 1 लाख रुपये के निवेश की मौजूदा फंड वैल्यू : 1,45,20,120 (1.45 करोड़)
- पिछले 20 साल का एवरेज सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 14.13%
- 1 लाख रुपये के निवेश की 20 साल में फंड वैल्यू : 14,06,035.69 (14.06 लाख)
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 6,173.85 करोड़ रुपये (31 जुलाई 2025 को)

### लार्ज एंड मिड कैप फंड क्यों खास

लार्जकैप एंड मिडकैप म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में लार्ज कैप कंपनियों के साथ ही साथ मिडकैप कंपनियों के स्टॉक्स भी शामिल होते हैं। सेबी के नियमों के तहत इनमें कम से कम 35% स्टॉक्स लार्ज कैप कंपनियों के और इतने ही शेयर मिड कैप कंपनियों के होने चाहिए। लार्जकैप स्टॉक्स में बाजार के उतार चढ़ाव के दौरान ज्यादा स्टेबल रिटर्न देने की क्षमता होती है। इन्हें मिड कैप और स्मॉल कैप के मुकाबले कम रिस्की माना जाता है। वहीं, मिडकैप स्टॉक्स बाजार की रैली में हाई रिटर्न दे सकते हैं। लार्ज एंड मिडकैप फंड के पोर्टफोलियों में शामिल स्टॉक्स मार्केट कैप के लिहाज से बाजार की टॉप 250 कंपनियों में से चुने जाते हैं। इनमें टॉप 100 कंपनियां लार्जकैप में आती हैं, जबकि अगली 150 कंपनियां मिडकैप में आती हैं। अपनी खास निवेश रणनीति के कारण लार्जकैप एंड मिडकैप फंड, एक ही स्कीम में दोनों तरह के स्टॉक्स में निवेश का फायदा देने की क्षमता रखते हैं।

### कौन कर सकता है इनमें निवेश

जो निवेशक इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में पैसे लगाकर हाई रिटर्न पाना चाहते हैं, उनके लिए लार्ज एंड मिड कैप कैटेगरी की ये पुरानी और आजमाई हुई स्कीम्स अच्छा ऑप्शन हो सकती हैं, लेकिन निवेश के बारे में फैसला करने से पहले इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि इक्विटी म्यूचुअल फंड के साथ मार्केट रिस्क जुड़ा रहता है और पिछले रिटर्न के भविष्य में जारी रहने की गारंटी नहीं होती। इसलिए अपनी रिस्क उठाने की क्षमता को समझने के बाद ही फैसला करना चाहिए।

# पैसा कमाने के लिए खास हैं 444 दिन, एसबीआई समेत कई बैंक दे रहे एफडी पर जबरदस्त ब्याज

अगर आप एफडी में निवेश पर अच्छा रिटर्न तलाश कर रहे हैं तो बैंकों की 444 दिन की स्पेशल स्कीम बेहतर ऑप्शन हो सकती हैं। कई बैंक यह स्कीम दे रहे हैं।

अगर आप भी सुरक्षित निवेश करना चाहते हैं तो बैंक एफडी आपके लिए बेहतर ऑप्शन है। इसमें ब्याज भले की कम मिले, लेकिन आपकी पैसा सुरक्षित रहता है। रेपो रेट में कमी होने के बाद भी कई बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर जबरदस्त रिटर्न दे रहे हैं। वहीं बैंक कुछ खास समय के लिए भी एफडी स्कीम लेकर आए हैं। इनमें 444 दिन की स्पेशल एफडी भी शामिल है। एसबीआई, केनरा और इंडियन बैंक समेत कई बैंक 444 दिन की स्पेशल एफडी पर आम नागरिकों, सीनियर सिटीजन और सुपर सीनियर सिटीजन को अच्छा ब्याज दे रहे हैं।

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

एसबीआई की 444 दिन की स्पेशल एफडी का नाम 'अमृत वृष्टि' है। यह बैंक आम लोगों को 6.60% ब्याज दे रहा है। सीनियर सिटीजन को 7.10% और सुपर सीनियर सिटीजन को 7.20% ब्याज मिलेगा। अगर आप एसबीआई की अमृत वृष्टि एफडी में 1 लाख रुपये लगाते हैं, तो आपको करीब 1,08,288 रुपये मिलेंगे। इसमें ब्याज के रूप में 8,288 रुपये मिलेंगे।



### इंडियन बैंक

इंडियन बैंक अपनी 444 दिन की स्पेशल एफडी स्कीम (इंड सिक्योर प्रोडक्ट) पर आम नागरिकों को 6.70% ब्याज दे रहा है। सीनियर सिटीजन को 7.20% और सुपर सीनियर सिटीजन को 7.45% ब्याज मिलेगा। इंड सिक्योर प्रोडक्ट एफडी में 1 लाख रुपये लगाने पर आपको लगभग 1,08,418.26 रुपये मिलेंगे। इसमें ब्याज के रूप में 8,418.26 रुपये मिलेंगे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा

बैंक ऑफ बड़ौदा की बीओबी स्क्वायर ड्राइव डिपॉजिट स्कीम (444 दिन) में 6.60% ब्याज मिल रहा है। सीनियर सिटीजन को 7.10% और सुपर सीनियर सिटीजन को 7.20% ब्याज मिलेगा। आप बीओबी स्क्वायर ड्राइव डिपॉजिट स्कीम में 1 लाख लगाते हैं, तो लगभग 1,08,288.61 मिलेंगे। ब्याज के 8,288.61 मिलेंगे।

### आईडीबीआई बैंक

आईडीबीआई बैंक 444 दिन की उत्सव एफडी स्पेशल डिपॉजिट स्कीम पर आम नागरिकों को 6.70% ब्याज व सीनियर सिटीजन को 7.20% व सुपर सीनियर सिटीजन को 7.35% ब्याज दे रहा है। यह दरें 30 सितंबर, 2025 तक ही लागू हैं। उत्सव एफडी में 1 लाख लगाने पर 1,08,418.26 मिलेंगे। ब्याज 8,418.26 होगा।

### केनरा बैंक

केनरा बैंक 444 दिन की एफडी पर आम नागरिकों को 6.50% ब्याज दे रहा है। सीनियर सिटीजन को 7% ब्याज मिलेगा। एफडी में 1 लाख लगाने पर 1,08,159.08 रुपये मिलेंगे।

## एनपीएस के 7 इक्विटी प्लान्स 5 साल या उससे ज्यादा पुराने

सभी स्कीम्स ने एसआईपी पर निवेशकों को मोटा मुनाफा कराया

# एनपीएस के कुछ खास इक्विटी प्लान ने 5 साल में 20% तक दिया एनुअल रिटर्न, पांच साल में लंपसम और एसआईपी दोनों पर ही अच्छा रिटर्न दिया

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) की टियर 1 स्कीम में निवेश करने वालों के पैसे जिन इक्विटी प्लान्स में लगाए जाते हैं, उनमें से 7 को शुरू हुए 5 साल या उससे ज्यादा समय हो चुका है। इन सभी इक्विटी प्लान्स ने पिछले 5 साल में अपने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिए हैं। इनमें से टॉप 5 फंड्स का 5 साल का एनुअल रिटर्न करीब 19 फीसदी से 20 फीसदी तक रहा है। इस हिसाब से 1 लाख रुपये के एकमुश्त निवेश की मौजूदा फंड वैल्यू करीब 2.5 लाख रुपये तक होगी। 5 साल पूरे करने वाले बाकी 2 इक्विटी फंड्स का प्रदर्शन भी आकर्षक है। एनपीएस सरकार द्वारा प्रमोट की गई एक बाजार आधारित पेंशन स्कीम है, जिसका मकसद निवेशकों को रिटायरमेंट के बाद रेगुलर इनकम और आर्थिक सुरक्षा मुहैया कराना है। 5 साल पूरा करने वाले एनपीएस के सभी इक्विटी प्लान्स ने सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये निवेश करने वालों को भी मिनिमम 13.52% से लेकर मैक्सिमम 16.53% तक एन्युलाइज्ड रिटर्न दिए हैं। जिन्हें काफी आकर्षक कहा जा सकता है। इनमें हर महीने 5000 रुपये एसआईपी करने वाले निवेशकों की मौजूदा फंड वैल्यू 4.20 लाख रुपये से लेकर 4.5 लाख रुपये तक रही है. जबकि 5 साल में उनका कुल एसआईपी इनवेस्टमेंट 3 लाख रुपये रहा होगा।



### यूटीआई पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 20.07%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 16.37 %
- 5000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 450,425 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 4677 करोड़

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 19.90%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 15.93 %
- 5000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 445,620 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 21,864 करोड़ रुपये

### कोटक पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 19.89%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 16.53 %
- 5000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 452,340 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 3220 करोड़ रुपये

### एलआईसी पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 19.40%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 15.06%
- 5,000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 436,310 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 6,830 करोड़ रुपये

## टॉप 5 फंड्स का 5 साल का एनुअल रिटर्न 19 से 20% तक रहा

### एचडीएफसी पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 18.97%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 15.16 %
- 5000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 437,310 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 60,643 करोड़ रुपये

### आदित्य बिरला सन लाइफ पेंशन स्कीम

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 17.75%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 14.31%
- 5000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 428,355 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 1790 करोड़

### एसबीआई पेंशन फंड

- लंपसम इनवेस्टमेंट पर 5 साल का एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) : 17.58%
- मंथली एसआईपी पर पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 13.52%
- 5,000 रुपये मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 420,080 रुपये
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 23,352 करोड़

### एनपीएस के बारे में जरूरी जानकारी

एनपीएस एक मार्केट-लिंक्ड स्कीम है। इसमें पेंशन की रकम निवेशक द्वारा किए गए इनवेस्टमेंट और उस पर मिलने वाले बाजार आधारित रिटर्न पर निर्भर करती है। एनपीएस के टियर 1 में एक साल के दौरान 2 लाख रुपये तक के निवेश पर इनकम टैक्स में छूट भी मिलती है। निवेशकों को रिटायरमेंट के समय अपने कॉर्पस में जमा 60% रकम को एकमुश्त निकालने का ऑप्शन मिलता है। यह रकम टैक्स-फ्री होती है। बाकी 40% फंड को एन्युइटी खरीदने में निवेश करना होता है, जिससे पेंशन मिलती है। एनपीएस में लगाए गए पैसों को फंड को इक्विटी, सरकारी बॉन्ड और कॉर्पोरेट बॉन्ड में निवेश किया जाता है। किस एसेट क्लास में कितना निवेश करना है, इसका फैसला निवेशकों की उम्र पर आधारित फॉर्मूले के हिसाब से किया जाता है।

### मार्केट आधारित स्कीम में रिटर्न की गारंटी नहीं

एनपीएस में निवेश किए गए पैसों पर बाजार की चाल के हिसाब से लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न मिल सकता है, लेकिन मार्केट परफॉर्मेंस अच्छा न रहने पर कमजोर रिटर्न या गिरावट होने पर नुकसान की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। खास तौर पर स्कीम के इक्विटी प्लान के रिटर्न तो पूरी तरह शेयर बाजार से जुड़े होते हैं। इसलिए इनका पिछला रिटर्न आगे भी जारी रहेगा, इसकी गारंटी नहीं होती। हालांकि एनपीएस में इक्विटी और डेट में संतुलित ढंग से निवेश करके रिस्क और रिटर्न के बीच बैलेंस बनाने की कोशिश रहती है। इसलिए लॉन्ग टर्म निवेश को आमतौर पर भरोसेमंद माना जाता है। फिर भी इसमें निवेश से जुड़ा फैसला करने से पहले ये समझना जरूरी है कि एनपीएस कोई गारंटीड इनकम प्लान नहीं है।



# डाक विभाग अब बेचेगा म्यूचुअल फंड

## लोग पोस्ट ऑफिस के जरिए कर सकेंगे निवेश, ग्रामीण क्षेत्रों को होगा बड़ा फायदा

तैयारी

बिजनेस डेस्क

भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी पहल की जा रही है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) इंडिया पोस्ट के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसका लक्ष्य है कि लगभग एक लाख पोस्टमैन को म्यूचुअल फंड वितरक के रूप में प्रशिक्षित किया जाए। इससे निवेशकों की संख्या को दोगुना करने में मदद मिलेगी। वहीं, दूसरी ओर डाक विभाग और एएमएफआई ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब पोस्ट ऑफिस के जरिए म्यूचुअल फंड भी बेचे जाएंगे। इससे ज़्यादा से ज्यादा लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंच सकेंगी। इसके लिए डाक विभाग और एएमएफआई के बीच एक समझौता हुआ है। यह समझौता 22 अगस्त 2025 से शुरू होकर 21 अगस्त 2028 तक तीन साल के लिए है। इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। इस समझौते के बाद, इंडिया पोस्ट म्यूचुअल फंड में निवेश करने में लोगों की मदद करेगा। खासकर, इसका फायदा गांवों और छोटे शहरों में रहने वाले लोगों को मिलेगा।

**म्यूचुअल फंड में निवेश का फायदा अब गांव में भी मिलेगा**

इसके लिए एक लाख पोस्टमैन को ट्रेनिंग दी जाएगी

### क्या है समझौते का मकसद?

संचार मंत्रालय के अनुसार, इस पहल का मकसद म्यूचुअल फंड को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है। पोस्ट ऑफिस पर लोगों का भरोसा है और इसकी पहुंच भी देश के कोने-कोने तक है। इस समझौते के तहत, डाक विभाग के कर्मचारी म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर काम करेंगे। इससे छोटे शहरों और गांवों में म्यूचुअल फंड की जानकारी ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी। इन इलाकों में अभी तक लोगों को वित्तीय उत्पादों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

### पहले 4 राज्यों में दी जाएगी ट्रेनिंग

एएमएफआई के मुख्य कार्यकारी वेंकट एन चलासानी ने बताया कि उन्होंने चार राज्यों को चुना है। ये राज्य हैं बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और मेघालय। इन राज्यों में कॉलेज के छात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी। एएमएफआई का लक्ष्य है कि पहले साल में इन चार राज्यों में लगभग 20,000 नए म्यूचुअल फंड वितरक तैयार किए जाएं।

### एसआईपी के माध्यम से बढ़ी संख्या

हर साल लगभग 30,000 नए वितरक म्यूचुअल फंड उद्योग में शामिल होते हैं। लेकिन, शुद्ध रूप से लगभग 10,000 ही टिक पाते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के आने से नए म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या में वृद्धि हुई है। खासकर SIP (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के माध्यम से निवेश करने वालों की संख्या बढ़ी है। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में म्यूचुअल फंड की पहुंच बढ़ाने के लिए नए वितरक बहुत महत्वपूर्ण हैं।

### गांव-गांव पहुंचेगी सुविधा

पोस्ट ऑफिस के जरिए म्यूचुअल फंड बेचने से गांवों और छोटे शहरों के लोगों को निवेश करने का एक नया मौका मिलेगा। उन्हें अब म्यूचुअल फंड खरीदने के लिए शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। पोस्ट ऑफिस में जाकर वे आसानी से निवेश कर सकते हैं।

### पोस्ट ऑफिस के जरिए म्यूचुअल फंड के लाभ

- **ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच:** पोस्ट ऑफिस की व्यापक पहुंच के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग अब आसानी से म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकेंगे।
- **वित्तीय साक्षरता:** पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी म्यूचुअल फंड के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे और निवेश प्रक्रिया में मदद करेंगे, जिससे वित्तीय साक्षरता बढ़ेगी।
- **निवेश के अवसर:** पोस्ट ऑफिस के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करने से लोगों को अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के नए अवसर मिलेंगे।

### तीन साल का समझौता

- डाक विभाग और एएमएफआई के बीच तीन साल का समझौता हुआ है, जिसके तहत एक लाख पोस्टमैन को म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों को म्यूचुअल फंड के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा और वे निवेशकों को समर्थन प्रदान करेंगे। इस पहल से गांवों और छोटे शहरों में म्यूचुअल फंड की पहुंच बढ़ने की संभावना है, जिससे लोगों को अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## गणेश जी को अर्पित 56 भोग



जबलपुर। गोहलपुर अमखेरा रोड मालगुजार परिसर नर्मदा नगर 3 नं. गली में विराजमान भगवान गणेश को अर्पित किए गए 56 भोग



श्री बाल गणेश दुर्गा उत्सव समिति, छाया निवास परिवार, फूटाताल



श्री राम वाटिका गणेश उत्सव समिति लमती विजयनगर







रॉयल सरकार गणेश उत्सव समिति सुहागी।

# गणेश उत्सव समापन की पूर्व संध्या पर उमड़ा जनसैलाब

## अनंत चौदस पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस आज

**जबलपुर।** गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे आज शहर में चारों ओर सुनाई देंगे। अनंत चौदस पर आज गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। पर्व समापन की पूर्व संध्या पर शाम ढलते ही जनसैलाब सडको पर गणपति के दर्शन करने निकला। एक दिन पहले तेज बारिश होने से लोग घूम नहीं पाए थे। कल समापन की पूर्व संध्या पर मौसम साफ होने पर जल्दी ही चहल पहल शुरु हो गई थी जो भोर होने तक बनी रही। जगह-जगह हवन पूजन भंडारे के आयोजन किए गए। सुबह से शुरु हुए भंडारे देर रात तक चलते रहे। गणपति विसर्जन का मुख्य जुलूस परंपरा अनुसार आज शाम 6 बजे नगर निगम चौराहे से प्रारम्भ होकर परम्परागत मार्गों से होते हुये हनुमानताल पहुंचेगा। वहीं उपनगरीय क्षेत्र रांझी, गढ़ा सदर, और अधारताल से भी जूलस निकाले जायेंगे। इन चल समारोह के लिए शहर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जुलूस मार्ग और विसर्जन स्थलों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस अधिकारियों और जवानों की डयूटी लगाई गई हैं। गणपति पंडालों में पर्व समापन की पूर्व संध्या से ही भारी भीड़ देखने को मिली। भगवान गणेश के दर्शन करने श्रद्धालु कल बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे। पिछले 10 दिनों से ही शहर में रखी सैकड़ों प्रतिमाओं में पूजन अर्चन का दौर चलता रहा। कहीं भजन कीर्तन तो कही रात्रि जागरण का आयोजन पंडालों में किया गया। हर वर्ष गणेश विसर्जन के पूर्व पंचके लगने के कारण कई पंडालों में हवन पूजन दो दिन पहले ही हो जाता है और मूर्ति का पटा विसर्जन (प्रतिमा को खिसका कर) कर दिया जाता है। जुलूस विसर्जन अनंत चौदस के दिन होता है। बहुत सारी प्रतिमाएं मंगलवार और बुधवार को विसर्जित की जाएंगी। हमेशा की तरह इस बार भी शहर में कई आकर्षक प्रतिमाएं रखी गई है। वहीं झांकियों की भव्य साज सज्जा समितियों द्वारा की गई है। गणेश उत्सव का मुख्य चल समारोह शनिवार को नगर निगम चौराहे से प्रारंभ होगा। इसके बाद ये चल समारोह मालवीय चौक, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, कमानिया, सराफा, कोतवाली, मिलौनीगंज और घोड़ा नक्कास से होते हुए हनुमानताल पहुंचेगा। वहीं उपनरीय क्षेत्रों में रांझी में बड़ा पत्थर से चल समारोह प्रारंभ होगा जो दर्शन तिराहा, व्हीकल मोड़ से होता हुआ गोकलपुर तालाब पहुंचेगा। वहीं अधारताल में चल समारोह कंचनपुर से अधारताल तालाब पहुंचेगा। केन्ट क्षेत्र में काली मंदिर से प्रारंभ होकर टीआई क्रासिंग, गणेश चौक गली नंबर होते हुए वापस काली मंदिर गुरूद्वारा तक चल समारोह निकाला जाएगा।

# सुदृढ एवं समर्थ समाज के निर्माण में शिक्षक का अविस्मरणीय योगदान

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा किया गया 61 शिक्षको का अभिनंदन



जबलपुर। समाज की युवा पीढी को शिक्षित और संस्कारवान बनाकर सुदृढ एवं समर्थ समाज के निर्माण में शिक्षक का योगदान अविस्मरणीय रहता है। एक शिक्षक ही है जो जीविका उपार्जन के साथ-साथ समाज को दिशा देने की सामथ्र्य रखता है। नौनिहालों को शिक्षित संस्कारित चरित्रवान, बनाते हुये राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देता है। आज हम सभी कायस्थ समाज के उन गुरूजनों का अभिनंदन कर रहे हैं जिन्होने समाज के उत्थान हेतु शिक्षा कार्य का अपनाकर समाज और राष्ट्र का सर्वागीण विकास करते हुये परम वैभव की ओर ले जाने के लिये संकल्पित है। उक्त आशय के उद्गार अतिथि वक्ताओं ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह में व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष और समाजसेवी संदीप जैन गुड्डा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एपीएन ग्रुप आफ एजुकेशनल इंस्टीट्यशन्स के चेयरमेन चमन श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग डा0 धर्मेन्द्र खरे, समाजसेवी नीरज वर्मा एवं अजीत श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त की सामूहिक आरती एवं पूजन अर्चन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, विवेक खरे, डा0 रेनू श्रीवास्तव,शिखा श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, आदि ने किया। तत्पश्चात समाज के 61 शिक्षको का अभिनदंन किया गया। जिन्हें शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नवनीत श्रीवास्तव द्वारा व आभार प्रदर्शन एड. भानू श्रीवास्तव.द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, महिला प्रदेश अध्यक्ष डा0 रेनू श्रीवास्तव, विवेक खरे, मयंक श्रीवास्तव, भानू श्रीवास्तव, प्रतुल श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, नीलेश भटनागर, बच्चन श्रीवास्तव, सुदेश वर्मा, नीना श्रीवास्तव,एड. भावना निगम, शिखा श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, एड. अक्षांश श्रीवास्तव, शिखा भटनागर, अरूण श्रीवास्तव, स्वपनिल श्रीवास्तव, कपिल खरे, आशीष श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव, शालिनी निगम, पलाश श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव, डा0 मीता दरबारी, शुभा खरे, नंदनी श्रीवास्तव, विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव, विनीत खरे, डा. शोभित वर्मा, नेहा वर्मा, डा. सोनल खरे, निक्की श्रीवास्तव, अजय रायजादा, विजय खरे, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, हिमांशु खरे, आदि की उपस्थित उल्लेखनीय रही।



## गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ ने प्रदान किया वरिष्ठ शिक्षक सम्मान व 60 छात्रवृत्तियां

**जबलपुर।** गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ मप्र का शिक्षक सम्मान व छात्रवृत्ति वितरण समारोह एडवोकेट उत्तम चंद गुप्ता विलैया , गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ उपाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य, दया शंकर कनकने, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ के विशिष्ट आतिथ्य एवं इं कमलकांत गुप्ता बहरे, अध्यक्ष गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ मप्र जबलपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिक्षक दिवस के अवसर वरिष्ठतम गहोई शिक्षक का सम्मान गोविन्द प्रसाद कनकने प्रदान किया गया। 60 छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की गई। वही, समारोह में स्व-रोजगार योजना अंतर्गत जरुरत मंद महिला को एक पायदान सिलाई मशीन भी वितरित की गई। समारोह में स्थानीय नागरिकगण व वरिष्ठ संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# फेडरल बैंक में रात में उठा धुआं, बजा सायरन!

## बैंकों की सुरक्षा पर पुलिस की पैनी नज़र, खितौला डकैती के बाद कप्तान ने कसी लगाम

**हरिभूमि, जबलपुर।** मदन महल थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड चौकी के पास स्थित फेडरल बैंक में शुक्रवार रात लगभग 11 बजे अचानक धुआं उठने लगा। देर रात बैंक से उठता धुआं देखकर राहगीरों के साथ आसपास के लोग घबरा गए। इसी दौरान पास ही रहने वाले बिल्डिंग संचालक डॉक्टर अश्विनी त्रिवेदी अपने बेटे संग टहल रहे थे। जैसे ही उनकी नजर बैंक से उठते धुएँ पर पड़ी, उन्होंने बिना देर किए चौकी प्रभारी जगन्नाथ यादव को फोन पर सूचना दी।

विशेष खबर

### गणेश पूजन के दौरान जलाई अगरबत्ती

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी यादव अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और तुरंत बैंक अधिकारियों को बुलवाया। अधिकारियों की मौजूदगी में बैंक का ताला खुलवाया गया। अंदर से धुआं निकलता देखकर सभी सन्न रह गए, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। बैंक प्रबंधक उत्तम सिंह ने बताया कि गणेश पूजन के दौरान जलाई गई अगरबत्ती से यह धुआं उठा था, जिससे घबराहट की स्थिति बनी।

### चौकी प्रभारी ने दिखाई सक्रियता

दरअसल हाल ही में खितौला स्थित बैंक में हुई बड़ी डकैती के बाद पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने जिलेभर की पुलिस को बैंकों की सुरक्षा को लेकर खासतौर पर चौकस रहने के निर्देश दिए थे। इसी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का नतीजा रहा कि फेडरल बैंक से उठते धुएं की खबर मिलते ही चौकी प्रभारी यादव मौके पर पहुंचे और स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाया।

### कप्तान का फरमान कारगर हुआ साबित

इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर साबित किया कि जबलपुर पुलिस बैंकों की सुरक्षा को लेकर कितनी गंभीर और तत्पर है। अगरबत्ती से उठा मामूली धुआं भले ही बड़ी घटना में नहीं बदला, लेकिन पुलिस की सक्रियता ने यह भरोसा दिलाया कि शहर की बैंकिंग सुरक्षा अब मजबूत हाथों में है।

## शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट ईएलसी शिक्षकों का हुआ सम्मान

**75 से अधिक प्राचार्य, नोडल अधिकारी एवं शिक्षाविद हुए सम्मानित**

**जबलपुर।** शिक्षक केवल अध्यापक ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की आत्मा होते हैं।" इसी भावना को साकार करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय की स्वीप शाखा द्वारा शासकीय प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में आज शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट ईएलसी शिक्षक सम्मान समारोह-2025 का उत्साह और गरिमा के साथ आयोजन किया गया। समारोह में जिले भर से चयनित 75 से अधिक उत्कृष्ट प्राचार्यों, नोडल अधिकारियों एवं शिक्षाविदों को निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप अभिषेक गहलोत थे। इस अवसर पर गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज की आत्मा और लोकतांत्रिक मूल्यों के संवाहक हैं। निर्वाचन साक्षरता क्लब जैसी गतिविधियाँ तभी सफल होती हैं जब शिक्षक समाज इसके प्रति सजग और सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा कि जबलपुर जिले के प्राचार्यों और नोडल अधिकारियों ने निर्वाचन साक्षरता के क्षेत्र में जिस प्रकार की उत्कृष्ट पहल की है, वह अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय है। यह सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि समूचे शिक्षा जगत का सम्मान है। समारोह की अध्यक्षता करते हुये प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान की उप संचालक मती शकुंतला वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक दिवस हमें अपने शिक्षकों की त्याग और तपस्या का स्मरण करने तथा उनसे प्रेरणा लेकर समाज को नई दिशा देने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद वास्तव द्वारा किया गया।





## गणेश विसर्जन चल समारोह आज

सिहोरा। नगर में आज अंनत चतुर्वेदी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन चल समारोह निकलने के साथ ही पयूर्षण पर्व के समापन पर सकल जैन समाज द्वारा श्रीजी की विमान यात्रा भी निकाली जायेगी जिसको देखते हुए पुलिस,प्रशासन एंव नगर पालिका द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। शनिवार को दिनभर गणेश भक्तों द्वारा हवन पूजन कन्या भोजन भंडारे के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### कनाडी नदी एवं मंझगवा घाट में होगा विसर्जन

सिहोरा खितौला में स्थापित दर्जनों छोटी बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन चल समारोह आज रविवार को निकलने के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व का भी विधिवत समापन हो जायेगा वैसे तो घर घर में विराजे विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा को भक्तगणों द्वारा अपने वाहनों से ले जाकर सुबह से ही विसर्जन करने का क्रम शुरु कर दिया जाता है लेकिन बड़ी सार्वजनिक प्रतिमाओं का समिति सदस्य चल समारोह निकालते हैं जो पुराना बस स्टैंड से होकर कटरा मोहल्ला,झंडा बाजार,काल भैरव चौक,मैना कुंआ, बाबाताल से खितौला होकर हिरन नदी मझंगवा घाट में विसर्जन होगा जिसकी पुलिस प्रशासन नगर पालिका ने सारी तैयारियां पूर्ण कर ली है। इस बार वाहृनाला में प्रतिमा विसर्जन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

### श्रीजी की विमान यात्रा आज

जैन धर्मावलंबियों के दस दिवसीय पयूर्षण पर्व का भी आज समापन होना है। दस दिनों तक जैन समाज द्वारा बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन मंदिर में किया गया। आज शनिवार को दोपहर 1 बजे से श्रीजी की विमान यात्रा पंचायती जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर सरावगी मोहल्ला,झंडा बाजार,आजाद चौक से होकर शुभारंभ स्थल पर संपन्न होगी जहां मंदिर में शाम को आरती सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# अकीदत और मुहब्बत से निकला जुलूस-ए-मुहम्मदी

## मुफ्ती-ए-आजम ने की जुलूस की कयादत

*पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) का योमें विलादत जश्ने ईद मिलाद उन नबी आज जुमा को मुस्लिम धर्मालम्बियों द्वारा अकीदत, मोहब्बत और हर्षोल्लास से मनाया गया! मुफ्ती ए आजम मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी एवं मौलाना ईनामुल हक कादरी ने बज्म-ए-गुलशन-ए-मदीना के संयोजन में निकलने वाले जुलूस-ए-मुहम्मदी की कयादत फरमाई!*





हरिभूमि जबलपुर।

जुलूस ए मुहम्मदी की शुरुआत नया मुहल्ला हुसैन चौक से दोपहर 2:30 बजे हुई! नया मोहल्ला मुहम्मदी गेट पर बज्म-ए-गुलशन-ए-मदीना के अध्यक्ष खालिद मुबीन, हाजी सलीमुद्दीन, बाबा रिजवान, गुड्डू नबी, हाफिज अशफाक, पप्पू वसीम खान , नसीम खान, अब्दुल बाकी खान, हाजी अशफाक, शाहिद मुबीन, जामा खान, मुईन खान, प्यारे साहब, आसिफ एंथोनी, हाजी मुन्ना, तारीख रजा, बंटी खान आदि द्वारा पुष्प वर्षा और गुलाब जल का छिड़काव कर मुफ्ती ए आज़म का स्वागत किया गया इस मौके पर वरिष्ठ राजनीतिक, सामाजिक प्रशासनिक लोग भी जुलूस में शामिल हुए जिनका कमेटी द्वारा स्वागत किया गया ।जिसके उपरांत जुलूस परंपरागत प्रमुख मार्गो से गश्त करते हुए जुलूस अंजुमन पहुंचा! जुलूस में हज़ारों की तादाद में अकीदतमंद शरीक हुए! जुलूस में शामिल नौजवान नारे लगाकर अपनी अकीदत का इजहार कर रहे थे! जुलूस में काफी संख्या में ई रिक्शा भी शामिल थे जिसमें बैठे हुए मासूम बच्चे इस्लामी लिबास पहने और हरे परचम लहराकर अपनी मुहब्बत का इजहार कर रहे थे! जुलूस पथ पर अनेकों कमेटियों द्वारा मुफ्ती ए आज़म व जुलूस का इस्तकबाल किया गया और जुलूस में शामिल जायरीनो के लिए पानी, लंगर के स्टाल लगाए गए रहे। सुबह से ही मुस्लिम बस्तियों में चहल पहल बनी रही! अंजुमन स्कूल में भी 2 बजे से ही लोगों का आना जाना शुरू हो गया था जो मुख्य जुलूस के पहुंचते ही भारी जनसैलाब में तब्दील हो गया था! 4 बजे शहर के अन्य इलाकों बस्तियों के जुलूस अंजुमन आने शुरू हुए मुख्य जुलूस 5 बजे अंजुमन स्कूल पहुंचा जहाँ अंजुमन स्कूल के पदाधिकारियों द्वारा मुफ्ती ए आज़म का और जुलूस का स्वागत किया गया! हालांकि ईद-मिलाद-उन-नबी के मुबारक मौके पर अंजुमन परिसर में जायरीनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. मुख्य गेट से लेकर मैदान तक, हर जगह पानी और कीचड़ फैला होने के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई. इतने बड़े और अहम त्योहार पर, जायरीनों की सुविधा का ध्यान न रखे जाने से उन्हें निराश होना पड़ा। जुलूस के समापन के बाद मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश ने जुलूस में शामिल हज़ारों मुस्लिम धर्मावलंबियों को संबोधित करते हुए सबसे पहले तमाम लोगों को ईद मिलाद उन नबी की मुबारकबाद पेश की जिसके बाद मौलाना साहब ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योमें विलादत जश्ने ईद मिलाद उन नबी मनाया जा रहा है हम खुशनसीब है कि हमें अल्लाह ने हुजूर ( सल्ल.) की उम्मत में पैदा किया है, मगर क्या हम अल्लाह और उसके रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के फरमाबरदार है मौलाना साहब ने कहा कि हमें अल्लाह और रसूल की फरमाबरदारी करना चाहिए। हमें अपने अंदर झाँकना होगा कि हम किस रास्ते पर जा रहे हैं । हमें अपनी इस्लाह करना चाहिए नमाज , रोजा, कुरान का पाबंद होना चाहिए। मौलाना साहब ने हिदायत दी कि अगर इज़्ज़त हासिल करना चाहते हो इज़्ज़त से जिंदगी गुजारना चाहते हो तो सिर्फ आधा घंटा समय निकालकर 1 हज़ार बार दरुद शरीफ जरूर पढे , इंशाअल्लाह फिर हमारे हालात जरूर बदलेंगे। जिस घर में दरुद शरीफ पढ़ा जाता है वो घर बलाओं से बचा रहता है और बरकत कामयाबी हासिल करता है। हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम इस दुनिया में रहमतूं लील आलमीन बनकर आये हैं सारी कायनात के आका और सुल्तान है इसलिए उनकी बारगाह दरूद शरीफ का नज़राना जरूर पेश करे।

तकरीर उपरांत मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआ मांगी गई। बाद नमाज मगरिब बज्म-ए-गुलशन-ए-मदीना द्वारा नया हुसैन चौक में लंगर का भी इंतजाम किया गया जिसमें हज़ारों लोग शरीक हुए ।

मुस्लिम बहुल क्षेत्र सुलेमानी मस्जिद मोतीनाला का कदीमी जुलूस ए मोहम्मदी दोहपर 3 बजे निकाला गया जो मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के प्रमुख मार्गो में गश्त उपरांत वापिस सुलेमानी मस्जिद आया और सीरत ए नबी (सल्ल.) का जलसा का आयोजन किया जिसके उपरान्त सलातो सलाम पेश किया गया और दुआए की गई। इसी तरह अनेकों मस्जिद मदरसों व बस्तियों से जुलूस ए मुहम्मदी दोपहर 2 बजे निकाले गये।

उपनगरीय छावनी क्षेत्र सदर में दोपहर 2 बजे जुलूस ए मुहम्मदी अकबर खान सरवर, हाफिज मक़सूद, हाफिज सलीम, अशफ़ाक कुरैशी , शहाबुद्दीन, बरकात अली, शफीक कुरैशी, अफ़जल बाबा, इनायत अली शाह, अनवर बाबा आदि की कयादत में निकाला गया। जो सदर बाजार की गालियों में गश्त उपरांत जामा मस्जिद सदर बाजार गली नंबर 10 पहुंचा और सलातो सलाम व दुआ के साथ समापन किया गया। गढ़ा में भी दोपहर 2 बजे मुजावर मुहल्ला, काजी मुहल्ला, बेदरा मुहल्ला, तकिया मुहल्ला के सयुंक्त तत्वधान मे जुलूसे मुहम्मदी अल्हाज सैयद इकबाल अहमद शम्स रब्बानी,मौलाना फजले रब अशरफी, सूफ़ी मुबारक कादरी, हाजी तौसीफ रजा, सैय्यद कादिर अली कादरी, इनायत कादरी, हाजी इशाक, मुईन उस्मानी, सूफ़ी निजाम बाबा, नसीर खान सुलतानी, नियाज़ मंसूरी आदि की कयादत में निकाला गया जुलूस पथ में गढ़ा गोंडवाना गणेश उत्सव समिति द्वारा जुलूस में शामिल लोगों के पानी का एहतेमाम किया गया और वरिष्ठ लोगों का स्वागत किया गया।



### जगह-जगह किया लंगर तक्सीम

## सिहोरा की गलियों से निकला जुलूसे मोहम्मदी

**सिहोरा।** इस्लाम धर्म में ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा शुक्रवार को सुबह अनेक दोपहिया वाहनों में लगे झंडे के साथ सिहोरा खितौला के प्रमुख मार्गों से जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया तथा शाम को आजाद चौक से पैदल जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ों से लेकर बच्चों तक ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया एंव जुलूस के पुराना बस स्टेंड पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की गई तथा अनेक स्थानों पर स्टाल लगाकर लंगर तक्सीम किया गया। इस अवसर पर फैज आलम शाह,मंसूर मंसूरी,शेख साबिर,हाजी अलीमुद्दीन, मौलाना शाकिर मिस्बाही,मौलाना सद्दाम राजा, फरहान आलम शाह उबेद राईन गुल्लू खान,गुलाम साबिर,अख्तर बेग,अकरम अंसारी,करीम खान, सहित अनेक लोग उपस्थित थे। नगर उपनगर में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन को संपन्न कराने में आदित्य सिंघारिया आईपीएस एसडीओपी सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह सहित समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

## शिक्षक दिवस पर सोनाली ठाकुर को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान



**बरेला।** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर पी एम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरेला की शिक्षिका सोनाली ठाकुर को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान समारोह माननीय हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया।सोनाली ठाकुर को यह सम्मान वाणिज्य संकाय के शिक्षण सत्र 24-25 में असाधारण बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए दिया गया है, जिसके अनुसार शाला के वाणिज्य संकाय की 4 छात्राओं को लैपटॉप की पात्रता मिली व एक छात्रा ने साक्षी पटेल ने शाला में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर मध्य प्रदेश शासन की मेधावी छात्रा स्कूटी योजना की पात्र बनी। सोनाली ठाकुर द्वारा वाणिज्य संकाय के 2 महत्वपूर्ण विषयों का अध्यापन कार्य कराया जाता है, इस वर्ष दोनों विषयों का परीक्षा परिणाम 100% रहा। सोनाली ठाकुर, जिनके पिता श्रीमान विजय सिंह ठाकुर और माता श्रीमती विमला ठाकुर हैं, ने अपने अल्प सेवा काल में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि के लिए शाला प्राचार्य आशीष कुमार पंड्या द्वारा समय समय पर दिए गए मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया साथ समस्त शाला परिवार, व छात्राओं का सहयोग के आभार व्यक्त किया।

## मंगलायतन विवि में किया गया शिक्षकों का सम्मान



**बरेला।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में बरेला परिक्षेत्र के सेवानिवृत्ति एवं वर्तमान लगभग 300 शिक्षकों का सम्मान समारोह किया गया। बरेला तहसीलदार शशांक दुबे के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलगुरु आर एस सांभा राव उप कुलगुरु विनीता कौर सलूजा रजिस्टर बी एस नागर आशुतोष सक्सेना रूपल ज्योति की कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर आशीष मिश्रा सहसंयोजक डॉक्टर स्वती सक्सैना पंडित आशीष कुमार शुक्ला एवं समाजसेवी अरविंद तिवारी उपस्थित थे संस्कृत कार्यक्रम के दौरान नन्हे बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं महात्मा गांधी की झांकी प्रस्तुत की गई।

## चल समारोह में सम्मिलित समस्त गणेश उत्सव समितियां का किया जाएगा सम्मान

**बरेला।** अनंत चतुर्दशी के अवसर परगणेश उत्सव में चल समारोह सहित कार्यक्रम को सनातन धर्म हिंदू धर्म के धार्मिक गानों में जुलूस निकालने वाली समिति एवं अनुशासन, आकर्षक साज सज्जा हेतु समितियां को पुरस्करित एवं सम्मानित नगर परिषद बरेला द्वारा किया जाएगा एवं सभी गणेश प्रतिमाओं का क्रेन के माध्यम से विसर्जन नगर परिषद बरेला द्वारा बनाए गए अस्थाई कुंड में विसर्जन किया जाएगा।। नगर परिषद बरेला के अध्यक्ष प्रतीक मानव दुबे, उपाध्यक्ष श्रीमती सोनम सोनू सोनकर,पार्षद दीपेश विक्की पटेल, प्रकाश चक्रवर्ती, दीपक सोनकर, श्रीमती पिंकी प्रीतम पटेल,श्रीमती दिव्या अरिहंत जैन,श्रीमती संजना रश्मि पटेल, दिनेश सिंह पटेल, भूपेंद्र यादव,श्रीमती शारदा कृष्णा बर्मन,श्रीमती रामवती महेश चक्रवर्ती, श्रीमती ममता बर्मन, राजकुमार गोटिया, श्रीकांत उपाध्याय, एवं संजय पांडे ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा समस्त नगर वासियों से यह अपील की है कि गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नगर परिषद बरेला द्वारा बनाए गए अस्थाई कुंड पर ही करें।



## अनुज तिवारी की स्मृति में 100 शिक्षकों का सम्मान कर मनाया शिक्षक दिवस

**मझौली।** नगर मझौली की समाजसेवी संस्था टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसाइटी मझौली के द्वारा 100 शिक्षकों को गमछा,पेन,नारियल और टीम का स्मृति चिन्ह भेंट करके उन्हें सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिप्रा राजेंद्र चौरसिया अध्यक्ष नगर परिषद मझौली, अध्यक्ष संजय सराफ, विशिष्ट अतिथि प्रतापभानु साहू, गिरीश पालीवाल तीनों ही समाजसेवी, मुंबई से पाटन के विधायक अजय विश्नोई जी ऑनलाइन के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित हुए। टारगेट टीम के अध्यक्ष आशीष तिवारी जो स्वयं शिक्षक हैं ने अपने बड़े पिताजी स्व.अनुज तिवारी शिक्षक से प्रेरणा लेकर उनकी 12 वीं पुण्यस्मृति में इस कार्यक्रम को टारगेट टीम के माध्यम से लगातार दूसरे वर्ष में आयोजित कराया। नगर मझौली से अंचल साहू,अतुल तिवारी, मुकेश नेमा, आदित्य दुबे एवं टारगेट टीम के शिवकुमार प्रजापति, अंकुर राजपूत, दीपक तिवारी, अनुराग दुबे,विवेक कोष्टा, योगेश्वर, आयुष, वेद, अर्पित, श्रवण, सचिन, यश, हिमांशु, सत्यम, शांतनु, उमाकांत कोष्टा, प्रिंस सहित अन्य सभी लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए। नगर मझौली के शिक्षक हीरालाल साहू ने मरणोपरांत अपना शरीर मेडिकल कॉलेज जबलपुर में दान कर दिया इस गौरवपूर्ण कार्य के लिए उनका विशेष सम्मान किया गया।

## शिक्षक दिवस पर आयोजित किया शिक्षक सम्मान समारोह

**पाटन।** नगर स्थित तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य शिक्षक दिवस एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों के रूप में डॉक्टर कमल नयन शुक्ला प्रोफेसर एवं पूर्व विभाग अध्यक्ष संस्कृत विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, वेद प्रकाश पूर्व नगर निगम आयुक्त एवं कलेक्टर, संदीप रजक पूर्व आयुक्त निशक्तजन मध्य प्रदेश शासन, कैलाश शर्मा सेवानिवृत शिक्षक,



शोभाराम सिंह ठाकुर सेवानिवृत शिक्षक एवं संस्था के प्राचार्य चरण सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने अतिथियों एवं समस्त अध्यापकों को सॉल श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनके प्रति अपना समान व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व कलेक्टर वेद प्रकाश जी ने कहा की आज आप सभी छात्र-छात्राओं को केवल गुड गर्ल या गुड बॉय के कल्चर में न पड़कर भारतीय संस्कृति को इसकी गौरवशाली विरासत को पहचान की आवश्यकता है भारतीय संस्कृति एवं गौरवशाली परंपराओं का बोध कराने वाली अच्छी पुस्तकों को पढ़कर हमें संस्कारवान बनाकर अपने देश के प्रति कर्तव्य सुनिश्चित करना चाहिए तथा उन्हें निभाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ काम करना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपप्राचार्य सुजीत सिंह,नीरज पटेल,हेमन्त शर्मा ,ब्रजेश विश्वकर्मा, प्रताप नामदेव ,जसपाल सिंह,अनिल पटेल,मनीषा ठाकुर , राज प्रजापति,नारायण केसरवानी आदि एवं छात्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस पर हुआ भव्य समारोह

### राजेश जैन व 10 को विशिष्ट सम्मान









**पाटन।** सरस्वती शिशु मंदिर एवं ओंकार नामदेव सरस्वती विद्या मंदिर का संचालन करने वाली श्री भगवती बाल कल्याण समिति पाटन ने शिक्षक दिवस पर भव्य शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया. समिति अध्यक्ष ठाकुर रणधीर सिंह की अध्यक्षता एवं एस डी एम मानवेन्द्र सिंह के मुख्यआतिथ्य में राजेश जैन, श्रीमती सुनीता शर्मा, कल्पना श्री वास, मुन्नी खटीक, सहित 10 सेवा निवृत शिक्षको को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर बोलते हुए मानवेन्द्र सिंह ने शिक्षकीय कार्य को छात्रों के लिए प्रेरक और जीवन संवारने वाला बताया उन्होंने अपने स्वयं का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे गणित में कमजोर छात्र शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने की योग्यता अपने शिक्षक के प्रोत्साहन एवं परिश्रम के कारण प्राप्त कर सका. ठाकुर रणधीर सिंह ने समिति की 40 वर्ष की श्रेष्ठ परम्परा पर प्रकाश डालते हुए खेद प्रकट किया कि आज शिक्षक स्वयं अपने सम्मान के प्रति उतने जागरूक नहीं दिखाई पड़ रहे जितना उन्हें होना चाहिए व्यस्थापक डॉ विष्णुदत्त त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे आभार प्रदर्शन सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया प्रचार्य संजय मिश्रा, प्रधानाचार्य हरिनारायण कुररिया ने आचार्य परिवार को उपहार देने के लिए समिति को साधुवाद दिया इस अवसर पर समिति सदस्यों, क्षेत्रीय शिक्षकों, गणमान्य नागरिकों व अवकाश के दिन भी भैया - बहिनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## बरगी के अंकित को शिल्पा शेट्टी ने दिया अवार्ड

**बरगी।** मध्य प्रदेश के जबलपुर ग्रामीण के बरगी विधानसभा अंतर्गत बरगी नगर निवासी अंकित बाल्मीक को सेलिब्रिटी मेकअप आर्ट मेकओवर को रीजेंटा होटल अहमदाबाद गुजरात में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के द्वारा पुरस्कार दिया गया जिससे बरगी क्षेत्र के लोगों का मान बढ़ाया है। बाल्मीक समाज एवं नगर के लोगो द्वारा अंकित का सम्मान किया गया।




**श्रीमती रामकली बाई पटेल-** रीवा कॉलोनी छापर रामपुर निवासी श्री सुखदेव पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई पटेल (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या बाई तनवानी-** महानद्दा रोड मदनमहल निवासी श्री भगवान दास तनवानी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई तनवानी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती अर्चना सिन्हा-** संजीवनी नगर फेस 2 गढ़ा निवासी श्री जयंत सिन्हा की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना सिन्हा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दीपा बाई विश्वकर्मा-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री शंकर लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती दीपा बाई विश्वकर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज कुमार पुरी-** न्यू साईं विहार कॉलोनी सुहागी अधारताल निवासी श्री गरीबदास पुरी के पुत्र श्री मनोज कुमार पुरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजित टी गोपालन-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री वीके गोपालन के पुत्र श्री विजित टी गोपालन (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री दिनेश कुमार दुबे-** सैनिक सोसायटी गढ़ा निवासी श्री दिनेश कुमार दुबे (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम सिंह राजपूत-** मांडवा रामपुर निवासी श्री राम सिंह राजपूत (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रामचरण चांडक-** सेंट्रल जेल के पास निवासी श्री रामचरण चांडक (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुबोध श्रीवास्तव-** अनमोल हाइट्स न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री हरि नारयण श्रीवास्तव के पुत्र श्री सुबोध श्रीवासतव (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा लोहार-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री गोरा प्रसाद लोहार की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा लोहार (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक सेन-** साईं नगर गढ़ा निवासी श्री रविशंकर सेन के पुत्र श्री दीपक सेन (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शिवा चौधरी-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ पहली गली पोलीपाथर निवासी श्री निरंजन चौधरी के पुत्र श्री शिवा चौधरी (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा गंभीर-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री किशन लाल गंभीर की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा गंभीर (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बीना सोनी-** दरहाई सराफा निवासी श्री विनोद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती बीना सोनी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# जीएसटी दरों में कटौती से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सस्ती : विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार के आवश्यक दवाओं, जीवन रक्षक एवं चिकित्सकीय उपकरणों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती करने के फैसले का चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे सभी के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती होंगी। जीएसटी परिषद ने बुधवार को सेवा कर में व्यापक सुधारों के तहत के चार स्लैब को घटाकर केवल दो करने का फैसला किया। इनमें कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी तथा अति-विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर होगी।

- इनमें अब कर की दरें पांच और 18 फीसदी होगी

## दवाओं, जीवन रक्षक एवं चिकित्सकीय उपकरणों के दरों में की कटौती

### देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम

ओझा ने कहा, यह कमजोर तबके के लोगों के लिए उपचार अधिक सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पारस हेल्थ के मुख्य परिचालन अधिकारी (ग्रुप) विनीत अग्रवाल ने कहा, जीएसटी सुधार भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



### परिवर्तनकारी उपलब्धि : रीजेंसी हेल्थ

रीजेंसी हेल्थ के सीईओ अभिषेक कपूर ने कहा, " ये जीएसटी सुधार स्वास्थ्य सेवा की सामर्थ्य में एक परिवर्तनकारी उपलब्धि है। खासकर उन मरीजों के लिए जो पुरानी और जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे हैं। 33 जीवन रक्षक दवाओं और कैंसर तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली महत्वपूर्ण दवाओं पर जीएसटी खत्म करने से इलाज की लागत का बोझ काफी हद तक कम हो गया है।

*वित्तीय दबाव कम किया : मेडिकल ऑक्सीजन, डायग्नोस्टिक किट, सुधारात्मक उपकरण और व्यक्तिगत जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटा सरकार ने परिवारों पर वित्तीय दबाव कम किया है और गुणवत्तापूर्ण देखभाल को और अधिक सुलभ बनाया है।*

### दवाओं पर जीएसटी अब पांच फीसदी

*इन सुधारों के तहत सभी दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर, पट्टियों जैसी आपूर्तियों पर कर 12 प्रतिशत से कम कर पांच प्रतिशत किया गया है।*

### स्वास्थ्य सेवाएं होंगी किफायती : ओझा

*आरजी हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक अविनाश ओझा ने कहा, " स्वास्थ्य सेवा के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए आवश्यक दवाओं और चिकित्सकीय उपकरणों पर जीएसटी में सरकार का हालिया सुधार स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती बनाने को लेकर मजबूत प्रतिबद्धता को बताता है।*

---

## खबर संक्षेप

### सेल का आर्ट ऑफ लिविंग के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने कर्मचारियों के संपूर्ण कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के साथ एक समझौता किया है। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर तीन सितंबर, 2025 को बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में हस्ताक्षर किए गए।

### बाटा ग्राहकों को दे रहा जीएसटी कटौती का लाभ



**कोलकाता।** जूता-चप्पल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बाटा इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 'बाटा प्राइस प्रॉमिस'' पहल पेश की है। इसके तहत 22 सितंबर से शुरू होने वाली आधिकारिक पेशकश से पहले 1,000 रुपये से कम कीमत वाले फुटवियर पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को मिलेगा।

### टीसीएस ओडिशा सरकार के लिए बनाएगी आईएफएमएस



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को ओडिशा सरकार ने कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के डिजाइन और क्रियान्वयन के लिए चुना है। टीसीएस ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि 'आईएफएमएस 3.0' ओडिशा के व्यापक सार्वजनिक वित्तीय कामकाज को स्वचालित करेगी।

### 'नथिंग' इस साल भारत में अपना पहला स्टोर खोलेगी



**नई दिल्ली।** लंदन स्थित उपभोक्ता प्रौद्योगिकी कंपनी 'नथिंग' इस साल भारत में अपना पहला स्टोर खोलेगी जबकि इसका सहयोगी ब्रांड सीएमएफ यहां पर अपना वैश्विक मुख्यालय खोलने जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि नथिंग का स्मार्टफोन 'फोन (3)' भारत में ही बनाया जा रहा है और अब इसका निर्यात भी शुरू हो गया है।

### अगस्त में आधार के जरिए सत्यापन 10 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** देश में आधार के जरिये सत्यापन संबंधी लेनदेन अगस्त महीने में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 221 करोड़ हो गया। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने यह जानकारी दी। यूआईडीएआई ने कहा कि आधार के जरिये चेहरा सत्यापन संबंधी गतिविधियों में भी लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

---

## सीबीआईसी के चेयरमैन अग्रवाल ने दी जानकारी

# सरकार सुनिश्चित करेगी, जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले। इसके लिए उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों समेत समूची स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

चेयरमैन ने कहा, ''सरकार जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को दिलाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए सीबीआईसी, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालयों समेत सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों और पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है।''

### चार स्लैब की जगह अब दो स्लैब

अग्रवाल ने यह भी कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों के तहत एक तरह के सामान को एक ही कर दायरे में लाने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने से विवादों में कमी आने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों की भागीदारी वाली जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया।

### रोजमर्रा के सामानों पर दरें कम की गई

*अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। तंबाकू और संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामानों पर दरें कम की गयी हैं।*




- मंत्रालय एवं संबंधित विभागों के साथ नजर रखी जा रही
- सरकार कटौती का लाभ दिलवाने काम कर रही
- प्रक्रिया को सरल बनाने से विवाद में कमी आएगी

### दरों को युक्तिसंगत बनाया गया

विवादों के समाधान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "दरों को युक्तिसंगत बनाया गया है। पहले चार दरें होती थी, अब दो हो गयी हैं। एक तरह के सामान को एक ही कर श्रेणी में रखा गया है, जैसे खाने के सामान पर अब पांच प्रतिशत कर लगेंगे।" पहले एक ही तरह की वस्तुओं पर अलग-अलग दरें होने से कई नोटिस जाते थे। जीएसटी सुधारों से वह समस्या समाप्त होगी।

### जल्द सुधार लागू करने की मांग

रिफंड, पंजीकरण प्रक्रियाओं को तेज और सरल बनाया गया है ताकि उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो। नयी दरों के दिवाली से पहले लागू करने के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक दरों में कटौती की उम्मीद में अपनी खरीदारी टाल रहे थे और उद्योग जगत से जल्द कर सुधार लागू करने की मांग आने लगी थी।

### एमआरपी का मामला सुलझ जाएगा

अग्रवाल ने एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, "जो माल पहले से बाजार में है और उस पर एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) छपा है, उनमें 10 से 15 दिनों में बदलाव कर पाना थोड़ा मुश्किल लगता है लेकिन आपूर्ति श्रृंखला में बाजार में माल ज्यादा होते नहीं हैं। जो भी नई खेप आएगी, उसमें चीजें ठीक हो जाएंगी।"

### प्रतिस्पर्धा के कारण लाभ तुरंत मिलेगा

अग्रवाल ने कहा, "चूंकि बाजार में काफी प्रतिस्पर्धा है, ऐसे में एक कंपनी ग्राहकों को लाभ दे और कोई दूसरी नहीं देती है तो यह बात सामने आ जाएगी। कंपनियों के लिए ऐसा कर पाना मुश्किल है।" उन्होंने कहा, "अगर कोई टीवी खरीदता है उसे तुरंत लाभ मिल जाएगा। एमआरपी पर बेचे जाने वाले छोटे सामानों पर हो सकता है कि कंपनियां डीलर के जरिये खुदरा दुकानदारों को छूट दें।"

### कीमतों के रुख पर कड़ी नजर

अग्रवाल ने कहा, "हम कीमतों के रुख पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम देख रहे हैं कि अभी सामानों की क्या कीमत है और जीएसटी में सुधारों के बाद आगे क्या रुझान रहने वाला है। कंपनियों पर भी हमारी नजर होगी।' सीबीआईसी चेयरमैन ने कहा, "अगर दर कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं मिलने की शिकायत आती है, हम उसे उद्योग संगठनों के पास ले जाएंगे।

---

# सेबी ने अपने नाम से हो रहे फर्जीवाड़ा को लेकर निवेशकों को किया आगाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- धोखाधड़ी वाले संदेशों और सूचनाओं को लेकर सतर्कता बरतें
- व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या धनराशि देने से बचें

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को निवेशकों को आगाह किया कि वे सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उसके नाम से प्रसारित हो रहे धोखाधड़ी वाले संदेशों और सूचनाओं को लेकर सतर्कता बरतें।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों से कहा कि वे ऐसे संदेशों के आधार पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या धनराशि देने से बचें। सेबी ने कहा कि उसके संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं जिनमें धोखेबाजों ने सेबी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने के साथ प्रतीक चिह्न (लोगो), लेटरहेड और मुहर का दुरुपयोग किया तथा फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर संदेश भेजे। कुछ मामलों में तो इन धोखेबाजों ने सेबी के नाम से फर्जी नोटिस जारी कर अनुपालन सेवाओं, दंड या जुर्माना भरने के नाम पर धन की भी मांग की। सेबी ने एक बयान में कहा, "भोले-भाले निवेशक इन धोखेबाजों पर विश्वास



कर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।"

### प्रामाणिकता जरूर जांच ले

उसने लोगों से अधिक सतर्क रहने का आह्वान किया। नियामक ने निवेशकों से कहा है कि वे किसी भी सूचना या भुगतान संबंधी संदेश की प्रामाणिकता जरूर जांच लें और गैर-आधिकारिक ईमेल आईडी से आए संदेशों का जवाब न दें। निवेशकों की सुरक्षा के लिए सेबी ने स्पष्ट किया कि उसके सभी प्रवर्तन कार्रवाई के विवरण उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### सेबी को भुगतान उसके लिंक पर ही किए जाए

सेबी को किसी भी निपटान या वसूली संबंधी भुगतान केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के जरिये ही किए जा सकते हैं। बयान के मुताबिक, सेबी से आने वाले असली ई-मेल केवल उन पते से भेजे जाते हैं, जिनके अंत में सेबी.गॉव.इन लिखा होता है। इसके अलावा सेबी के कार्यालयों के पते भी उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

---

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स के निचले व ऊपरी स्तर में 715 अंक का फासला रहा
- तेल, गैस और वाहन कंपनियों के शेयरों में बढ़त दर्ज

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को मामूली बदलाव के साथ लगभग स्थिर बंद हुए। इस दौरान तेल एवं गैस और वाहन कंपनियों के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में गिरावट देखी गई।उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 7.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,710.76 अंक पर बंद हुआ। इसके 14 शेयरों में बढ़त जबकि 16 शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला लेकिन जल्द ही यह नुकसान में चला गया। दोपहर के सत्र में यह 80,321.19 के निचले स्तर पर था, लेकिन उसके बार सुधार आने से गिरावट की भरपाई हो गई।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स के निचले और ऊपरी स्तर के बीच 715.37 अंक का फासला रहा। दूसरी तरफ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 6.70 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,741 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.34 प्रतिशत और मारुति 1.70 प्रतिशत बढ़े। पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और इटर्नल में भी तेजी रही।

### बाजार की धारणा सकारात्मक रही

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''समर्थन स्तरों पर खरीदारी के चलते प्रमुख सूचकांक दिन के निचले स्तर से उबर सके, जिससे बाजार की धारणा थोड़ी सकारात्मक हुई। मांग में सुधार के चलते वाहन क्षेत्र में बढ़त जारी रही।''

---

## दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी घटने से किसानों को लाभ



**चेन्नई।** मिल्की मिस्ट डेयरी फूड लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के. रत्नम ने कहा कि विभिन्न दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी दर घटाकर पांच प्रतिशत करने के फैसले से उपभोक्ताओं और किसानों को दूरगामी लाभ होगा। रत्नम ने कहा कि इस कदम से पनीर, मक्खन, घी, पनीर जैसे पौष्टिक, मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पाद अधिक " सस्ते " होंगे। उन्होंने कहा, " दुग्ध क्षेत्र के लिए यह एक समयोचित प्रोत्साहन है जो मांग को प्रोत्साहित करेगा, नवाचार को प्रोत्साहित करेगा और औपचारिक, संगठित दुग्ध परिवेश को मजबूत करेगा। मिल्की मिस्ट में हम इसे केवल कर सुधार से कहीं बढ़कर, समावेशी विकास के उत्प्रेरक के रूप में देखते हैं।"

---

# सोना 900 रुपए उछलकर रिकॉर्ड स्तर के करीब और चांदी स्थिर

- सोना बढ़कर 1,06,970 रुपए प्रति दस ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक रुझानों के चलते शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर रिकॉर्ड स्तर के करीब 1,06,970 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये फिसलकर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा 16-17 सितंबर को होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती का विकल्प चुनने की संभावना के बीच तेजी को गति मिल रही है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी शुक्रवार को 900 रुपये बढ़कर 1,06,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जबकि पिछला बंद भाव 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सराफा संघ के अनुसार, शुक्रवार को चांदी की कीमतें 1,25,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।

---

# पहली बार पांच टुकड़ों में बंटने जा रहा अदाणी पावर का स्टॉक

- कंपनी को शेयर विभाजन के लिए शेयरधारकों से मिली मंजूरी
- प्रस्ताव को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित माना गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




अदाणी पावर को एक अगस्त 2025 को जारी डाक मतपत्र नोटिस के जरिये 1:5 अनुपात में शेयर विभाजन के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि प्रस्ताव को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित माना गया है।

नोटिस के अनुसार 10 रुपये मूल्य के प्रत्येक शेयर को दो रुपये अंकित मूल्य वाले पांच पूर्ण चुकता शेयर में विभाजित किया जाएगा, जो सभी दृष्टियों से समान होंगे। मतदान छह अगस्त सुबह नौ बजे से चार सितंबर को शाम पांच बजे तक चला। कंपनी ने बताया कि निदेशक मंडल ने एक अगस्त 2025 को अपनी बैठक में खुदरा और छोटे निवेशकों की अधिक भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए शेयर विभाजन को मंजूरी दी थी। अदाणी पावर ने बताया कि शेयर के उप-विभाजन/विभाजन के कारण कंपनी की अधिकृत, जारी, अभिदत्त और चुकता शेयर पूंजी में कोई बदलाव नहीं होगा। कंपनी ने बताया कि उसने शेयर के उप-विभाजन के लिए रिकॉर्ड तिथि 22 सितंबर तय की है।

### कंपनी 1996 में सूचीबद्ध हुई थी

*अदाणी पावर की स्थापना 1996 में हुई थी और 2009 में इसे शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया गया। इसके व्यवसाय एवं प्रदर्शन में पिछले कुछ वर्ष में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जिसके परिणामस्वरूप कंपनी की प्रतिभूतियों के बाजार मूल्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।*

---

# पीईपी ब्रांड्स का 35 फीसदी वृद्धि का लक्ष्य : सीईओ

**नई दिल्ली।** एमकैफीन एवं हाइफेन जैसे ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी पीईपी ब्रांड्स ने देश में ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते रुझान को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में 30 से 35 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। पीईपी ब्रांड्स के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण शर्मा ने कहा कि भारत में डिजिटल के प्रति रुझाव से सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल वाले उत्पादों की खपत बढ़ रही है। शर्मा ने उम्मीद जताई कि अपने वृद्धि लक्ष्य को तेजी से हासिल कर उनकी कंपनी अगले तीन-चार सालों में शेयर बाजार में भी सूचीबद्ध हो जाएगी। शर्मा ने कहा कि पीईपी का लक्ष्य ऐसे व्यवसाय बनाना है जो शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए एक बढ़िया परिदृश्य पेश करे।

# ओयो का लाभ दोगुना, 1:1 बोनस शेयर का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंच ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने शुक्रवार को शीर्ष प्रबंधन को भेजे एक ईमेल में बताया कि मजबूत राजस्व वृद्धि से पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 200 करोड़ रुपये रहा। इस ईमेल की प्रति मौजूद है। इसके अनुसार, अप्रैल-जून की अवधि में कंपनी का राजस्व 47 प्रतिशत बढ़कर 2,019 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,371 करोड़ रुपये था।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा, दि.: 03.09.2025**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। (1) **निविदा सूचना क्रमांक:** सी पी एम-जी एस यू-जबल.-07-2025 दिनांक: 03.09.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** बाम्रतवा में नया गुड्स शेड के लिए एक लोडिंग लाइन का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹81265517.74/- **बयाना राशि:** ₹ 556300/- **समापन अवधि:** 18 माह **निविदा, प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय:** 26.09.2025 (15.00 बजे तक) **निविदा खुलने की समय:** 26.09.2025 (15.15 बजे). उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)

सहायक मंडल अभियंता, गति शक्ति यूनिट, प.म.रे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- उमरिया (म.प्र.)**

निविदा क्र. 24/2025-26/व.ले.लि./लोक. स्वा.यॉं/खण्ड/उमरिया — **निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)** — दिनांक 02/09/2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं ।
कार्य :- उमरिया जिला के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत संचालित कोयला खदान क्षेत्रों के 15 कि.मी. के बफर जोन में माइनिंग DMF मद से नलजल योजना बनाने के लिए डी. पी. आर.तैयार करने संबंधी समस्त कार्य ।

| क्र. | निविदा क्रं. | ई- टेण्डर नम्बर | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) में | समयावधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24/25-26 | 2025_PHED_448646_1 | 44.50 लाख | 50000/- | 5,000/- | 30 दिवस | लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश मेंपंजीकृतया केंद्र के निर्माणें में पंजीकृत |

प्री बिड मीटिंग की तिथि 03/09/ 2025 समय 11.00 सुबह
निविदा ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 /09 / 2025 समय 5.30 सायं
निविदा ऑनलाईन खोलने की तिथि 18/09/2025 समय 11.00 सुबह
निविदा शर्तें एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर प्रदर्शित हैं । निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा। समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगें ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
उमरिया (म.प्र.)

G-18226/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**

TELEPHONE (O) 07644-234400 (R) 07644-234066 (FAX) 07644-234024 PIN 481880
मेन रोड, उत्कृष्ट विद्यालय के सामने, वन विभाग परिसर, डिण्डौरी (म.प्र.), E-mail- dfotddori@mp.gov.in
क्रमांक/व्यय लेखा/25-26/9739 — डिण्डौरी, दिनांक - 02/09/2025

**// द्वितीय निविदा सूचना //**

निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ एवं https://mpforest.gov.in पर देखी जा सकती है ।

**निविदाएं की संक्षिप्त विवरण**

| टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | सत्याकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 2025_MPFD_442078_2 | कोटा स्टोन, कांक्रीट पेवर ब्लाक | आवश्यकतानुसार | 30,000/- | 1000/- |
| 2025_MPFD_448699_1 | वनमण्डलाधिकारी कक्ष का नवीनीकरण कार्य | एक कक्ष | 30,000/- | 2000/- |

परिशिष/निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र - यदि शुद्धिपत्र -यदि कोई हो केवल पोर्टल https://mptenders.gov.in/ पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं ।

वन मंडल अधिकारी
सामान्य वनमंडल डिण्डौरी

G-18246/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सांकेतिक सूचना**

**सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति के लिए**

**Notification No.: P/NAG/RCT/2024/11/2 Dated: 03.09.2025**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में निम्नलिखित श्रेणियों के लिए मासिक पारिश्रमिक के आधार पर सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से पुनर्नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित है:

| Sr. No. | Vacant Posts: Department | Vacant Posts: Designation | Pay-level | आवश्यक स्टाफ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Civil Engineering | SSE (P.Way) | Level-7 & 8 | 04 |
| | | JE / (Drawing & Design) | Level-6 | 01 |
| | | JE / Estimate | Level-6 | 02 |
| 2 | Electrical (OP) | CLI | Level-7 | 57 |
| | | | TOTAL | 64 |

आवेदक नागपुर मंडल के लिए दिए लिंक के माध्यम से secr.indianrailways.gov.in इस वेबसाइट से निर्धारित प्रारूप (अर्थात अनुलग्नक-1) डाउनलोड कर सकते हैं।
आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित प्रारूप अर्थात अनुलग्नक-1 में आवेदन करें और स्कैन की गई प्रति को PDF प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ अधिसूचना में दिए गए आधिकारिक ईमेल आईडी पर 12.09.2025 तक भेजें।
विस्तृत पात्रता और अन्य नियम व शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
**पथ इस प्रकार है:**
(Recruitment / News / Press Release Recruitment > Nagpur Division Notification for re-engagement of Retired Railway Staff against Vacant Post)

मंडल कार्मिक अधिकारी,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

AIM/23-117

swacch bharat - keepindiaclean

## चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को क्यों झकझोर रहे ट्रंप

लगता है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धीरे-धीरे सही, भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर गलती का अहसास होने लगा है। तभी तो वो कह रहे हैं कि लगता है कि हमने रूस और भारत को चीन के हाथों खो दिया। हालांकि उन्होंने यह बात व्यंग्य के रूप में ट्रुथ सोशल पर लिखी। साथ ही उन्होंने एससीओ समिट की तस्वीर शेयर करते हुए संकेत दिया है कि रूस और भारत के चीन की तरफ जाने को वह अमेरिका के साथ रिश्ते खत्म करने की तरह देख रहे हैं। ट्रंप के इन शब्दों से लगता है कि उन्हें अंदर खाते यह अहसास होने लगा है कि उनकी सनक के कारण भारत से अमेरिकी संबंध सरातल में पहुंच गए हैं। एक के बाद एक भारत को झटके देने वाले ट्रंप अब खुद तरह-तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। चाहे भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को रोकने का बार-बार किया गया विवादास्पद दावा हो, पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के कारण सैन्य टकराव को भड़काने की बात हो, पाकिस्तानी सेना प्रमुख को दोपहर के भोजन पर आमंत्रित करना हो या रूस के साथ भारत के वैध संबंधों के लिए उसे दंडित करना हो। वो हमेशा अपनी सनक पर ही चलते रहे। असल में अमेरिकी राष्ट्रपति स्थापित परंपराओं के अनुसार चलने की परवाह नहीं करते। ऐतिहासिक मिसालें या परंपराएं ट्रंप के लिए कोई मायने नहीं रखती, जो अक्सर राजनीति को निजी सनक और लाभ के साथ जोड़ देते हैं। डोनाल्ड ट्रंप कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताकर तो कभी टैरिफ पर टैरिफ लगाकर भारत पर व्यापारिक समझौते के लिए दबाव बनाने की कोशिश करते रहे। भारत झुकने को तैयार नहीं हुआ तो एक के बाद एक दो बार में 50 फीसदी टैरिफ लगाकर दबाने का प्रयास किया। असल में ट्रंप अमेरिका में उत्पादन बढ़ाने का दावा भी करते हैं। कभी वो एप्पल के सीईओ को धमकाते हैं तो कभी एआई कंपनी से अमेरिकी सरकार के नाम शेयर करवाते हैं। ट्रंप एक कारोबारी हैं और फिर भी यह समझने को तैयार नहीं कि यदि पिछले वर्षों में अमेरिका के कारखाने अन्यत्र स्थानांतरित हो गए तो उसका कारण अमेरिका में श्रम का महंगा होना था। खुद अमेरिकी कारोबारी ज्यादा मुनाफे के लिए अपने कारखाने अन्य देशों में ले गए। इससे अमेरिका के लोगों को सस्ता सामान मिलने लगा। भले ही ट्रंप यह मानकर चल रहे हों कि अब वे सब कारखाने अमेरिका आ आएंगे, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है। कारखाने रातोंरात नहीं लगते और यदि कुछ छोटे कारखाने लग भी जाएं तो महंगे श्रम के कारण उनमें तैयार वस्तुएं अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं के मुकाबले महंगी होंगी। आखिर जो सामान विश्व के अन्य देशों में सस्ते में बन सकता है, उसे अमेरिका में महंगा बनाकर वहां के कारोबारी क्या हासिल कर लेंगे। पता नहीं किस अर्थशास्त्री ने ट्रंप को यह समझाया कि वह टैरिफ बढ़ाकर राजकोषीय घाटा कम कर लेंगे। राजकोषीय घाटा इस तरह कम नहीं होता और न ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार एक-दूसरे पर समान टैरिफ के आधार पर होता है। कारखानों में तैयार वस्तुओं की लागत के पीछे अनेक कारण होते हैं, लेकिन ट्रंप की सनक है कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही। एक दिन पहले ही अमेरिकी कोर्ट में ट्रंप प्रशासन ने दावा कर दिया कि भारत समेत दुनिया भर के देशों में लगाए गए टैरिफ बहुत जरूरी हैं। लगता है ट्रंप और उनके सलाहकार यह सब समझने को तैयार नहीं हैं कि टैरिफ से सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका का ही होगा।

# तेल खरीद में जातीय विभाजन की आग




विवादित बयान
प्रमोद भार्गव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं। उन्होंने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। वर्तमान में भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

धर्म और जाति भारत की कमजोर कड़ियां रही हैं। इसकी शुरुआत फिरंगी हुकूमत ने भारत में धर्म के आधार पर बंगाल के विभाजन के साथ की थी, जो कालांतर में अंग्रेजों की कुटिल चाल के परिणाम में भारत विभाजन का मुख्य आधार बनी। अब अमेरिका के भारत विरोधी वाचाल व्यापारी पीटर नवारो एक बार फिर इसी नुस्खे को तूल देकर जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं।

भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका से असंतुष्ट देशों में खासतौर से रूस, भारत, चीन अर्थात आरआईसी ट्राइका शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में मजबूती से खड़ा होता दिखा। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नींद हराम हो गई। नतीजतन इसी परिप्रेक्ष्य में ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो ने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। नवारो ने एक साक्षात्कार में कहा कि 'देखिए, नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के महान नेता हैं, लेकिन वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ खड़े हैं। मैं कहना चाहूंगा कि भारतीय जनता समझे कि यह क्या हो रहा है। आपके पास जो ब्राह्मण हैं, वे भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। हमें इसे रोकने की जरूरत है। यानी पूंजीपति देश का एक उद्योगपति भारत की जनता को बताएगा कि वह क्या करे? मसलन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता नासमझ है। देश की वह जनता नादान है, जिसने आपातकाल में तानाशाह के रूप में पेश इंदिरा गांधी की सरकार को बदल दिया था? इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भारी बहुमत से जीते राजीव गांधी की सत्ता को इसलिए बेदखल कर दिया था, क्योंकि साहबानो प्रकरण को लेकर राजीव गांधी इस्लामी कट्टरवादियों के दबाव में आ गए थे। इसी जनता ने उन मनमोहन सिंह को सत्ताच्युत कर दिया था, जिन्होंने देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों को सौंप देने की वकालत शुरू की थी और फिर इसी जनता ने देश की कमान उन नरेंद्र मोदी को सौंप दी थी, जो अपने बाल्यकाल में पिता की मदद के लिए रेल के डिब्बों में चाय बेचा करते थे। इन्हीं मोदी को जागरूक मतदाताओं ने फिर से 2019 में जिताया, क्योंकि सुरक्षा सैनिकों को ले जाने वाले एक वाहन को पुलवामा में आत्मघाती आतंकी हमलावर, सीआरपीएफ के 46 जवानों की शहादत का कारण बना था। इस जघन्य घटना का बदला लेने के लिए मोदी ने बालाकोट में वायुसेना से सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देकर आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। 2024 के आम चुनाव में इन्हीं मोदी पर देश देश की

जनता ने फिर विश्वास किया और तीसरी बार सत्ता की कुंजी मोदी को सौंप दी। साफ है, जनता उन विदेशी उपदेशकों के बहकावे में आने वाली नहीं है, जो मोदी पर नाजायज दबाव बनाकर अपने अनैतिक हित साधने के



फेर में हैं। दोहरे मापदंड वाले ट्रंप भारत को रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त शुल्क के रूप में जुर्माना लगा रहे हैं, जबकि भारत, चीन और यूरोपीय देशों की तुलना में कम ईंधन खरीदता है। पीटर नवारो इन देशों के ब्राह्मणों, अर्थात कुलीन वर्ग या कारपोरेट घरानों के लिए क्या कहेंगे ? नवारो भारत के विरुद्ध अनर्गल प्रलापों के लिए जाने जाते हैं। नवारो ने इसके पहले, यूक्रेन संघर्ष को 'मोदी का युद्ध आंशिक रूप से नई दिल्ली होकर गुजरता है' का लांछन लगाया था। इसका सटीक उत्तर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह कहते हुए दिया है कि 'नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध-मशीन को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया है, जबकि फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर किए हमले के बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश रहा है। उसी मात्रा में आज भी रूस तेल निर्यात कर रहा है। अर्थात निवारों का बयान भारत, रूस और चीन की एससीओ की बैठक में देखने में आई जुगलबंदी का नतीजा है। चूंकि अब ट्रंप अपने ही देश में बेतुके अड़ियल रुख के कारण घिरते जा रहे हैं। अवाम में नाराजगी बढ़ रही है। अमेरिका के अरबपति रे डेलियो ने तो यहां तक कह दिया कि 'ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 1930 के दशक जैसी तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। निवेशक ट्रंप के डर से चुप हैं। धन एवं मूल्यों की खाई और टूटता भरोसा अमेरिका को चरमपंथी नीतियों की ओर धकेल रहा है।' निवारो का जातिसूचक बयान एक ऐसी साजिश का सूचक है, जो भारत में शहरी नक्सली और वर्णभेदी वामपंथी बीजरूप में आजादी के बाद से ही बोते रहे हैं, जिससे भारत जातीय कुचक्र की आग में जलने लग जाए। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत में जाति की जड़ें आज भी गहरी हैं। लेकिन बीते 75-80 सालों में जनता बौद्धिक-विवेक के रूप में इतनी परिपक्व हो गई है कि वह अब किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में आने वाली नहीं है। वह जानती है कि भारत में तेल का व्यापार करने वाले जो भी चंद उद्योगपति हैं, उनमें ब्राह्मण कोई नहीं है। यह बयान केवल भारतीय समाज की सामाजिक संरचना में व्यर्थ हस्तक्षेप और जातिगत विद्वेश भड़काने की निर्लज्ज कोशिश है।

हालांकि यह संभवतः अपवाद है कि किसी परदेशी उद्योगपति के मुख से जातिगत व्यवस्था को भारत सरकार की विदेश नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। नवारो ने जातिसूचक शब्द ब्राह्मण का जो प्रयोग किया है, उसे अभिजात्य या कुलीन वर्ग को लांछित करने के रूप में भी देखा जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष का कहना है कि बोस्टन ब्राह्मण शब्द अमेरिका में न्यू इंग्लैंड से जाकर बसे धनी वर्ग के लिए प्रयोग में लाया जाता था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी इस शब्द को एलीट क्लास से जोड़ा है। दरअसल एक समय अमेरिका के बोस्टन में धनी सुशिक्षित प्रोटेस्टेंटों का एक समुदाय था। ये लोग 18वीं और 19वीं सदी में ताकतवर समुदाय थे।

ये अमेरिका के उपनिवेशवादियों के वंशज थे। इन लोगों ने व्यापार में अपने को खफा दिया और सफलता के शिखर छू लिए। अब भारत में शैक्षिक उन्नति, सह-शिक्षा और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में पेशेवर युवक-युवतियों की बड़ी संख्या में भागीदारी के चलते अन्तर्जातीय व अन्तर्धार्मिक विवाह आम बात हो गई है। बहुत कुछ जातीय कुचक्र टूट गया है। अलबत्ता यह भी देखने में आ रहा है कि जिस किसी भी वर्ग या जाति के लोग राजनीति, नौकरी या व्यापार में सशक्त होते जा रहे हैं, वे उसी ब्राह्मणवादी व्यवस्था के अनुगामी बनते जा रहे हैं, जिसे एक एमय वे कोसते रहे हैं। भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया

डॉ. मोनिका शर्मा



# मनगढ़ंत बातों से सनसनी फैला रहे वीडियो


हाल ही में राजस्थान में शादी से जुड़ी एक प्रथा को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में एक युवती द्वारा प्रदेश की मनगढ़ंत रस्म को लेकर बातें की गईं। दुखद है कि उसके विचार समग्र को ठेस पहुंचाने वाले तो थे ही, साथ ही स्त्रियों का अपमान करने वाले भी थे। युवती ने पूरी अभद्रता से साथ यह दावा किया कि राजस्थान में शादी से पहले विवाहिता को ससुर व देवर के साथ संबंध बनाने होते हैं। इसके बाद ही विवाहित महिला पति से संबंध बना सकती है। जबकि समृद्ध रीति-रिवाज के लिए मान पाने वाले देश के इस राज्य में ऐसी कोई प्रथा या यूं कहें कि कुप्रथा प्रचलित नहीं है। अफसोसनाक है कि यह युवती इस वीडियो में यह कहने से भी नहीं चूकी कि विवाहित महिला के लिए गर्भवती होने पर अपना पहला बच्चा गिराना अनिवार्य होता है। मनगढ़ंत बातों की सनसनी फैलाने वाली इन बातों से लोगों में ना केवल भारी नाराजगी पैदा हुई बल्कि ये विचार हर किसी को हैरान-परेशान करने वाले भी रहे। ध्यातव्य है कि राजस्थान में ऐसी कोई परंपरा नहीं है। वहां के स्थानीय लोग भी इस वीडियो को देखकर व्यथित-विचलित हो गए, क्योंकि ऐसे किसी रिवाज के बारे में किसी ने भी कुछ देखा-सुना नहीं है। बाद में राजस्थान पुलिस ने भी युवती के दावे को फेक बताया। अभद्र बातें लिए इस वायरल वीडियो पर राजस्थान पुलिस द्वारा बाकायदा आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए अपने एक्स अकाउंट पर कहा गया कि राज्य में ऐसी कोई परंपरा या रस्म नहीं है। राजस्थान पुलिस ने युवती के दावे को फर्जी बताते हुए लिखा, 'राजस्थान में शादी के बाद पहले ससुर, फिर देवर और फिर पति से संबंध बनाने और पहले बच्चे को गिराने का दावा पूरी तरह फर्जी, झूठा और भ्रामक है। ऐसी कोई परंपरा राजस्थान की संस्कृति में मौजूद नहीं है।' दरअसल, वर्चुअल दुनिया में चल रही कंटेन्ट परोसने की आपाधापी के चलते ऐसी मनगढ़ंत बातों वाले वीडियो हर ओर छाए हुए हैं। रीत-रिवाज से लेकर आध्यात्म और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी जानकारियों तक को मनचाहे ढंग से साझा करने का यह दुस्साहस अति पार कर रहा है। कभी मज़ाक बनाना तो कभी सनसनी फैलाना ही बहुत से कंटेन्ट क्रियेटर्स का उद्देश्य रह गया है। जबकि ऐसी भ्रामक बातों का जनमानस पर गहरा प्रभाव पड़ता है। लोगों की तीखी प्रतिक्रियाओं और रोष को संभालना मुश्किल हो जाता है।

इतना ही नहीं, बहुत से लोग संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था पर सवाल भी उठाने लगते हैं। यही वजह है कि राजस्थान में ऐसा कोई रिवाज होने की बात कहते इस वीडियो को लेकर भी पुलिस द्वारा लोगों से ऐसी अफवाहों और भ्रामक वीडियो पर ध्यान न देने की अपील की गई। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि ऐसी फर्जी खबरें फैलाना कानूनन दंडनीय अपराध है। सवाल यह है कि बेवजह बवाल मचाने वाली बातें करने की यह सोच क्यों बढ़ रही है? फेक जानकारियां और भ्रामक सूचनाएं फैलाने का बर्ताव क्यों विस्तार पा रहा है। जिस देश में सचमुच कई तरह की कुप्रथाएं आज भी स्त्रियों की जिंदगी मुश्किल बनाए हुए हैं, वहां ऐसी किसी कुप्रथा से जोड़कर गैर-जिम्मेदाराना बातें करना वाकई अपराध से कम नहीं। हालांकि लाइक, कमेन्ट या व्यूअरशिप बढ़ाने के लिए कुछ कह देने वाले बाद में अपनी बातों का खंडन भी करते नजर आते हैं। पीड़ादायी यह है कि एक देश हो या कोई राज्य, दायित्वबोध के बिना कही गईं अनुचित-अर्थहीन बातें समग्र समाज को भ्रमित करती है। मान-सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। यह सच है कि सोशल मीडिया मंच आमजन को अपने विचार रखने के लिए मिले हैं। अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता भी हमारे संवैधानिक अधिकारों में शामिल है।कुप्रथाओं पर सवाल उठाना भी उचित है।

अपनी राय देना और किसी विषय पर विमर्श करने को भी देश का हर नागरिक स्वतंत्र है। विचारणीय है तो यह कि सब कुछ कहने की आज़ादी के फेर में निरर्थक बातें ज्यादा होने लगी हैं। इस दुस्साहस के अनगिनत नुकसान हैं।आवश्यक है कि क्लिक भर में संसार के कोने-कोने में पहुंच जाने वाली वर्चुअल सामग्री से जुड़े जोखिमों को समझने का ठहराव बरता जाए। एक बार वायरल हो जाने के बाद सोशल मीडिया मंचों से तस्वीरों, वीडियो या सामग्री को हटाना भी बेहद मुश्किल काम होता है। संयम और मानवीय जिम्मेदारी की सोच के साथ इनका उपयोग किया जाए। साथ ही स्वनुशासन को भूल सीमाओं को लांघकर भ्रामक सूचना फैलाने या आपसी संवाद में आधारहीन बातों को साझा करने वालों को उचित दंड भी दिया जाए।

(लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारा मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है।

## जीवन में, सब ईश्वर की दया ही है



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं।

असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**समाज में शिक्षकों की भूमिका**

यद्यपि हिंदी दिवस को हिंदी की तरह ही शिक्षक दिवस को भी शिक्षक के लिए प्रशंसा व महत्वपूर्ण उल्लेखों की बाढ़ आ जाती है, किन्तु शिक्षक की भूमिका समाज में कहीं अधिक सक्रिय, व्यापक तथा जीवंत रहती है और संपूर्ण बरस सामाजिक सोच की रडार के दायरे में रहती है। सर्वप्रथम भारतरत्न से तीन अध्यापकों को पुरस्कृत किया गया था। डा. राधाकृष्णन दार्शनिक शिक्षक, सीवी रमण वैज्ञानिक शिक्षक, राजगोपालाचारी लेखक शिक्षक को 1954 में अलंकृत किया गया उच्चतम सम्मान से। डा. अब्दुल कलाम, राष्ट्रपति-वैज्ञानिक-शिक्षक से पूछा गया कि पुनर्जन्म पर वे क्या बनना चाहेंगे, डा. कलाम का जवाब था एक शिक्षक। अपने भाषण के अंत में वे श्रोताओं के प्रश्नों का उत्तर देने में शिक्षक की महत्ता को प्रतिपादित करते रहे। -**परेश चौहान**, महासमुंद

## ट्रेंड

**पंजाब में जलप्रलय**



पंजाब में जलप्रलय की स्थिति है। फसलें तबाह और बर्बाद हो गई हैं। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब की जनता और किसानों के साथ खड़ी है। पंजाब को इस संकट से बाहर निकालने के लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएँ बनानी होंगी।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

**जयंती पर नमन**



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें सादर नमन। शिक्षक अनुशासन, सम्मान और समानता का पाठ पढ़ाकर विद्यार्थियों का भविष्य संवारते हैं और समाज की मजबूत नींव का निर्माण करते हैं।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

**आपदा में बह गए निर्माण**



आपदा रुकने का नाम नहीं ले रही है। हमारे सालों के खून पसीने की कमाई स्वाहा हो रही है। जिंदगी लगाकर जिन घरों को बनाया, जिन सड़कों और पुलों का निर्माण किया आपदा के साथ बह गए।
-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश


**जुनून की परीक्षा**



ब्रह्मांड का अपना तरीका है। जुनून जितना ज़्यादा होगा, मुश्किलें उतनी ही ज़्यादा होंगी। क्योंकि ब्रह्मांड बस आपके जुनून की परीक्षा लेना चाहता है। इसलिए जान लीजिए कि मुश्किलें कब नामुमकिन हैं। ब्रह्मांड आपके साथ है।
- शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# यूक्रेन संघर्ष ग्लोबल साउथ पर डाल रहा असर : भारत



भारत ने यूक्रेन संघर्ष के 'परोक्ष प्रभावों' खासतौर पर ईंधन की कीमतों पर चिंता व्यक्त की और कहा है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। भारत ने साथ ही कहा कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिए युद्ध को समाप्त किया जा सकता है और स्थायी शांति लाई जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बृहस्पतिवार को कहा, ''भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान जाना अस्वीकार्य है और युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं निकलता।'' संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति' विषय पर आयोजित चर्चा में हरीश ने कहा कि ''भारत को इस बात की चिंता है कि संघर्ष के परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतें और अन्य चीजें पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को, जिन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। हमारा मानना है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का समुचित समाधान किया जाए।'' 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं।

## ऑफ बीट

# अगर मन बदल जाए तो दिमाग क्या सोचता है

मनोवैज्ञानिक शोध के अनुसार, मन बदलने की प्रक्रिया को समझने के लिए 'मेटाकॉग्निशन' की अवधारणा का उपयोग किया जाता है। सरल शब्दों में,



मेटाकॉग्निशन वे मानसिक और जैविक प्रक्रियाएं हैं, जो हमें बताती हैं कि हम किसी कार्य को कितना सही कर रहे हैं–जैसे हमारे भीतर की आवाज़ जो कहती है कि ''कुछ गड़बड़ है'' या ''सब ठीक चल रहा है।''आमतौर पर, जब हमें अपनी पहली पसंद पर भरोसा कम होता है, तब हम मन बदलते हैं। लेकिन शोध से पता चला है कि लोग उतनी बार मन नहीं बदलते जितना कि हम सोचते हैं, भले ही वे अपनी पसंद को लेकर असमंजस में हों। हालांकि, जब लोग अपना मन बदलते हैं, तो अक्सर वे बेहतर निर्णय लेते हैं। इस निर्णय क्षमता को ''मेटाकॉग्निटिव सेंसिटिविटी'' कहा जाता है। शोध में यह भी पाया गया है कि जब लोगों को समय की कमी में निर्णय लेना पड़ता है, तब वे बेहतर ढंग से तय कर पाते हैं कि उन्हें मन बदलना चाहिए या नहीं। मन बदलने से पहले ही दिखने लगती है मस्तिष्क की गतिविधि एक और दिलचस्प सवाल यह है कि हम कब मन बदलते हैं? ज़ाहिर है, यह पहली पसंद के बाद ही हो सकता है। लेकिन प्रयोगशाला में किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों के मस्तिष्क की गतिविधि को पहली पसंद से पहले ही मापा और कुछ सेकंड पहले ही यह अनुमान लगाया जा सका कि वे मन बदलने वाले हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## डीएफओ की कायरना करतूत से गुस्साई भीड़ ने रेंजर और वन रक्षक पर किया हमला

# गांव में मचा जमकर बवाल, बाघ के हमले से घायल वृद्ध की मौत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

दक्षिण (सा) वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी में वन्य प्राणी बाघ के हमले से फिर एक ग्रामीण की सांसे थम गई. गुरूवार की शाम साढ़े 05 बजे अंबेझरी निवासी 65 वर्षीय सेवकराम पिता रामजी गोपाले पर वन्य प्राणी बाघ ने कक्ष क्रमांक 580 में प्राण घातक हमला किया था. सेवकराम अपने घर के पालतू मवेशी चराने के लिए खेत की तरफ गए हुए थे. जहां से शाम को घर वापस लौटते वक्त बाघ ने हमला किया था. घटना के बाद सेवकराम को सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया था. यहां से उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था. बताया जा रहा है वहां उपचार शुरू होने से पहले ही रात्रि करीब 11 बजे उनकी मौत हो गई. शुक्रवार को जिला अस्पताल में शव का पीएम कर दोपहर में तकरीबन 01 बजे शव को अंबेझरी गांव लाया गया लेकिन इससे पहले ही घटना के विरोध में गांव के ग्रामीणों ने जमकर बवाल मचा दिया. ग्रामीणों ने करीब 04 घंटे तक शव को वाहन में रखे रखकर विरोध प्रदर्शन, सांकेतिक चक्का जाम किया. दरअसल, बाघ के हमले की घटना के बाद पठार संघर्ष समिति और किसान मजदूर महासंघ ने अंबेझरी के बाजार चौक में एक बैठक बुलाई थी लेकिन रात्रि में सेवकराम की मौत हो गई. ऐसे में शुक्रवार की सुबह की पहली किरण के साथ ही गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई. जिसकी सूचना मिलने पर एसडीएम के.सी.ठाकुर, एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा, तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल सूर्या, कटंगी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुसराम सुबह 10 बजे ही अंबेझरी गांव पहुंच गए. जबकि रेंजर बाबूलाल चढ़ार अपनी टीम के साथ रात्रि से ही गांव में डटे हुए थे. गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए कटंगी, तिरोड़ी, खैरलांजी थाना, महकेपार चौकी पुलिस और लाइन का बल अंबेझरी में तैनात किया गया था।







गांव में तनाव की स्थिति की सूचना मिलने पर डीएफओ अधर गुप्ता, एसडीओ बी.आर. सिरसाम के साथ अंबेझरी गांव पहुंचे. डीएफओ के सामने ग्रामीणों ने घटना पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया और इस तरह की घटनाओं पर जैसे भी हो रोक लगाने की मांग रखी. डीएफओ ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि बाघ की मॉनिटरिंग की जाएगी. इसके अलावा खेतों में वन्य प्राणी को आने से रोकने के लिए एक सोलर वायर का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा और भविष्य में इस तरह की घटना की पुर्नरावत्ति ना हो इसका भी ख्याल रखा जाएगा. ग्रामीणों से चर्चा करने के बाद डीएफओ अपने विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ घटनास्थल की ओर रवाना हो गए. घटनास्थल और आस-पास के हिस्से में बाघ के पदचिन्ह स्पॉट किए गए. घटनास्थल देखने के बाद डीएफओ दोबारा ग्रामीणों के पास वापस नहीं आए बल्कि एसडीओ के साथ रवाना हो गए. उनकी इस कायराना करतूत की जैसे ही ग्रामीणों को भनक लगी गांव के कुछ युवाओं ने उन्हें ग्रामीणों के बीच बुलाने के लिए उनके वाहन का पीछा किया. कथित तौर पर इन युवाओं को एसडीओ फारेस्ट के चालक ने जान से मारने और जिंदा जला देने की धमकी दी. जिससे गुस्साएं युवाओं ने गांव में वापस पहुंचते ही रेंजर बाबूलाल चढ़ार पर अपना सारा गुस्सा उतारा और उनके साथ धम्का मुक्की और मारपीट की. इसके कुछ देर बाद एक वन रक्षक के साथ भी मारपीट हुई और गांव में शव के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने एक पुलिस आरक्षक के साथ भी मारपीट की. अगर, डीएफओ घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद ग्रामीणों से संवाद करते तो शायद रेंजर के साथ जो घटना घटित हुई वह ना होती. बता दें कि आक्रोशित शराबी युवाओं ने रेंजर के साथ बेहद ही अपमानजनक व्यवहार किया. इस दौरान शुरुआती समय में पुलिस अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी रेंजर के साथ हो रहे व्यवहार पर तमाशबीन बने रहे हालांकि बाद में पुलिस ने हस्तक्षेप किया और बल प्रयोग करने की तैयारी की तब कहीं जाकर गुस्साए ग्रामीणों में भय दिखाई दिया. शाम करीब साढ़े 05 बजे वन विभाग ने पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की और ग्रामीणों जैसे-तैसे शांत किया गया और शव को अंत्येष्टि के लिए रवाना किया गया।

पठार अंचल के ग्राम गोरेघाट, कुड़वा, भोंडकी, हेटी, बड़पानी, कोड़बी, मासुलखापा, खैरलांजी, महकेपार, कन्हड़गांव, कोसुंबा, सुकली, देवरी, बांडारेव जैसे गांवों में वन्य प्राणी बाघ की चहल-कदमी देखने को मिल रही है. आए दिन इन गांवों में वन्य प्राणी बाघ को देखे जाने, बाघ के द्वारा पालतू मवेशियों के शिकार की घटनाएं सामने आती है. बीते 09 माह में हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के कुल 05 लोगों को मौत के घाट उतार दिया. इन घटनाओं के बाद गांवों में तनाव की एक बड़ी वजह सरकार की घोषणा भी है. जिस पर सरकार ने अब तक अमल नहीं किया है. दरअसल, वन्यजीव हमलों में होने वाली मौतों के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने मुआवजा राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की घोषणा कीकी है. मगर, मृतक के परिवार को आज भी 8 लाख रुपये ही मिल रहे है।

**फैक्ट फाईल...**

| घटनास्थल | मृतक | निवासी | घटना दिनांक |
|---|---|---|---|
| सिलारी | सुखराम उइके | खैरलांजी (अंबेझरी) | 22.12.2024 |
| कुड़वा | सुखराम पाने | कुड़वा | 03.05.2025 |
| कछार | अनिल भलावी | कछार (वनग्राम) | 16.05.2025 |
| रमरमा | मंगरू सराठी | सिरपुर 2 | 09.08.2025 |
| अंबेझरी | सेवकराम गोपाले | अंबेझरी | 04.09.2025 |

## इंदौर की दर्दनाक घटना के बाद रीवा अस्पताल प्रशासन सतर्क, सभी वार्डों में हुआ पेस्ट कंट्रोल, सफाई व्यवस्था को लेकर हुई समीक्षा बैठक, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रीवा।**

इंदौर के एक शासकीय अस्पताल में हाल ही में घटित हृदयविदारक घटना जहां दो नवजात बच्चों की चूहों द्वारा काटे जाने के बाद संक्रमण से मौत हो गई, पूरे मामले ने स्वास्थ्य महकमे को हिलाकर रख दिया है। इस घटना के मद्देनज़र रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल (जीएमएच) में प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है और साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश जारी किए हैं। गुरुवार को अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राहुल मित्रा और उप अधीक्षक डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आपात बैठक बुलाई, जिसमें सफाई व्यवस्था का संचालन कर रही एजेंसी के प्रतिनिधियों और जिम्मेदार कर्मचारियों को तलब किया गया। बैठक में साफ निर्देश दिए गए कि अस्पताल परिसर में चूहे दीमक और काकरोच जैसे जीवों पर नियंत्रण के लिए हर वार्ड में व्यापक पेस्ट कंट्रोल अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए। डॉ. मित्रा ने कहा कि मरीजों, विशेषकर नवजात और गहन चिकित्सा इकाइयों में भर्ती गंभीर रोगियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जो भी सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर हो, उसके पास पूरे दिनचर्या का रिकॉर्ड और उपकरण होने चाहिए। वार्डों में नियमित कीटनाशक छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।प्रबंधन ने अस्पताल के विभिन्न विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों की सफाई और पेस्ट कंट्रोल व्यवस्था पर निगरानी रखें। खासकर जहां गंभीर मरीज भर्ती हैं, उन वार्डों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए।बॉक्स चिकित्सा उपकरण भी बन रहे शिकारबता दे वार्डों और स्टोर रूम में रखे गए चिकित्सा उपकरणों को चूहे कई बार नुकसान पहुंचा चुके हैं। कीमती उपकरणों में वायरिंग और प्लास्टिक पार्ट्स को चबाने की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे मरीजों के इलाज में बाधा उत्पन्न होती है।बॉक्स बच्चा वार्ड और गायनी यूनिट पर विशेष नजरप्रशासन ने बच्चों के वार्ड और स्त्री रोग विभाग को विशेष फोकस में रखा है। गुरुवार को यूनिट 1 और 3 में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया। यहां मरीज नहीं थे, इसलिए व्यापक स्तर पर पेस्ट कंट्रोल संभव हुआ। अस्पताल के अन्य वार्डों में भी चरणबद्ध तरीके से छिड़काव किया जाएगा।





## नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ मामले में इनामी आरोपी पुणे से गिरफ्तार



**रीवा।**

जिले के महिला थाना में करीब 6 माह पहले नाबालिग लड़की ने आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ किए जाने की शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपी लड़की का पीछा कर उससे अशलिलता करता था, जिससे तंग आकर उसे 7 मार्च को परिजनों के साथ घटना की शिकायत महिला थाना में दर्ज करवाई। पीड़िता ने बताया था कि आरोपी शुभम त्रिपाठी निवासी मोहरबा उसे परेशान कर गंदे गंदे इशारा करता है। जिसके बाद महिला थाना में आरोपी शुभम त्रिपाठी पिता रामशिरोमणि त्रिपाठी निवासी मोहरबा के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया था। बताया गया कि घटना के बाद से आरोपी फरार था और वह लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 4 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी को पूने महाराष्ट से गिरफ्तार करन्यायालय में पेश किया है।

### तहसीलदार पर अधिवक्ता से मारपीट का आरोप, वकीलों में आक्रोश

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय की तहसील सोहागपुर में पदस्थ तहसीलदार सुमित गुर्जर पर गंभीर आरोप लगे हैं। राजस्व अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने तहसीलदार पर अधिवक्ता रविंद्र जायसवाल को कमरे में बंद कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस घटना से नाराज अधिवक्ता सामूहिक रूप से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के कार्यालय पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए तहसीलदार के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता रविंद्र जायसवाल किसी पेशेवर कार्य से तहसीलदार से मिलने पहुंचे थे। इसी दौरान किसी मुद्दे पर बहस हो गई। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बहस बढ़ने पर तहसीलदार ने रविंद्र जायसवाल को कमरे में बंद कर शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि सुमित गुर्जर की पदस्थापना के बाद से ही सोहागपुर तहसील का माहौल बिगड़ा हुआ है।

**गिरफ्तार सोहागी पुलिस ने यूपी के शंकरगढ़ से पकड़ा आरोपी, दुश्मन को फंसाने के लिए रची थी साजिश**

## रिटायर्ड शिक्षक ने न्यायाधीश को धमकी भरा पत्र लिखकर मांगी थी पांच अरब रुपए की फिरौती

**रीवा**

महिला न्यायाधीश को धमकी भरा पत्र भेजकर पांच अरब रुपये की फिरौती मांगने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मास्टरमाइंड आरोपी को उत्तर प्रदेश के शंकरगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। सोहागी पुलिस की सक्रियता और सायबर सेल की मदद से इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपने पुराने दुश्मन को फंसाने की नीयत से यह खौफनाक साजिश रची थी। मामला सोहागी थाना क्षेत्र के तहत आने वाली त्योंथर तहसील न्यायालय का है। यहां पदस्थ महिला न्यायाधीश मोहिनी भदौरिया को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से धमकी भरा पत्र भेजा गया था। पत्र में लिखा था कि यदि वह जिंदा रहना चाहती हैं तो पांच अरब रुपये देने होंगे। साथ ही फिरौती की रकम 1 सितंबर को शाम 7:45 बजे उत्तर प्रदेश के बरगड़ के जंगल में लाने के लिए कहा गया था। पत्र के मिलते ही न्यायालय और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। महिला जज की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा बल तैनात किया गया। मामला थाना सोहागी में गंभीर धाराओं के तहत दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। बता दे पत्र में भेजने वाले का नाम संदीप सिंह पिता छत्रपाल सिंह, निवासी सुन्दरपुर लोहगरा थाना बारा, जिला प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) लिखा गया था। पुलिस ने सबसे पहले इसी पते पर जाकर संदीप सिंह से पूछताछ की, उसकी हैंडराइटिंग लेकर पत्र से मिलान किया गया। संदीप सिंह से पूछताछ के दौरान पुलिस को अहम जानकारी मिली उसने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसका गांव के ही देवराज सिंह से विवाद हुआ था। उसी ने इसे फंसाने के लिये ऐसा पत्र लिखा होगा। जिसके बाद पुलिस डाक पत्र की जानकारी ली जहां पता लगा कि यह धमकी भरा पत्र प्रयागराज के डाक घर से रजिस्ट्री किया गया है, साथ ही डाकघर के सीसीटीवी कैमरों को चेक किया, जिसमे 28 अगस्त को आरोपी देवराज सिंह डाक घर प्रयागराज से पत्र रजिस्ट्री करता हुआ देखा गया। इसके बाद पुलिस ने देवराज सिंह को अभिरक्षा में लेकर उससे पूछताछ की तो पूरा सच सामने आ गया।बॉक्स दुश्मनी का बदला लेने की थी योजनागिरफ्तार आरोपी देवराज सिंह (74 वर्ष), पिता स्व. रामदीन सिंह, निवासी राजाकोठी, थाना शंकरगढ़, प्रयागराज ने पुलिस को बताया कि उसका गांव के ही संदीप सिंह से विवाद चल रहा था। संदीप पर उसने मारपीट का मामला बारा थाने में दर्ज कराया था, लेकिन उसे पुलिस कार्रवाई से संतोष नहीं हुआ। इसी कारण उसने संदीप को फंसाने के लिए उसके नाम से महिला जज को फिरौती मांगने वाला धमकी भरा पत्र भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से महत्वपूर्ण दस्तावेज व साक्ष्य जब्त किए और उसे न्यायालय त्योंथर में पेश कर जेल भेज दिया।बाक्स गुत्थी सुलझाने मे इसकी रही महत्वपूर्ण भूमिका महिला जज को धमकी मिलने के बाद रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल जांच के आदेश दिए। थाना प्रभारी सोहागी पवन शुक्ला, उप निरीक्षक संजीव शर्मा, प्रधान आरक्षक सतेन्द्र सिंह, आरक्षक देवेन्द्र शुक्ला, विशाल सिंह, दीपा भिलाला व सायबर सेल रीवा की टीम की सक्रियता से यह जटिल मामला सुलझाया गया।



## बदले और समझौते की नीयत से रचा ड्रामा का हुआ खुलासा

**निकली झूठी सोशल मीडिया पर वायरल अपहरण व दुष्कर्म की खबर**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सोशल मीडिया पर अमरकंटक रोड सांधा तिराहे के पास दो युवकों द्वारा युवती के अपहरण कर जंगल ले जाने और उसके साथ गलत कार्य किये जाने का वीडियो वायरल हुआ। इसी बीच 31 अगस्त की रात 8.15 बजे एक युवती ने डायल 100/112 पर सूचना दी कि उसकी नाबालिग बहन को दो अज्ञात युवक जंगल की ओर ले गए हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविन्द जैन, उपनिरीक्षक प्रवीण साहू, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, आरक्षक अब्दुल कलीम, आरक्षक प्रकाश तिवारी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने 26 वर्षीय युवती और उसकी 16 साथी को सुरक्षित बरामद कर महिला उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा के पास अग्रिम कार्यवाही हेतु थाने लाया गया। दोनों ने शुरूआत में केवट प्रसाद बनावल और दुर्गेश बनावल पर गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को हिरासत में लिया। जांच में सामने आया कि 100 डॉयल में कॉल करने वाली युवती का भाई प्रेसपाल बनावल पहले से ही नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जेल में है और पीड़िता वही दोनों युवकों की बहन है। आरोप है कि राजीनामा के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से यह साजिश रची गई थी। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन खंगाली तो पाया कि घटना के समय दोनों युवक घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं थे। पूछताछ में दोनो युवतियों ने स्वयं स्वीकार किया कि रास्ते में उनके साथ किसी भी प्रकार की घटना, छेड़छाड़ या आपराधिक कृत्य नहीं हुआ। दोनों ने व उनके पिता राजेश बनावल ने भी रिपोर्ट दर्ज कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पूरी कर रिपोर्ट एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य को सौंप दी है। अब आगे की वैधानिक कार्यवाही उनके निर्देशन में होगी।

### तत्वों ने कार में लगाई आग, लाखों का नुकसान

**उमरिया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में तत्वों ने एक टाटा इंडिका कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना में कार जलकर खाक हो गई और ठेकेदार को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा। आरईएस विभाग के माध्यम से सेमरिया में शासकीय समुदाय भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य एजेंसी पुष्पराज तिवारी यहां किराए के मकान में रहकर निर्माण कार्य का संचालन कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि रात करीब 2 बजे अचानक गंध आने पर दरवाजा खोलकर देखा तो बाहर खड़ी उनकी कार धू-धू कर जल रही थी। शोर मचाने पर लोग जुटे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आधी कार जल चुकी थी।

**एक आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार**

## विद्युत करंट लगाकर जंगली सुअर का किया शिकार



**मामला वन विकास निगम लामता परियोजना मंडल बालाघाट के अंतर्गत आने वाले परियोजना परिक्षेत्र लामता के समनापुर सर्किल के ओरम्हा के कक्ष क्रमांक 1400 का**

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।** वन विकास निगम लामता परियोजना मंडल बालाघाट के अंतर्गत आने वाले परियोजना परिक्षेत्र लामता के समनापुर सर्किल के ओरम्हा के कक्ष क्रमांक 1400 से लगे राजस्व क्षेत्र में विद्युत करंट लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया गया है। मुखबिर के सूचना के आधार पर संभागीय प्रबंधक के निर्देशन में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी आर.पी. जगरे ने अपने वन अमले के साथ वन चौकी समनापुर पहुंचकर शिकार में लिप्त आरोपी विनोद वल्द कंचनलाल जाति ढीमर उम्र 26 वर्ष निवासी रोशना समनापुर के घर से पका हुआ सूअर का मांस लगभग 2 किलोग्राम व शिकार में उपयोग लाई गई सामग्री बरामद की गई है। तथा प्रकरण पंजीबद्ध कर पीओआर प्रकरण क्रमांक 202/02 दिनांक 2 सितम्बर को जारी किया गया। इसके अंतर्गत वन्यजीव सरंक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं। उक्त आरोपी के निशानदेही पर मौके स्थल का निरीक्षण किया गया। निरिक्षण स्थल पर जंगली सुअर को विद्युत प्रवाह से मारा गया तथा उक्त स्थान से उठाकर नाले किनारे ले जाकर काटा गया। वहीं स्थल निरीक्षण कर पंचनामा बनाया गया तथा आरोपी विनोद वल्द कंचनलाल उके जाति ढीमर को पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। तथा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर उक्त आरोपी को जेल भेज दिया गया है। वही उक्त शिकार मामले में 3 सहआरोपी फरार हैं, जिसकी तलाश जारी हैं जिन्हे जल्द ही पकड़कर माननीय न्यायालय में पेश किया जावेगा। उक्त कार्यवाही में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी आर.पी. जरगे, सहायक परियोजना परिक्षेत्र सतीश कुमार कुम्हारे, रवि कुमार भारतीया, वनरक्षक जितेन्द्र कुमार बांगरे, शीतल कुमार दुबे क्षेत्ररक्षक, वाहन चालक कलीम खान, सुरक्षा कर्मिक सुरजलाल हनवत, राजकुमार इनवाती, प्रेमसिंह, राजेश, मिथुन धुर्वे की अहम भूमिका रही।

# अवैध संबंधों के चलते तीसरी पत्नी ने पति की जीवन लीला की समाप्त

**प्रेमी और मजदूर से मिलकर कराई हत्या**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी, एसडी ओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा ग्राम सकरिया में भैयालाल रजक (60 वर्ष) की अपने घर के पीछे खेत के कुंए में बोरा और कम्बल से लिपटी एवं साड़ियो से बंधी मिली लाश के मामले में अंधे हत्या काण्ड का सनसनीखेज खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी एवं दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 31.08.2025 को गुड्डी रजक पति भैयालाल रजक उम्र करीब 42 साल निवासी जैतहरी अनूपपुर के द्वारा थाना कोतवाली पहुंचकर सूचना दी गई कि ग्राम सकरिया में पति भैयालाल रजक का शव घर के पीछे खेत में बने कुंए के पानी में उतराते हुए देखा गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में मर्ग क्रमांक 71/25 धारा 194 बी.एन.एस.एस. पंजीबद्ध किया गया। एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, टी. आई. कोतवाली अरविन्द जैन, एफ.एस.एल. वैज्ञानिक अधिकारी डाक्टर प्रदीप अहिरवार (शहडोल), फिन्गर प्रिन्ट विशेषज्ञ उपनिरीक्षक गिरजा शंकर गौतम (शहडोल) के प्लाटून कमाण्डर रामनरेश भवेदी, पुलिस डाग वीरा ट्रेकर के साथ घटनास्थल पहुंचकर कुंए से मृतक भैयालाल रजक का शव बरामद किया गया। उक्त शव जूट के बोरे एवं कम्बल में लिपटा हुआ एवं जूट की रस्सी एवं दो साड़ियो से बंधा हुआ कुंए से बरामद हुआ जो मृतक भैयालाल रजक के सिर पर पीछे की ओर गहरी चोट से गहरा घाव होना पाया गया था। पुलिस उपमहानिरीक्षक शहडोल रेन्ज शहडोल सुश्री सविता सोहाने एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण एवं साक्षियों से पूछताछ कर जांच टीम को निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा गहन छानबीन एवं साक्ष्य संकलन पर मृतक भैयालाल रजक की तीसरी पत्नी मुन्नी उर्फ विमला रजक उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम सकरिया, उसके प्रेमी लल्लू उर्फ नारायण दास कुशवाहा पिता राममनोहर कुशवाहा उम्र करीब 48 वर्ष निवासी वार्ड न. 13 पुरानी बस्ती अनूपपुर एवं घर पर काम करने वाले मजदूर धीरज कोल पिता समयलाल कोल उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम सकरिया अनूपपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के द्वारा अंधी हत्या काण्ड का खुलासा करते हुए विवेचना में पाया गया कि मृतक भैयालाल रजक की तीन शादियां हुई है पहली पत्नी ग्राम मझगवां जिला शहडोल की शादी के कुछ दिनो बाद ही छोड़कर चली गई वर्तमान में भैयालाल रजक की दो पत्नियां है, पहली पत्नी गुड्डी बाई को कोई संतान ना होने से भैयालाल रजक ने गुड्डी बाई की छोटी बहन मुन्नी बाई रजक से भी शादी कर ली थी जिससे भैयालाल रजक को दो संतान है। मृतक भैयालाल रजक की ग्राम सकरिया एवं परसवार में कीमती पैतृक जमीन है, जिसको विक्रय कराने के लिए दलाल लल्लू उर्फ नारायण दास कुशवाहा का पिछले चार-पांच वर्ष से भैयालाल रजक के घर पर आना जाना होता था, इसी बीच मुन्नी बाई रजक का लल्लू उर्फ नारायणदास कुशवाहा से प्रेम संबंध हो गया जिसके चलते 30 अगस्त को मुन्नी बाई ने लल्लू उर्फ नारायणदास और घर पर काम करने वाले लेवर धीरज कोल के साथ मिलकर योजना बनाई कि वह जैतहरी अपनी बड़ी बहन गुड्डी रजक के पास चली जायेगी जो रात में घर पर अकेले भैयालाल रजक रहेगा जिसकी हत्या करनी है, जिसके बाद वह लल्लू उर्फ नारायणदास कुशवाहा से शादी कर लेगी। आपराधिक षडयन्त्र के अनुसार रात्रि करीब 2-02.30 बजे लल्लू उर्फ नारायणदास कुशवाहा और धीरज कोल मृतक भैयालाल रजक के निर्माणाधीन मकान में घुसे और परछी में बिछी खटिया पर सो रहे भैयालाल रजक को निर्माणाधीन सामान में पड़े लोहे की राड से सिर में मारकर हत्या कर दी और साक्ष्य नष्ट करने के लिए घर पर पड़े जूट के बोरे और कम्बल में भैयालाल रजक की लाश को लपेटकर जूट की रस्सी से बांधकर घर के पीछे खेत में बने कुँए में फेंक दिया।




न्यू बिल्डिंग जेल लाइन में अतुल सिंह के यहां गणेश प्रतिमा स्थापित।


श्री बाबा बर्फानी परिवार जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक।


रॉयल सरकार गणेश उत्सव समिति सुहागी।



जबलपुर। मां रेवा गणेशोत्सव समिति फूटाताल।


श्री नवीन गणेश समिति गोपालबाग के राजा।


महिला मंडल गणेश उत्सव समिति ई.डब्ल्यू.एस. ग्रीन सिटी।


श्री गणेश उत्सव समिति पटेल मोहल्ला सालीवाड़ा गौर।


डबल स्टार गणेश उत्सव समिति मुलिया बाई की धर्मशाला शीतला माई।


यादव युवा संस्था गणेश उत्सव समिति बड़ी ओमती।


श्री जगन्नाथ अखाड़ा, रतन नगर कालोनी में स्थापित गणेश प्रतिमा।

# शिक्षक भविष्य के निर्माता होते है

## एपीएन में हुआ शिक्षक दिवस कार्यक्रम

**जबलपुर।** शिक्षक भविष्य के निर्माता होते है, शिक्षक ही वह सीढी है जो मूर्तिकार की तरह विद्यार्थियों को तराश कर उनका भविष्य बनाते है। जिस प्रकार मूर्तिकार कच्ची मिट्टी को तराश कर उसे अपनी पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी से मूर्ति का रूप देता है, उसी प्रकार शिक्षक भी विद्यार्थियों को तराश कर उनका भविष्य बनाते है। यही विद्यार्थी आगे चलकर अपनी मेहनत से अपना और देश का भविष्य निर्मित करते है। उक्त आशय के उद्गार एपीएन गुरप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीटयूशन्स के अध्यक्ष चमन




श्रीवास्तव ने शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर व्यक्त किये। अपने उदबोधन में उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिये शिक्षक दिवस डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है जो कि एक प्रख्यात शिक्षाविद महान दार्शनिक और भारतीय संस्कृति के सम्वाहक थे। उनके दर्शन और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिये 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके जनम्दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम का प्रारंभ मॉ सरस्वती एवं सर्वपल्ली डा राधा कृष्णनन के तैलचित्र पर माल्यापर्ण से हुआ। तत्पश्चात इंस्टीटयूशन्स के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसमें गीत एवं नाटक का मंचन प्रमुख थे। संस्था अध्यक्ष एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट आने पर सम्मानित किया गया।



## प्रदेश स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए नरेंद्र उरमलिया

**जबलपुर।** सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडिकल गढ़ा में पदस्थ शिक्षक नरेंद्र उरमलिया शिक्षक दिवस पर राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए। डॉ नरेंद्र उरमलिया अपने कार्यक्षेत्र में कुशलता के साथ साथ लगातार पौधा रोपण और बच्चों को निःशुल्क गीता और अन्य प्रेरणादायी किताबें वितरण करते हैं।

# किसानों की मूंग उड़द खरीदी में गोलमाल को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** समाजवादी पार्टी ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि बरगी विधानसभा के ग्राम मजिठा के किसान जिन्होंने नियमानुसार अपनी मूंग उड़द की बिक्री मजिठा वेयर हाउस में की थी, पिछले एक माह से मूंग और उड़द की खरीदी समिति प्रबंधक कमल सिंह ठाकुर एवं आपरेटर राजपाल सिंह राजपूत एवं अतिरिक्त आपरेटर दीपेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा की गई थी, जिसमें लगभग 150 किसानों की आज दिनांक तक खातों में उनके बेचे गये मूंग उड़द का भुगतान नहीं हुआ है जिसके चलते किसान अपने निजी कार्य नहीं कर पा रहा है और कर्ज के चलते लोगों के पैसे नहीं चुका पा रहा है। हमें पता चला है कि प्रशासन द्वारा विगत दिनों भ्रष्टाचार के संबंध में अधिकारी जाँच चल रही है पर इस जांच के चलते अन्नदाता



जिसने अपने नियमानुसार अनाज का सोसायटी को विक्रय किया था, वो संकट झेल रहा है और जिनके द्वारा यह भ्रष्टाचार किया गया वो मुक्त होकर घूम रहे, हमें प्रशासन द्वारा पता चला है कि एम.एल.टी. वेयर हाउस आदेश तिवारी और उनके सहयोगी व्यापारी विनित पटेल, मनीष पटेल, गोलू पटेल, संजय पटेल, योगेन्द्र पटेल, अभिषेक गुप्ता, जुगल पटेल की सांठगांठ से फर्जी एन्ट्री समिति आपरेटर राजपाल सिंह एवं अतिरिक्त आपरेटर दीपेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा इनके बिना माल एवं बिना कट्टे पर्ची के लगभग 800 क्विंटल की फर्जी एन्ट्री की गई थी जो कि अभी तक इनका माल गोदाम परिसर में नहीं पाया गया है जिसके चलते बेकसूर किसानों को उनके अनाज का भुगतान नहीं किया जा रहा है।



## ज्ञान आश्रय निःशुल्क कोचिंग क्लास में मनाया गया शिक्षक दिवस

**जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा पंडित लज्जाशंकर झा माडल स्कूल जबलपुर में संचालित यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लास में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक गहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी, सर्वे ऑफ इंडिया के वरिष्ठ सर्वेयर श्री मोहन चक्रवैश्य,मॉडल हाई स्कूल की प्राचार्य श्रीमती उपमा गुप्ता, और ज्ञान आश्रय निःशुल्क कोचिंग के प्रबंधक श्री बलराम प्रजापति, सहायक संचालक संतोष सेंगर, शिक्षक के के चौबे, के एस कौरव, श्रीमती पूजा द्विवेदी, जी एस दिवाकर और अभ्यर्थी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अभिषेक गहलोत ने अपने संबोधन में शिक्षकों की भूमिका को समाज के निर्माण में आधारभूत बताते हुए कहा, ₹शिक्षक न केवल ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र और भविष्य को संवारने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ज्ञान आश्रय जैसे संस्थान शिक्षा को जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

## आशियाना संस्कार समिति ने रौपे पौधे

**जबलपुर।** आशियाना संस्कार समिति के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर



पांचवीं ग्राम पंचायत हीरापुर बंधा जनपद शहपुरा में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर समिति के द्वारा 500 से अधिक विभिन्न प्रकार के फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण कर प्रकृति व पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया गया। आशियाना संस्कार समिति का प्रमुख उद्देश्य प्रकृति व पर्यावरण को बचाना है, जिसके तहत निरंतर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है और जनमानस को जागरूक कर अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण कर आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# शिक्षक के बिना किसी भी छात्र का जीवन अधूरा

## शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

**जबलपुर।** 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा जिला स्तरीय शिक्षक दिवस कार्यक्रम पंडित लज्जा शंकर झा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबलपुर के सभा कक्ष में उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायाधीश विशाल मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव, उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली, पूर्व प्राथमिक



प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य श्री राम मोहन तिवारी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुप्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन,दीप प्रज्वलन एवं डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। प्रारंभ में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा डॉ राधाकृष्णन के जीवन परिचय एवं शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने शिक्षक महत्व बताते हुए कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें बताया गया कि जबलपुर जिले के 11 सेवा निवृत प्राचार्य शिक्षक, 5 अशासकीय विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक ,17 वर्तमान में कार्यरत प्राचार्य,70 वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों का सम्मान संकुल प्राचार्य की अनुशंसा के आधार पर शिक्षकों को सम्मान हेतु चयनित किया गया है।

## दसलक्षण महापर्व के उत्तम संयम की दुल्हन प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर।** शासनो उदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र जैन बड़ा मंदिर हनुमानतल ट्रस्ट कमेटी के सहयोग से अखिल दिगंबर भारतवर्षीय महिला परिषद सुंदरी संभाग मुनिसुब्रत नाथ शाखा के अंतर्गत पर्युषण दसलक्षण महापर्व के उत्तम संयम के दुल्हन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें सभी प्रतिभागी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने हुनर को दर्शाया इस प्रतियोगिता में तीन राउंड रखे गए परिचय धार्मिक भजन में डांस एवं क्वेश्चन आंसर राउंड जिसमें प्रथम स्थान श्रीमती अंशिका जैन द्वितीय स्थान आस्था जैन एवं तृतीय स्थान श्रेया जैन का रहा और दो प्राइस सांत्वना रखे गए हमारे इस प्रोग्राम निर्णायकगण श्रीमती सरिता जैन अट्रैक्शंस ब्यूटी पार्लर संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन एवं शाखा अध्यक्ष श्रीमती नेहा जैन ने किया संभागीय सचिव श्रीमती स्वाति जैन, सचिव निधि जैन ,कोषाध्यक्ष आस्था जैन , सरिता, अवनी ,कीर्ति ,सोनम, आरती, नीता, श्रेया, स्वाति ,आदि बहनों की उपस्थिति रही।

# धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में हुई संवेदीकरण पर कार्यशाला

**जबलपुर।**

धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में अरमान फाउंडेशन के प्रोग्राम बंधुत्व प्रोजेक्ट संजीवनी के अंतर्गत LGBT समुदाय के प्रति संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लॉ के छात्र छात्राओ ने LGBTQIA+ की व्याख्या और समुदाय की समस्याओं को जाना,ओर समझा की ये भी समाज का अहम हिस्सा हैं, उनहे उचित व्यवहार और संवेदनशीलता की आवश्यकता है, संविधान की मुख्य धारा का महत्वपूर्ण अंग है, संविधान में उनके अधिकारो का उल्लेख को बताया गया।




प्रोग्राम का संचालन प्रोफेसर अशित श्रीवास्तव जी ने किया, प्रोग्राम में प्रोफेसर भारती शुक्ला, डॉ नमिता पराशर, सी एस ओ राजेश झरिया, फैमिली प्लानिंग इंडिया से रविकिशन गौतम ,मनीषा पटेल, अरमान फाऊंडेशन से अब्दुल रहीम ( चंदा मैडम),निज मोहन (निज्जो) कार्यक्रम निर्देशक, भारती राय (कार्यक्रम समन्वयक), उमेश नेगी (परामर्श दाता), चंदशेखर (चांद),नमन उसरेठे, और धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 100छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बरगी जिला जबलपुर**
राजस्व प्रकरण क्रमांक - 1500/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक:-1/9/25
**आम इश्तहार**
ग्राम सालीवाड़ा तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालगोविंन्द/जालिम सिंह ने ग्राम सालीवाड़ा प.ह.नं. 53 स्थित भूमि ख.नं. 81,82,80/3 रकवा 0.1910 हे., 0.1860हे., 0.1560 हे. भूमि पर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 15/9/25 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।
जारी दिनांक -1/9/2025
पेशी दिनांक - 15/9/2025
सील
न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
बरगी वृत्त, (जबलपुर)

# नॉन इंजीनियर की धांसू इंजीनियरिंग! पानी सप्लायर ने 35 हजार में बनाया जहाज

**समस्तीपुर।** बिहार का नाम सुनते ही लोगों के जहन में शिक्षा, संघर्ष और जुगाड़ तकनीक की एक अलग ही तस्वीर उभरती है। यहां के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस जरूरत होती है सही दिशा और थोड़े सहयोग की। ऐसी ही एक मिसाल बने हैं समस्तीपुर जिले के बिथान प्रखंड के रहने वाले राकेश पाल, जिन्होंने बिना किसी इंजीनियरिंग डिग्री के महज करीब 35,000 में पानी में चलने वाला देसी जहाज तैयार कर दिया। बाढ़ से जूझते इस इलाके में राकेश का यह आविष्कार अब उम्मीद की नई नाव बनकर उभरा है, जो न सिर्फ स्थानीय लोगों की मदद करेगा, बल्कि सरकारी सिस्टम को भी आईना दिखा रहा है।

### बाढ़ के संकट में बना जीवन रक्षक

बिथान इलाका हर साल बाढ़ की चपेट में आता है। नावों की भारी कमी और संसाधनों की अनुपलब्धता में यह देसी जहाज अब एक बड़ा सहारा बन सकता है। राकेश बताते हैं कि उन्होंने यह काम एक महीने में पूरा किया। शुरुआत में लोगों ने उनका मजाक उड़ाया।कहा, समय बर्बाद कर रहा है। लेकिन, अब वही लोग तारीफ करते नहीं थक रहे। परिवार वालों ने भी पहले खर्च को लेकर नाराजगी जताई, लेकिन राकेश के संकल्प के आगे सबको चुप होना पड़ा। उनका मानना है कि अगर उन्हें थोड़ी सी आर्थिक और तकनीकी मदद मिले, तो वे ऐसे और कई नवाचार कर सकते हैं, जो समाज के लिए बेहद उपयोगी साबित हों।

### जुगाड़ से बना जहाज, जिसने तकनीक की सीमाएं तोड़ीं



राकेश ह पेशे से एक पानी सप्लायर हैं, जो गांव-गांव जाकर लोगों को पानी मुहैया कराते हैं। इसी काम से जो थोड़ी बहुत कमाई होती है, उसी में से पैसा जोड़कर उन्होंने यह देसी जहाज तैयार किया है। लकड़ी से तैयार ढांचा, मोटरसाइकिल के इंजन से चलने वाली मशीन, कबाड़ से खरीदी गई बैठने वाला सीटें और मोटरसाइकिल की चेन से बना स्टीयरिंग सिस्टम, ये सब बताने के लिए काफी है कि राकेश की सोच कितनी व्यावहारिक और अनोखी है। यह नाव पेट्रोल से चलती है और इसमें 6 से 7 लोग आसानी से बैठ सकते हैं। इसकी रफ्तार 40 किमी/घंटा तक है, जो किसी देसी जुगाड़ के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### बिहार का जुगाड़ नहीं असली इनोवेशन है ये

राकेश की यह जुगाड़ वाली कहानी यह साबित करती है कि जुगाड़ सिर्फ काम चलाऊ तरीका नहीं होता, बल्कि यह भारत के नवाचार की असली पहचान है। जब बड़े-बड़े इंजीनियर करोड़ों खर्च करके समाधान ढूंढने में असफल हो जाते हैं, तब राकेश जैसे युवा चंद हजारों में वह कर दिखाते हैं, जिसे देखकर वैज्ञानिक भी चौंक जाते हैं। बिहार के गांवों में ऐसे कई अनसंग हीरो छिपे हैं, जिनका सही मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो वो तकनीक की दुनिया में क्रांति ला सकते हैं। राकेश पाल का यह पनिया जहाज न सिर्फ देसी जुगाड़ की जीत है, बल्कि यह एक संदेश भी है, प्रतिभा डिग्री की मोहताज नहीं होती।

## परपोती के साथ मॉल में शॉपिंग करने पहुंची 106 साल की महिला



**चंडीगढ़।** 106 साल की एक महिला का अपनी परपोती के साथ शॉपिंग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। इंस्टाग्राम यूज़र यशवी रहेजा द्वारा पोस्ट की गई यह छोटी क्लिप पंजाब के राजपुरा स्थित वीटीसी फैशन मॉल में रिकॉर्ड की गई थी। इसमें एक 106 साल की महिला, जिन्हें प्यार से परदादी कहा जाता है, बहुत खुश होकर अपने लिए कपड़े पसंद करती नज़र आ रही हैं। वीडियो में एक टेक्स्ट भी था जिसमें लिखा था, 'उन्होंने कई पीढ़ियों को शादी करते देखा है और अब वो मेरे लिए खरीदारी कर रही हैं। 106 साल की उम्र में उनके लिए खरीदारी करने का सौभाग्य पाकर मैं बेहद खुशकिस्मत हूं। वीडियो में परदादी पूरे मन से शॉपिंग में बिजी दिखाई दे रही हैं, अपने लिए कपड़े चुनने की कोशिश कर रही हैं और उनकी परपोती उनके बगल में मुस्कुरा रही है। सोशल मीडिया यूज़र्स ने कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफों की बाढ़ ला दी। उन्हें एक प्रेरणा, एक आशीर्वाद और यह साबित करने वाला कि उम्र सिर्फ़ एक संख्या है, बताया।

# तुर्की में कब्र से मिली 2,100 साल पुरानी देवता की मूर्ति!



**अंकारा।** दक्षिण-पूर्वी तुर्की में एक पुरानी कब्र से मिस्र के देवता जिनका नाम पटाइकोस है, बहुत ही पुरानी और दुर्लभ मूर्ति मिली है। इस मूर्ति की उम्र फिलहाल 2,100 साल बताई जा रही है। यह मूर्ति पोरे नाम के प्राचीन शहर में मिली है जो कभी कोमाजीन साम्राज्य का बड़ा केंद्र हुआ करता थी। बता दें कि तुर्की में इस तरह की ये पहली खोज है। इस खोज से पता चलता है कि मिस्र और यूनानी दुनिया के बीच कफी अच्छे संबंध थे और ये आपस में संस्कृतियों का आदान-प्रदान भी करते थे। साथ ही ये मूर्ति प्राचीन कोमाजीन शहर के बारे में भी बताती है। अदियमन संग्रहालय के निदेशक मेहमत अलकने का कहना है कि, खुदाई के दौरान पहली बार ऐसी कोई मूर्ति मिली है।

- वैज्ञानिकों बता रहे अब तक की सबसे बड़ी खोज

### वैज्ञानिकों ने मकबरे के बारे में क्या कहा?

इस मकबरे की बनावट सीढ़ी जैसी थी, इसलिए इसे 'अनंत काल की सीढ़ी' कहा जाता है। इसके अलावा ये मकबरा कोमागेने सभ्यता की संस्कृति और सोच को भी दिखाता है। यह मकबरा चट्टान को काट कर बनाया गया है, जिसमें 14 लोगों के शव रखे गए थे। ये लोग शायद उस इलाके अमीर या मशहूर लोग रहे होंगे। मकबरे के अंदर मिली चीजें और इसकी बनावट बताती है कि यहां के लोग अपनी पुरानी परंपराओं के साथ-साथ दूसरी संस्कृतियों में भी विश्वास रखते थे।

### मकबरे में क्या-क्या मिला?

पुरातत्वविदों को यहां मोती, ताबीज और छोटी मूर्तियां का खजाना मिला, लेकिन इसमें जो सबसे खास था वह है पटाइकोस की मूर्ति। पटाइकोस मिस्र के एक बौने देवता हैं जिसे बुरी आत्माओं को दूर भगाने और मरने के बाद लोगों की आत्माओं को रास्ता दिखाने वाला माना जाता था। यह खोज तुर्की के लिए बड़ी सफलता है, क्योंकि इससे पहली बार ये पता चला है कि मिस्र की मान्यताएं दूर-दराज के इलाकों में भी थीं।

# धरती के करीब से 45,000 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से सनसनाता निकला ऐस्टरॉइड

वॉशिंगटन। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने बयान में कहा है कि एक विशालकाय ऐस्टरॉइड की चपेट में आने से हमारी धरती बाल बाल बची है। नासा की हालिया खोज के मुताबिक, 2025 क्यूडी8 नाम का ऐस्टरॉइड, बुधवार यानी 3 सितंबर को धरती के काफी करीब से गुजरा रहा है। वैज्ञानिकों ने इस दुर्लभ नजारे को देखने की बात कही है। नासा ने कहा है कि ये ऐस्टरॉइड चंद्रमा से भी करीब से गुजरा रहा है। हालांकि, इस वजह से धरती पर कोई खतरा महसूस नहीं किया गया है। नासा ने कहा है कि यह ऐस्टरॉइड पृथ्वी से करीब 135,500 मील यानी 218,000 किलोमीटर की दूरी से गुजरा हो। रिपोर्ट के मुताबिक ये ऐस्टरॉइड करीब 22 मीटर चौड़ा था, जिसकी रफ्तार करीब 45,000 किलोमीटर प्रति घंटे दर्ज की गई है। ये ऐस्टरॉइड तीन सितंबर की सुबह 11 बजे (ईटी) के आसपास धरती के पास से गुजरा है। नासा ने अब पुष्टि कर दी है कि यह पिंड किसी तरह का खतरा नहीं था, लेकिन इसकी नजदीकी ने वैज्ञानिकों को अध्ययन का बेहतरीन अवसर दिया। ऐस्टरॉइड 2025 QD8 को पृथ्वी के 'नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट' की श्रेणी में रखा गया है, यानी वह अंतरिक्ष पिंड जो धरती की कक्षा के बेहद करीब आता है।

### ऐस्टरॉइड की चपेट में आने से पृथ्वी बाल-बाल बची!



### सौ वर्षों तक टकराने का खतरा नहीं

आपको बता दें कि इससे पहले हाल ही में एक और छोटा ऐस्टरॉइड 2025 क्यूवी5, जो करीब 11 मीटर का था, वो भी धरती से करीब 8 लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरा था। ऐसे छोटे-छोटे ऑब्जेक्ट्स के अध्ययन से वैज्ञानिक धरती की सुरक्षा प्रणाली और ऑर्बिटल भविष्यवाणियों को और बेहतर बनाते हैं। अब नासा का कहना है कि आने वाले 100 सालों तक कोई भी ज्ञात ऐस्टरॉइड धरती से टकराने का गंभीर खतरा नहीं है। फिर भी नासा की टीम लगातार ऐस्टरॉइड पर नजर रखेगी।



### इस खगोलीय नजारे के गवाह बने लोग

नासा के स्मॉल-बॉडी डेटाबेस के मुताबिक 140 मीटर से छोटे ऐस्टरॉइड शायद ही कभी धरती के लिए वैश्विक स्तर पर खतरा बनते हैं। फिर भी इनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखना वैज्ञानिकों की प्राथमिकता है। यही वजह है कि नासा के सेंटर फॉर नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज और प्लानेटरी डिफेंस कोऑर्डिनेशन ऑफिस लगातार ऐसे ऑब्जक्ट को मॉनिटर करते रहते हैं, और भविष्य में किसी संभावित ख़तरे की भविष्यवाणी करते हैं। नासा ने इस दुर्लभ दृश्य को यूट्यूब पर लाइव-स्ट्रीम भी किया गया था, जिससे दुनिया भर के लोग अपने घर बैठे इस खगोलीय नजारे के गवाह बने।

## प्रतिबंधित सामान की ऑन लाइन डिलीवरी करना भी कानूनन अपराधः हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने साफ किया है कि प्रतिबंधित सामान की आनलाइन डिलीवरी करना भी कानूनन अपराध है। कोर्ट ने कहा कि, ऐसा नहीं कहा जा सकता कि डिलीवरी बाय या वेयर हाउस प्रदाता की कोई जिम्मेदारी नहीं है। यह मामला रायपुर के मंदिर हसौद में लूट और हत्या से जुड़ा है, जिसमें फ्लिपकार्ट के जरिए डिलीवर किए गए प्रतिबंधित सामान का इस्तेमाल हुआ था। इस पर वेयर हाउस और डिलीवरी सुविधा देने वाले दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। पार्सल डिलीवरी करने वाले दिनेश कुमार साहू और अभनपुर के इलास्ट्रिक रन कूरियर के संचालक हरिशंकर साहू दोनों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर खुद को निर्दोष बताते हुए कार्रवाई रद करने की मांग की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

## थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी पर होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी से जुड़ी एक खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले में जनहित याचिका दायर करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने पुलिस थानों में मानवाधिकार उल्लंघन को रोकने सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था।

### कोर्ट ने दिए थे निर्देश

शीर्ष अदालत ने कहा था कि सीसीटीवी प्रणाली 'नाइट विजन' से लैस होना चाहिए और इसमें ऑडियो और वीडियो फुटेज होने चाहिए। उसने कहा कि केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए ऐसी प्रणाली खरीदना अनिवार्य होगा जिसमें कम से कम एक साल तक डेटा स्टोर किया जा सके।

## जेम पोर्टल से खरीदी में अनियमितताएं, सरकार सतर्क अब एक करोड़ रुपए से ऊपर के हर सौदे पर नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में हर सरकारी खरीदी जेम पोर्टल से करना अनिवार्य है, लेकिन इन सौदों को लेकर कई विभागों में अनियमितता सामने आने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने जेम से खरीदी के मामले में अब सभी प्रशासकीय विभागों को एक करोड़ तक के सौदे पर खास नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है। यह सौदा चाहे किसी वस्तु का हो या सेवा का। यही नहीं, अब किसी भी खरीदी के लिए किसी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए कोई भी शर्त नहीं जोड़ी जा सकेगी**एक करोड़ से अधिक के सौदे पर रहेगी नजर**वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने सभी प्रशासकीय विभागों से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विभाग में अधिक मूल्य के क्रय की जाने वाली वस्तु एवं सेवा के सौदे पर समुचित पर्यवेक्षण किया जाए। यानी नजर रखी जाए। विशेष रूप से वह सौदा जिसमें एक वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपए से अधिक का सौदा किया जा सौदा किया जा रहा हो।

### ये है मामला

राज्य में छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 के मुताबिक भारत सरकार के जेम पोर्टल से वस्तुओं और सेवा के क्रय का प्रावधान किया गया है। यह खरीदी राज्य के सभी विभागों द्वारा की जाती है। लेकिन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग का कहना है कि हाल ही में कतिपय विभागों के द्वारा क्रय में कुछ अनियमितताएं प्रकाश में आई है। इसी गड़बड़ी के मद्देनजर अब राज्य के सभी भार साधक सचिवों को निर्देश दिए गए हैं।

### कोई भी अनुचित शर्त रखकर खरीदारी नहीं

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने ये भी कहा है कि विभाग के अंतर्गत अधिक मूल्य की कुछ ऐसी वस्तुएं या सेवाएं हो सकती है जिनकी खरीदी हर साल किया जाना आवश्यक हो या जिनका क्रय अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा किया जाना आवश्यक हो, ऐसी वस्तु या सेवा के विवरण स्पेसिफिकेशन में एकरूपता होनी चाहिए।

# मणिपुर, केरल में सबसे कम नवजातों की गई जान

### 2013 में हर 1000 जन्मे बच्चों में से 40 से घटकर अब 25 के स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारत में लंबे समय से शिशु मृत्यु दर एक गंभीर चिंता का विषय रहा है। हालांकि आधुनिक चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, टीकाकरण अभियान, प्रसव के दौरान बेहतर मेडिकल सुविधाओं के चलते इसमें उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। फिलहाल, भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश में शिशु मृत्यु दर (इन्फेंट मोर्टालिटी रेट-आईएमआर) में काफी सुधार देखा गया है। ये साल 2013 में हर 1000 जन्मे बच्चों में से 40 से घटकर अब 25 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है।

### यह है आईएमआर

गौरतलब है कि आईएमआर एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संकेतक है जो एक वर्ष में प्रति 1,000 जीवित जन्मों में बच्चों की मृत्यु की संख्या को परिभाषित करता है। ये संख्या जितनी कम होगी, स्वास्थ्य सेवा की पहुंच उतनी ही बेहतर मानी जाती है।



### यह है छत्तीसगढ़ की स्थिति

एसआरएस 2023 की रिपोर्ट के अनुसार शिशु मृत्यु दर में साल 1971 की तुलना में 80 प्रतिशत की गिरावट आई है, उस साल आईएमआर 129 था। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में आईएमआर का उच्चतम स्तर 37 रिपोर्ट किया गया जबकि सबसे कम मणिपुर (3) में था। केरल 21 बड़े राज्यों में से एकमात्र ऐसा राज्य था जिसने सिंगल डिजिट शिशु मृत्यु दर (5) दर्ज किया। यह देश में मणिपुर के बाद दूसरे स्थान पर है।

### जन्म दर में भी आई कमी

रिपोर्ट से पता चलता कि पिछले पांच दशकों में देश में जन्म दर भी कम हुआ है, ये 1971 में 36.9 से घटकर 2023 में 18.4 रह गया है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म दर अधिक रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशक में जन्म दर में लगभग 14 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो 2013 में 21.4 से घटकर 2023 में 18.4 हो गई है। बिहार में जन्म दर सबसे अधिक 25.8 रही, जबकि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 2023 में 10.1 के साथ सबसे कम पर था।

आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 9202613238, 9229187457 (रायपुर/19/सितम्बर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5980



**बाएँ से दाए-**
1.एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4.दान देने वाला-4
7.सवारी गाड़ी-2
8.संख्या,रत्न-2
10.जाप,मंत्र पाठ-2
12.आक्रमणकारी-5
14.अपशिष्ट पदार्थ-2
15.दिन,प्रहार-2
16.भीगा हुआ-2
17.शिशु,पैदा हुआ बच्चा-4
19.कीमती-4
20.आलसी,निष्ठाहीन-5
21.जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22.गारंटी,मुचलका-4
24.रिश्तेदार-2
25.शेर,नाहर-2
26.पिटाई,चोट-2
27.निम्नता,न्यूनता-5
31.परिणाम,निष्कर्ष-2
32.महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33.मूल,कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2.सवेरा,भोर-3
3.सांभर जैसा आहार -3
4.दैत्य,असुर-3
5.शहर-3
6.तरुण,जवान-4
9.एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11.ईश्वर,रब-7
13.डांट,फटकार, भर्त्सना -3,4
14.भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18.अधीन-3
19.निवेदन,प्रार्थना-3
21.असमतल-4
23.धमाका, सनसनी-4
27.करिश्मा-3
28.बारीक-3
29.कपड़े धोनेवाला-3
30.पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5979 का हल



## सूडोकू नवताल - 5990

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5989 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |




# सेंसर बोर्ड के 23 कट्स से 6 मिनट छोटी हुई बागी-4

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'बागी' की चौथी फिल्म इस हफ्ते पर्दे पर उतरने को तैयार है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की 'बागी 4' शुक्रवार यानी 5 सितंबर को रिलीज हो रही है, लेकिन रिलीज से पहले ही सेंसर बोर्ड की ओर से 23 कट्स लगाए गए हैं। इसमें धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले सीन, आपत्तिजनक डायलॉग और खून-खराबे वाले कई विजुअल शामिल हैं। इन कट्स के चलते फिल्म की लंबाई 2 घंटे 43 मिनट से घटकर 2 घंटे 37 मिनट रह गई है। फिल्म में ऐसे कई सीन थे जिन्हें पूरी तरह हटाना पड़ा। उदाहरण के तौर पर, टाइगर श्रॉफ का ताबूत पर खड़ा होना।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## शक्ति कपूर के साथ देखी हीरो नंबर 1

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने अपने पिता शक्ति कपूर का जन्मदिन खास अंदाज में मनाया। उन्होंने 1997 की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'हीरो नंबर 1' अपने पिता के साथ देखी और इसे 'बापू बर्थडे धमाल' नाम दिया।

श्रद्धा ने हाल ही में सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह और शक्ति कपूर फिल्म देखते हुए हंस रहे हैं। यह खास वीडियो श्रद्धा ने अपने पिता और बॉलीवुड एक्टर शक्ति कपूर के जन्मदिन पर शेयर किया। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जो शक्ति कपूर की फिल्म 'हीरो नंबर 1' का है। इस वीडियो के साथ श्रद्धा ने कैप्शन में लिखा, अंत तक देखें कि कौन देख रहा है। बापू का जन्मदिन धमाल - शक्ति कपूर। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रद्धा जल्द ही लक्ष्मण उटेकर की एक पीरियड ड्रामा फिल्म में नजर आएंगी, जिसे 'स्त्री' के निर्माता दिनेश विजान प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म नवंबर 2025 में शुरू हो सकती है और 2026 में रिलीज हो सकती है। श्रद्धा ने निर्माता एकता कपूर के साथ भी कई फिल्मों का करार किया है। खबर है कि उनकी पहली फिल्म में वह आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आ सकती हैं। इसके अलावा, वह 'तुम्बाड' के निर्देशक राही अनिल बर्वे की एक ड्रामा फिल्म और 'धूम' सीरीज की अगली फिल्म में भी काम कर सकती हैं। साथ ही, वह रणबीर कपूर के साथ 'तू झूठी मैं मक्कार' के बाद एक और फिल्म में स्क्रीन शेयर कर सकती हैं। हीरो नंबर 1 डेविड धवन की फिल्म है, जो ऋषिकेश मुखर्जी की कॉमेडी फिल्म बावर्ची से प्रेरित है।

हॉलीवुड मसाला



## निक जोनस के गाने से हुई हैरान

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और उनके पति-सिंगर निक जोनस अक्सर सोशल मीडिया पर वीडियोज और फोटोज शेयर करते हैं। हाल ही में एक वीडियो में निक गाना गाते दिख रहे हैं और उनके सॉन्ग को सुनकर प्रियंका कमरे से भागती दिख रही हैं। इस वीडियो में निक गाना गाते दिख रहे हैं और उसी कमरे में अभिनेत्री एलईडी फेस मास्क पहने, सोफे पर बैठी किताब पढ़ने में व्यस्त हैं। जब निक गाना गा रहे थे, तो प्रियंका कुछ देर तक उन्हें देखती रहीं।




## 27 साल छोटी है बतिस्ता की गर्लफ्रेंड मारिया

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार और हॉलीवुड एक्टर डेव बतिस्ता एक बार फिर सुर्खियों का हिस्सा बन गए हैं। क्या डेव बतिस्ता को अपनी जिंदगी में कोई खास मिल गया है? बुल्गेरियन एक्ट्रेस मारिया बकालोवा ने डेव बतिस्ता के साथ एक फोटो शेयर की है और उन्हें खास दोस्त बताया है। इसके बाद से दोनों की डेटिंग को लेकर खबरें आने लगी है। सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि मारिया उनके लिए दोस्त से कुछ ज्यादा है। हालांकि, अभी तक इस कपल ने इस खबरों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। यही नहीं डेव बतिस्ता और मारिया बकालोवा की उम्र में 27 साल का अंतर भी चर्चा का विषय बना हुआ है।मारिया का जन्म 4 जून, 1996 को बुल्गारिया के बर्गास में हुआ था › उन्होंने छोटी ही उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था।




## मुंबई कभी मुझे अपनापन नहीं दे पाया...

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' 5 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसके अलावा मनोज बाजपेयी 27 साल बाद राम गोपाल वर्मा के साथ भी काम कर रहे हैं। अब अभिनेता ने इन दोनों फिल्मों, करियर और निजी जीवन पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि एक्टिंग से दूर जाने का ख्याल कभी नहीं आया। मुझे एक्टिंग से बेइंतहा मोहब्बत है। लेकिन, कई बार यह जरूर लगा कि बड़ा शहर मेरे बस का नहीं है। मुंबई कभी मुझे अपनापन नहीं दे पाया। मैं आज तक बड़े शहर का आदमी नहीं बन पाया, इसलिए कई बार मन हुआ कि सब छोड़कर चला जाऊं। शायद एक उम्र आने पर मैं सचमुच इस शहर को छोड़ दूं। इंस्पेक्टर जेंडे ऑफर होने पर कहा कि जब स्क्रिप्ट पढ़ने के लिए मिली तो लगा कि यह कोई सीरियस गंभीर थ्रिलर फिल्म होगी।



## अजेयः द अनटोल्ड... का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर एक फिल्म बनाई जा रही है 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी। इस आगामी फिल्म का मेकर्स ने गुरुवार को ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में गोरखपुर के संघर्षों और सीएम योगी के विद्यार्थी जीवन की कहानी दिखाई दे रही है। 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो 2 मिनट 20 सेकंड का है। इस ट्रेलर की शुरुआत में बताया जाता है कि पूर्वांचल के दिग्गज नेता अवधेश राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई है, जिस कारण गोरखपुर में कर्फ्यू की घोषणा कर दी गई है। इसके बाद दिखाया जाता है कि अजय आनंद विद्यार्थी के रूप में कॉलेज में दाखिला लेते हैं और वहां की राजनीति में शरीक हो जाते हैं। इसके बाद वो सबके हित में आवाज उठाते हैं।

टीवी मसाला



## अनुपमा ने मारी बाजी, क्योंकि सास भी कभी बहू थी दूसरे नंबर पर

**नई दिल्ली।** 34वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में सीरियल 'अनुपमा' टॉप पर रहा। पिछले दो हफ्ते से यह टॉप पर बना हुआ है। इस हफ्ते सीरियल को 2.4 की टीआरपी मिली है। सीरियल में लीड कैरेक्टर अनुपमा की जिंदगी में काफी उतार-चढ़ाव आ रहे हैं, जिसके कारण शो को दर्शक पसंद कर रहे हैं। टीआरपी लिस्ट में इस हफ्ते दूसरे नंबर पर स्मृति ईरानी का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है। यह शो पिछले हफ्ते पिछड़ गया था। लेकिन इस हफ्ते इसने अपनी टीआरपी बेहतर की है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 34वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। 34वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' है, इसे 2.0 की टीआरपी मिली है। देखा जाए तो यह 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की टीआरपी के ही करीबी है। वहीं, चौथे नंबर पर कॉमिक सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का है, इसे 1.9 की टीआरपी मिली है। इन दिनों इस सीरियल में एक नए परिवार की एंट्री हुई, इससे शो में एक नयापन शामिल हुआ है। 34वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में पांचवें नंबर पर 'उड़ने की आशा'सीरियल है। इसे 1.8 की टीआरपी मिली है।

## कलाकारों ने टीचर्स डे पर किया शिक्षकों को याद

**मुंबई।** शिक्षक दिवस पर एण्डटीवी के कलाकार अपने उन गुरुओं को याद करते हुये उनका आभार व्यक्त कर रहे हैं, जिनका उनकी ज़िंदगी और कॅरियर पर गहरा असर रहा है और जो आज भी उन्हें प्रेरित करते हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं-निहारिका रॉय ('घरवाली पेडवाली' की सावी), योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के हप्पू सिंह), और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। आगामी शो 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार निभा रहीं निहारिका रॉय ने कहा, "मेरे लिए मेरी सबसे बड़ी टीचर हमेशा मेरी माँ रही हैं। उन्होंने मुझे हर कदम



पर रास्ता दिखाया है-सब्र करना, विनम्र रहना और अपने सपनों को पूरा करने का साहस रखना सिखाया है। माँ ने माता-पिता के साथ-साथ गुरु की भूमिका भी निभाई है। मुझे याद है जब मुझे स्क्रीन पर माँ का किरदार निभाने का मौका मिला, तो कई लोगों को शक था कि मेरी उम्र में मैं इसे निभा पाऊँगी या नहीं। लेकिन मैंने इसे चुनौती मानकर अपनी एक्टिंग में सुधार करने का अवसर समझा। माँ का किरदार निभाने के दौरान मेरे मन में अपनी माँ के प्रति इज्जत और भी गहरी हो गई। उनकी ताकत, प्यार और बलिदान मुझे रोज़ प्रेरित करते हैं। जब भी मुश्किल आती है, मैं उनकी बातें याद करती हूँ, कि मेहनत और सच्चाई हमेशा अपना रास्ता बना लेती हैं। आज मैं जो भी हूँ, एक इंसान और एक कलाकार के रूप में, वह उन्हीं की दी हुई सीख की वजह से हूँ। वो मेरी असली गुरु हैं।"

## लाल बागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे नील सनी-अनन्या ने की बप्पा की आराधना

**मुंबई।** मायानगरी मुंबई गणेश उत्सव के उल्लास-उमंग में डूबी है। कई सेलेब्स अपने घर में गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। वहीं कुछ सेलिब्रिटीज प्रसिद्ध गणपति पांडालों में पहुंच रहे हैं। हाल ही में फिल्म 'एक चुतर नार' के एक्टर नील नितिन मुकेश लाल बागचा राजा के दर्शन के लिए पहुंचे। सनी देओल, अनन्या पांडे भी एक गणपति कार्यक्रम में शामिल हुए।

***फिल्म रिलीज से पहले लिया नील ने आशीर्वाद :*** नील नितिन मुकेश स्टारर एक फिल्म 'एक चतुर नार' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके साथ दिव्या खोसला नजर आएंगी। फिल्म रिलीज से पहले नील नितिन मुकेश लाल बागचा राजा के दर्शन के लिए पहुंचे। गणपति बप्पा के आगे हाथ जोड़कर वह प्रार्थना करते हुए नजर आए।

***सनी देओल ने टी-सीरीज के ऑफिस में किए गणपति के दर्शन :*** सनी देओल को भी टी-सीरीज के ऑफिस में भूषण कुमार के साथ देखा गया। सनी देओल टी-सीरीज के ऑफिस में आयोजित गणपति उत्वस में शामिल हुए। गणपति बप्पा के सामने प्रार्थना करते हुए वह नजर आए।



### *अनन्या पांडे ने की विधि-विधान से पूजा*

*अनन्या पांडे को भी मंत्री आशीष शेलार के घर पर देखा गया। वह मंत्री के घर पर आयोजित गणपति उत्सव में शामिल हुईं। भारतीय पहनावे में सादगी भरे अंदाज वह गणपति बप्पा के दर्शन के लिए पहुंचीं। अनन्या ने विधि-विधान से पूजा की और गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया।*

## ये हॉरर फिल्में हैं सच्ची घटनाओं से प्रेरित

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म द कॉन्ज्यूरिंग फ्रेंचाइजी का अंतिम भाग द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ये फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। जानिए उन हॉरर फिल्मों के बारे में, जिनकी कहानियां कल्पना मात्र ही नहीं हैं, बल्कि हकीकत हैं।

**एनाबेल** : जॉन आर. लियोनेटी के निर्देशन में साल 2014 में 'एनाबेल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में भूत-प्रेत मामलों की जांच करने वाले वॉरेन कपल की एक सच्ची घटना को दिखाया गया है, जो एनाबेल नाम की शापित गुड़िया पर आधारित है। इस फिल्म में एनाबेल के डरावनी आंतक को दिखाया गया है।

**द एक्सॉर्सिस्ट** : विलियम फ्रेडकिन के निर्देशन में साल 1973 में 'द एक्सॉर्सिस्ट' फिल्म रिलीज हुई थी। यह फिल्म 1949 में घटी एक असली घटना पर आधारित है, जिसमें एक 14 वर्षीय लड़के पर भूत-प्रेत का साया बताया गया था। इस फिल्म की कहानी आपको डरा सकती है।

**द कॉन्ज्यूरिंग** : 'द कॉन्ज्यूरिंग' फिल्म के जितने भी पार्ट हैं, वो सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। इन फिल्मों में पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन द्वारा की गई वास्तविक केस को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया है। साल 2013 में रिलीज हुई इस फिल्म में पेरोन परिवार के घर में घट रही बुरी शक्तियों को बहुत ही खौफनाक तरीके से दर्शाया गया है।

**द नन** : कोरिन हार्डी द्वारा निर्देशित 'द नन' फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में चर्च में एक भूतिया नन की कहानी दिखाई जाती है, जो दर्शकों को डराने का काम करती है।

**द स्केलेटन की** : यह फिल्म काले जादू पर आधारित एक सच्ची घटना से प्रेरित है। 'द स्केलेटन की' फिल्म की कहानी एक नर्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक रहस्यमयी और खौफनाक हवेली में अजीब घटनाओं का सामना करना पड़ता है। फिल्म का निर्देशन इयान सॉफ्टली ने किया है, जो 2005 में रिलीज हुई थी।



कभी अपने कुत्ते के लिए भी रखती थीं अलग कार, एक गलती से छिन गई सारी दौलत

# हिंदी सिनेमा की रबर गर्ल कहलाती थी ये एक्ट्रेस

*__नई दिल्ली।__ आज बॉलीवुड में स्पेशल सॉन्ग का क्रेज है। हर फिल्म में एक दमदार डांस नंबर जरूरी समझा जाता है। लेकिन सोचिए, 1940-50 के दौर का सिनेमाना स्पेशल सॉन्ग की परंपरा, ना ग्लैमरस डांस का जलवा। ऐसे वक्त में एक लड़की आई, जिसने अपने डांस से पर्दे पर सबका दिल जीत लिया. दर्शक कहते थे, 'हीरो-हीरोइन बाद में, पहले कुक्कू का डांस दिखाओ।' यही थीं कुक्कू मोरे, जिन्हें लोग प्यार से 'रबर गर्ल' बुलाते थे। उनका डांस इतना कमाल का होता था कि हर किसी के दिल में छा जाता था।*



### हेलेन और प्राण का बनाया कॅरियर

कुक्कू सिर्फ खुद का करियर नहीं बना रही थीं, बल्कि दूसरों की जिंदगी भी बदल रही थीं। उन्होंने छोटी सी उम्र में ही हेलेन को फिल्मों में कदम रखने का मौका दिलाया। यही नहीं, बॉलीवुड के मशहूर विलेन बने प्राण को भी इंडस्ट्री में एंट्री दिलाने का श्रेय कुक्कू को जाता है। उस जमाने में उन्हें 'गॉडमदर ऑफ डांसर्स' कहा जाता था।

### फिल्मों की शान बन चुकी थीं कुक्कू

कुक्कू का पहला बड़ा ब्रेक 1946 में फिल्म अरब का सितारा से हुआ। इसके बाद अनोखी अदा, आन और आवारा जैसी फिल्मों में उनके डांस नंबर हिट हुए। उस समय फिल्म इंडस्ट्री में कैबरे डांस की पहचान ही कुक्कू ने बनाई। ऑडियंस सिर्फ उनके डांस को देखने के लिए सिनेमाघरों में आते थे।

### *शाही ठाठ और आलीशान शौक*

*कुक्कू की कमाई और शौक दोनों ही गजब के थे। जब हीरोइन पूरी फिल्म के लिए 6-7 हजार रुपए लेती थी, तब कुक्कू एक गाने की फीस ही इतनी लेती थीं। उनके पास मुंबई में बंगला, कई कारें जिनमें से एक कार तो सिर्फ अपने कुत्ते के लिए थी। हजारों ड्रेस और हजारों जूते थे। उनकी पार्टियों में फिल्मी दुनिया के बड़े सितारे शरीक होते थे और कुक्कू हर जगह रानी की तरह एंट्री लेती थीं।*

### *जब शोहरत छिन गई और बचा सिर्फ दर्द*

*लेकिन किस्मत का खेल देखिए टैक्स मामलों और काम की कमी ने उनकी पूरी दौलत छीन ली। फिल्म इंडस्ट्री ने भी धीरे-धीरे मुंह फेर लिया। कैंसर ने उन्हें घेर लिया और इलाज कराने तक पैसे नहीं बचे। हालात ऐसे हो गए कि कभी फाइव स्टार होटल में डिनर करने वाली कुक्कू सड़क से सब्जियां बीनकर पेट भरने लगीं। 30 सितंबर 1981 को बॉलीवुड की पहली स्पेशल सॉन्ग गर्ल गुमनामी और गरीबी में दुनिया को अलविदा कह गईं।*

# महिला एशिया कप हॉकी : भारत का शानदार आगाज, थाईलैंड को दी 11-0 से करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में थाईलैंड को 11-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि ब्यूटी ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे।

## भारत को मिले नौ पेनल्टी कॉर्नर, पांच को गोल में बदला



### भारत ने शुरू से बनाया दबदबा

वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारत को कुल नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से पांच को उसने गोल में बदला। दूसरी तरफ थाईलैंड एक भी पेनल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पाया। भारत ने शुरू से ही दबदबा बना दिया था। पहले क्वार्टर में मुमताज और संगीता के दो फील्ड गोल किए।



### दूसरे क्वार्टर में दिखाए हमलावर तेवर

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अधिक हमलावर तेवर दिखाए और तीन गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर दी। अनुभवी फारवर्ड नवनीत और मिडफील्डर लालरेम्सियामी ने एक-एक फील्ड गोल किया, जिसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले उदिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। दूसरे हाफ में भी यही स्थिति रही और भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले जारी रखे। भारत को तीसरे क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से डुंग डुंग ने 45वें मिनट में एक को गोल में बदला। भारत ने आखिरी क्वार्टर में पांच गोल करके अपनी बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### भारत और जापान का मुकाबला आज

इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। दोनों पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर 4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। भारत इस टूर्नामेंट में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर दीपिका के बिना उतरा है। यह दोनों चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। एशिया कप विजेता टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। थाईलैंड के बाद भारत अब शनिवार को जापान से भिड़ेगा। इसके बाद वह पूल चरण के अपने अंतिम मैच में आठ सितंबर को सिंगापुर का सामना करेगा।

## खबर संक्षेप



### फाइनल में पाकिस्तान ने यूएई को 9 रन से हराया

**शारजाह।** फखर जमां के अर्धशतक के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 9 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 31 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फखर जमां ने अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एशिया कप के पहले फॉर्म में वापसी करते हुए 44 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, जो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का 15 मैचों के बाद पहला टी-20 अर्धशतक है। उनकी इस शानदार पारी की मदद से पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 171 रन बनाए। श्रृंखला का अपना पहला मैच खेल रहे अहमद ने इसके बाद यूएई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अपनी कैरम बॉल और गुगली से परेशान किया और उसे सात विकेट पर 140 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।

### उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने किया क्वालीफाई

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में अपने अपने मुकाबले जीतकर अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



अर्जेंटीना, ब्राजील और इक्वाडोर दक्षिण अमेरिका से पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। उरुग्वे ने पेरू को हराया जबकि कोलंबिया ने बोलिविया को मात दी। कोलंबिया की टीम 2022 में कतर में हुए विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी। अर्जेंटीना की टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में शीर्ष पर है, जिसने वेनेजुएला को 3-0 से हराया । इस जीत में लियोनेल मेस्सी ने दो गोल दागे। ब्राजील ने चिली को 3-0 से हराया और वह दूसरे स्थान पर है।

### स्टार भारतीय डिफेंडर झिंगन की हुई सर्जरी

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय डिफेंडर संदेश झिंगन की गाल की हड्डी में फ्रैक्चर की सर्जरी सफल रही है। इंडियन सुपर लीग की उनकी टीम एफसी गोवा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह ताजिकिस्तान में सीएएफए नेशंस कप में खेलते समय चोटिल हो गए थे।



झिंगन को एक सितंबर को ताजिकिस्तान के हिसोर में ईरान के खिलाफ भारत के ग्रुप मैच के दौरान चोट लगी थी। भारत वह मैच 0-3 से हार गया था और झिंगन स्वदेश लौट आए थे। एफसी गोवा के सीईओ रवि पुस्कुर ने बताया, 'हां, उनकी सर्जरी हुई।' सर्जरी के कारण इस 32 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी का अगले महीने भारत के दो महत्वपूर्ण एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैचों में खेलना संदिग्ध हो गया है, जो 9 अक्टूबर को सिंगापुर में और 14 अक्टूबर को मडगांव में खेले जाएंगे। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने कहा, 'झिंगन गोवा में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में हैं और उनकी रिकवरी पर करीबी निगाह रखी जा रही है।'

खिताबी मुकाबला आज, एरिना और अमांडा का होगा सामना

# डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका का दमदार प्रदर्शन जीत के बाद फेंका रैकेट, चीखी और फैलाई बाहें



सबालेंका ने पेगुला पर 4-6 6-3 6-4 से हासिल की जीत

### अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब से एक जीत दूर एरिना

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले साल का फाइनल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था लेकिन पेगुला इसका बदला चुकता करने में नाकाम रही। डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। मैच समाप्त होने के बाद सबालेंका अपनी एड़ियों पर पीछे हटी, अपनी बाहें फैलाई और चीख पड़ी।

### इमोशनल हुई एरिना कहा- मैच जल्दी समाप्त हो

सबालेंका ने बाद में कहा, 'मैं बहुत भावुक हो गई थी। मैं बस यही सोच रही थी, 'हे भगवान, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कृपा करके इस मैच को जल्दी से समाप्त करो। मैं मैच के दौरान हर अगले अंक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी।' शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अब पिछले 11 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में लगातार चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश करेंगी। सेरेना विलियम्स ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन चैंपियनशिप जीती थीं। पेगुला के खिलाफ अपने करियर में 8-2 का रिकॉर्ड बनाने के बाद सबालेंका ने कहा, 'मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। उम्मीद है कि मैं फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगी।'

### अमांडा ने सेमीफाइनल में ओसाका को हराया



अमांडा अनिसिमोवा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने दो घंटे 56 मिनट तक चले मैच में 6-7 (4), 7-6 (3),6-3 से जीत दर्ज करके दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अनिसिमोवा ने मैच के बाद कहा, 'यह बेहद कड़ा मुकाबला था और मुझे यकीन नहीं था कि मैं फिनिश लाइन पार कर पाऊंगी लेकिन मैंने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं यह जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।' जब मैच खत्म हुआ तो अनिसिमोवा चिल्लाई, 'चलो आगे बढ़े।' इसके बाद उन्होंने कोर्ट पर घुटने टेककर और आगे की ओर झुककर इस पल का आनंद लिया। शनिवार को खिताब के लिए उनका सामना गत चैंपियन और मौजूदा नंबर एक एरिना सबालेंका से होगा। अनिसिमोवा ने हालांकि अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्वियातेक को दो सेटों में हराकर उसका बदला चुकता कर दिया था।



### हार के बाद भी मालामाल हुए युकी भांबरी

भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6 (2) 6-7 (5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। युकी और माइकल को यूएस ओपन पुरुष डबल्स के सेमीफाइनल तक बेहतरीन सफर के लिए 2,50,000 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 2.20 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली। दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। हार के बाद भांबरी ने कहा, 'यह मेरे लिए एक विशेष सप्ताह रहा है। इस स्तर पर खेलना और किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ा क्षण है।' पिछले दशक में कई चोटों से जूझने वाले दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ी सफलता है। इससे उनकी रैंकिंग में भी काफी सुधार होगा।

## टेलर ने बदला संन्यास फैसला अब समोआ के लिए खेलेंगे

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर रोस टेलर संन्यास का फैसला बदलकर अगले महीने ओमान के लिए टी20 विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। टेलर ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी20 मैच खेले हैं।



न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में वह 7683 रन बनाकर केन विलियमसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। टेलर की मां लोटे समोआ में पैदा हुई थी। वह ल्यूपेपे लुटेरु रोस पूटोआ लोटे टेलर के नाम से खेलेंगे। 41 वर्ष के टेलर को उनके दोस्त और तरुण नेथुला ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में समोआ के लिए लने की पेशकश की थी। वह अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बनाने के लिए समोआ का पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच खेलेंगे।

# महिला विश्व कप : ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, सोफी की एक साल बाद वापसी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की अगुवाई में महिला वनडे विश्व कप के लिए शुक्रवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की, जिसमें बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने चोट से उबरने के बाद वापसी की। सात बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन भी है और आगामी प्रतियोगिता में भी वह अपना दबदबा कायम रखना चाहेगा, जो 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में आयोजित की जाएगी। विक्टोरिया की स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण जनवरी से ही बाहर थी।

### 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में होगा टूर्नामेंट



### डार्सी और जॉर्जिया टीम में शामिल

वह हालांकि 14 से 20 सितंबर तक भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएगी। डार्सी ब्राउन (क्वाड) और जॉर्जिया वेयरहैम (ग्रोइन) भी अपनी हाल की चोटों से उबरकर टीम में वापसी करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया की टीम में 10 ऐसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो 2022 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट का भी हिस्सा थी। इस टीम में एलिस पेरी, बेथ मूनी, एनाबेल सदरलैंड, ताहलिया मैकग्रा और एशले गार्डनर जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। आस्ट्रेलिया अपना अभियान 1 अक्टूबर को इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगा।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम

एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 2-0 से हराया

### 27 साल बाद जीती सीरीज



एजेंसी ▶▶| लंदन

दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में मैट ब्रीट्जके की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 5 रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली। बीमार वियान मुल्डर की जगह टीम में शामिल किए गए ब्रीट्जके वनडे इतिहास में अपने पहले पांच मैचों में कम से कम अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस 26 वर्षीय बल्लेबाज की 77 गेंदों पर खेली गई पारी तथा सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के 49 और ट्रिस्टन स्टब्स के 58 रन के उपयोगी योगदान से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी।

■ मैट ब्रीट्जके ने खेली 85 रन की रिकॉर्ड पारी

### रूट , बैथेल और बटलर ने लगाए अर्धशतक

इंग्लैंड की तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। मंगलवार को हेडिंग्ले में खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड 131 रन पर सिमट गया था और सात विकेट से हार गया था, लेकिन इसके दो दिन बाद उसने बेहतर प्रदर्शन किया। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर (14 गेंदों पर 27 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई। आर्चर ने इससे पहले 62 रन देकर चार विकेट लिए थे। तीसरा वनडे रविवार को साउथेम्प्टन में खेला जाएगा।

तीन साल में 400 करोड़ की कमाई का अनुमान, 16 सितंबर से होगी बोली

# बीसीसीआई ने बढ़ाई जर्सी स्पॉन्सरशिप की कीमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप के लिए नए सिरे से मूल्यांकन तय किया है। यह नया बेस प्राइस पूर्व प्रायोजक ड्रीम 11 की ओर से दी जा रही रकम से अधिक है। उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई ने द्विपक्षीय मैचों के लिए नया रिजर्व प्राइस 3.5 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय टूर्नामेंट (आईसीसी और एसीसी प्रतियोगिताओं) के लिए 1.5 करोड़ रुपए रखा है।

### बोली 16 सितंबर को

इस बोली प्रक्रिया की तारीख 16 सितंबर तय की गई है। इसका मतलब है कि एशिया कप (9 सितंबर से शुरू) से पहले नया स्पॉन्सर जुड़ना संभव नहीं होगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि किसी अंतरिम व्यवस्था की संभावना बेहद कम है।



### 130 मैच खेले जाने का अनुमान

बीसीसीआई अगले तीन साल के लिए स्पॉन्सरशिप तलाश रहा है। इस दौरान लगभग 130 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने का अनुमान है, जिनमें 2026 का टी20 वर्ल्ड कप और 2027 का वनडे वर्ल्ड कप भी शामिल हैं। नए बेस प्राइस के आधार पर बीसीसीआई को 400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हो सकती है।

### द्विपक्षीयमें 10 और बहुपक्षीय मैचों में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी

मौजूदा समय में द्विपक्षीय मुकाबलों का मूल्य 3.17 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय मैचों का 1.12 करोड़ रुपए है। यानी बीसीसीआई ने नई दरों के साथ द्विपक्षीय मुकाबलों में लगभग 10 प्रतिशत और बहुपक्षीय मैचों में लगभग 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा है। सूत्रों के अनुसार, द्विपक्षीय मैचों में प्रायोजकों को अधिक दृश्यता मिलती है, क्योंकि ब्रांड का नाम खिलाड़ियों की जर्सी के सामने (सीने) पर प्रमुखता से दिखता है। आईसीसी और एसीसी आयोजनों के दौरान ब्रांड का उल्लेख केवल बाजू (स्लीव्स) तक सीमित रहता है, जिससे वहां दृश्यता अपेक्षाकृत कम हो जाती है।

### गेमिंग, बेटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू ब्रांड्स नहीं लगा पाएंगे बोली

*बीसीसीआई ने 2 सितंबर को भारतीय टीम के लीड स्पॉन्सर राइट्स के लिए अभिरुचि पत्र जारी किया। इसमें साफ कहा गया है कि गेमिंग, बेटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू ब्रांड्स बोली नहीं लगा सकेंगे। इसके अलावा स्पोर्ट्सवियर, बैंकिंग, वित्तीय कंपनियां, शीतल पेय, घरेलू उपकरण (फैन, मिक्सर-ग्राइंडर, लॉक्स) और बीमा कंपनियां भी प्रतिबंधित रहेंगी, क्योंकि ये मौजूदा प्रायोजकों से टकरा सकते हैं। बता दें, ड्रीम 11 के बाहर होने के बाद नए स्पॉन्सर की जरूरत पड़ी। हाल ही में केंद्र सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेग्युलेशन) अधिनियम, 2025 लागू किया है, जिसके तहत असली पैसे वाले ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के संचालन पर रोक लगा दी गई है। इसी कानून के प्रभाव में ड्रीम11 ने अपना करार समाप्त किया।*

## 2 करोड़ से अधिक का घोटाला उजागर, 4 अफसरों सहित 11 राशन दुकानों के 29 संचालकों पर एफआईआर दर्ज

# गेहूं, चावल और नमक के घोटाले में फूड कंट्रोलर की गर्दन फंसी

हरिभूमि जबलपुर।

गरीबों के गेहूं, चावल और नमक की अफरा तफरी कर 2 करोड़ 20 लाख 12 हजार 460 रुपयों का घोटाला सामने आया है। इसमें न केवल राशन दुकानदार बल्कि फूड कंट्रोलर सहित चार अफसर भी शामिल पाए गए। खास बात यह है कि जिस अधिकारी को इस मामले की देखरेख करनी थी वह खुद इस घोटाले में शामिल थे ओर आयुक्त खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा दिए गए जांच के आदेश की फाईल भी दबाकर बैठी थी। आयुक्त खाद्य आपूर्ति विभाग के निर्देश पर जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया। जांच दल की रिपोर्ट आने के बाद संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन द्वारा पुलिस की अपराध शाखा में 11 राशन दुकान के 29 संचालकों और फूड कंट्रोलर सहित दो सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी और डीपीएमयू सहित कुल 33 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपियों पर भारतीय न्याय संहित 2023 की धाराओं के अलावा मप्र सार्वजिनक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। क्राईम ब्रांच के निरीक्षक शैलेश मिश्रा ने बताया कि संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन की ओर से दी गई लिखित शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

दरअसल हाईकोर्ट ने दायर एक याचिका रामकिशोर काछी एवं अन्य के विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं राजू चौधरी एवं विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन में यह तथ्य प्रस्तुत किया गया कि जबलपुर नगर निगम क्षेत्र की 11 राशन दुकानों का खाद्य विभाग के अधिकारियों ने खाद्यान्न का स्टॉक एडजस्टमेंट कर दिया है। उसी आधार पर याचिकाकर्ताओं की राशन दुकानों के खाद्यान्न



के स्टॉक का भी एडजस्टमेंट किया जाए। स्टॉक एडजस्टमेंट की कार्यवाही खाद्य संचालनालय से की जाती थी।

स्टॉक की अफरातफरी की गई मात्रा को पीओएस मशीन/पोर्टल से अवैधानिक रूप से घटाने के लाभग्रहिता राशन दुकान के संचालक हैं, लेकिन शासकीय पोर्टल और जबलपुर नगर क्षेत्र के लिए उपयोग किए जा रहे आईपी एड्रेस पर राशन दुकान के संचालक की एक्सेस नहीं है। शासकीय पोर्टल और आईपी एड्रेस पर एक्सेस केवल कतिपय शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों तक सीमित है। अतः स्टॉक की अफरातफरी की गई मात्रा को पीओएस मशीन पोर्टल से अवैधानिक रूप से घटाने का कृत्य उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा ही किया जाना संभव है, जिनके द्वारा पूर्व में उक्त आईपी एड्रेस को एक्सेस किए जाने की हिस्ट्री रही है। लिहाजा प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि उक्त चारों व्यक्तियों ने अनुचित लाभ अर्जित करने की दुर्भावना के साथ मिलीभगत कर स्टॉक की अफरातफरी की गई। आपराधिक कृत्य भारतीय न्याय संहिता 2023 की सुसंगत धाराओं के साथ-साथ मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 कि कण्डिका 13(2) एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 सहपठित धारा 7 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में शामिल है। इसके बाद क्राईम ब्रांच थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

### इन राशन दुकानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

आकाश नेचलानी, विक्रेता, अमर उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316326), रामचरण विश्वकर्मा, सहायक विक्रेता अमर उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316326), कविता नेचलानी, अध्यक्ष, अमर उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316326), गुंजन वेदी, विक्रेता, पूजा उपभोक्ता सहकारी भण्डार, (कोड क्रमांक 3316331), विशाल बर्मन, पूर्व विक्रेता, पूजा उपभोक्ता सहकारी भण्डार, (कोड क्रमांक 3316331), प्रीति अवस्थी, अध्यक्ष, पूजा उपभोक्ता सहकारी भण्डार, (कोड क्रमांक 3316331), कपिल तिवारी, सहायक विक्रेता, नव शक्ति महिला उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316332), नीता तिवारी, अध्यक्ष, नव शक्ति महिला उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316332), नाजिया बेगम, विक्रेता, मां शारदा देवी महिला उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316333), अभिषेक पटेल, सहायक विक्रेता, विक्रेता, मां शारदा देवी महिला उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316333), सत्येन्द्र तिवारी, तत्कालीन सहायक विक्रेता, विक्रेता, मां शारदा देवी महिला उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316333), किरण जायसवाल, अध्यक्ष, विक्रेता, मां शारदा देवी महिला उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316333), आयूष चौधरी, सहायक विक्रेता, संत रविदास नगर उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316396), मीना चौधरी, अध्यक्ष, संत रविदास नगर उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316396), . रामचरण विश्वकर्मा, विक्रेता, मां नर्मदेश्वर प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316395), दिनेश नेचलानी, अध्यक्ष, मां नर्मदेश्वर प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316395), अमर नाथ प्रधान, विक्रेता, नर्मदा उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316392), पीयूष अवस्थी, अध्यक्ष एवं सहायक विक्रेता, नर्मदा उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316392), राम अवतार विश्वकर्मा, विक्रेता, आदित्य प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316311), राहुल गुप्ता, नॉमिनी, आदित्य प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316311), हार्दिक धनोरिया, अध्यक्ष, आदित्य प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316311), गीता राजपूत, विक्रेता, शिवशक्ति प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316345), राजेश कुशवाहा, सहायक विक्रेता, शिवशक्ति प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316345), अंशु जायसवाल, अध्यक्ष, शिवशक्ति प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316345), राजकुमार चौधरी, विक्रेता, एकता प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316156), इमरान मंसूरी, सहायक विक्रेता, एकता प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316156) एवं विक्रेता, सिटी प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316162), कमर जहां मंसूरी, अध्यक्ष, एकता प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316156), . मो अजहर, सहायक विक्रेता, सिटी प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316162), हामिद मंसूरी, अध्यक्ष, सिटी प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भण्डार (कोड क्रमांक 3316162),

### ये अधिकारी घोटालें में शामिल

*प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद इस घोटाले में मुख्यतः नुजहत बानो बकाई, जिला आपूर्ति नियंत्रक, जबलपुर, भावना तिवारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, अनुविभाग गोरखपुर, जबलपुर, सुचिता दुबे, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, अनुविभाग गोहलपुर, जबलपुर, अक्षय कुमार खरे, डीपीएमयू (डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, जबलपुर को संलिप्त पाया गया, लिहाजा इनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई।*

## हाईकोर्ट ने अपने सुरक्षित आदेश को सार्वजनिक करते हुए दी राहत, सरकार से मांगा जवाब

# देवरी नपा अध्यक्ष नेहा जैन को बड़ी राहत, बनी रहेंगी पद पर

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने नगर परिषद, देवरी, जिला सागर की अध्यक्ष नेहा जैन को बड़ी राहत दी है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने 3 सितम्बर को सुरक्षित किया गया फैसला सुनाते हुए नेहा जैन को आगामी सुनवाई तक पद पर बने रहने की व्यवस्था दी है। साथ ही राज्य शासन को चार सप्ताह में जवाब पेश करने निर्देश दिए। कोर्ट ने अध्यक्ष के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को प्रथमदृष्ट्या निराधार व संदिग्ध पाते हुए यह राहत प्रदान की।



याचिकाकर्ता नेहा जैन की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता नगर परिषद की निर्वाचित अध्यक्ष हैं। याचिका में राज्य सरकार के बीते 25 अगस्त, 2025 को जारी उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत उन्हें अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। याचिका में आरोप राजनीतिक साजिश और असंतुष्ट पार्षदों की मिलीभगत से उन्हें बेबुनियाद आरोपों के आधार पर हटाया गया, जो अवैधानिक है। याचिका में दावा किया गया है कि यह कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित होकर की गई, जो लोकतांत्रिक जनादेश पर सीधा प्रहार है। निर्वाचित अध्यक्ष जैन ने 25 अगस्त के आदेश को रद करने और अपने पद पर बहाली की मांग याचिका में की थी। मामले की सुनवाई दौरान न्यायालय ने पाया कि जिन तेरह नियुक्तिया व वित्तीय अनियमित्ताओं के आरोप लगाकर कार्यवाही की गई, वह निराधार व संदिग्ध है। क्योकि कर्मचारियों की नियुक्तियां अध्यक्ष परिषद की मंजूरी से की गई थी। इसके अलावा एसी की खरीदी का पूरा लेनदेन सरकार के अधिकारिक पोर्टल से हुआ था, जिसकी एंट्री भी लाग बुक में दर्ज है। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने उन्हें पद पर बने रहने के निर्देश देते हुए सरकार को चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## सिविल डिस्पेंसरी में पुरानी शर्तों के आधार पर सेवा में बनाए रखें

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सिविल डिस्पेंसरी अशोका गार्डन में पदस्थ संविदा मेडिकल आफिसर को पुरानी सेवा शर्तों के आधार पर सेवा में बरकरार रखने के निर्देश दिए हैं। संविदा सेवा समाप्त करने के मामले में जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के आयुक्त, सीएमएचओ, जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के अधीक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता भोपाल निवासी डा. विशाल जैन की ओर से दलील दी गई कि वर्ष 2023 में याचिकाकर्ता को संविदा मेडिकल आफिसर के पद पर पदस्थ किया गया था। इसके बाद एक वर्ष के लिए कार्यकाल बढ़ाया गया। पुनः एक मई 2025 को अस्पताल अधीक्षक ने संविदा सेवा बढ़ाने की अनुशंसा की। इसके बावजूद 26 जून, 2025 को उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। राज्य शासन की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में कुछ शिकायतें लंबित हैं। कोर्ट ने पाया कि ये शिकायतें 2023 की हैं और यह बात अधीक्षक को पता थीं। हाई कोर्ट ने कहा कि फिलहाल याचिकाकर्ता को पूर्व की सेवा शर्तों पर सेवा में जारी रखा जाए।

**हाई कोर्ट ने संविदा मेडिकल आफिसर के हक में सुनाया राहतकारी अंतरिम आदेश**

## महाधिवक्ता को भेजा पत्र

### ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण के संबंध में समन्वय समिति का गठन

**जबलपुर।** अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 फीसदी आरक्षण के संबंध में एक समन्वय समिति का गठन किया गया। इस समिति ने शुक्रवार को महाधिवक्ता को पत्र भेजकर प्रदेश में 13 प्रतिशत होल्ड पदों पर तत्काल नियुक्ति देने की मांग की है। दरअसल, पिछले दिनों सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने महाधिवक्ता को उक्त वर्ग के वकीलों के साथ बैठक करके मुद्दे का हल निकालने कहा था। इसी संदर्भ में गुरूवार को दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में बैठक हुई। बैठक में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने ओबीसी वर्ग के अधिवक्ताओं को लिखित अभिमत देने कहा था। उसी संदर्भ में यह पत्र भेजा गया। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पत्र का हवाला देते हुए बताया कि पूर्व में सरकार ने पुलिस भर्ती, सब इंजीनियर, जेल गार्ड आदि कुछ भर्तियों में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण का लाभ दिया है। चूंकि ओबीसी आरक्षण अधिनियम पर किसी अदालत ने स्थगन नहीं दिया है, इसलिए 27 फीसदी आरक्षण देने में कोई बाधा नहीं है।

## 42 इंच बारिश के बाद भी उमस भरी गर्मी

# धूप-छांव के बीच बूंदाबांदी



**जबलपुर।** आसमान पर कोई छोटे छोटे सिस्टम सक्रिय हैं है। जिसकी वजह से रुक रुक कर धूप छाव के बीच बारिश हो रही है. पिछले 24 घंटों में 1 इंच से अधिक बारिश होने के बाद अब तक 42 इंच वर्षा दर्ज की जा चुकी है, लेकिन उमस भरी गर्मी का माहौल बना हुआ है।

बादलों की आवाजाही के बीच तापमान औसत पर आकर ठहर गया। दिन भर उमस भरी गर्मी रही और शाम को ठंडक बन गई थी। मौसम के मिजाज मौसम वैज्ञानिक भी नहीं समझ पा रहे हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान30.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 24.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 87 प्रतिशत और सायंकाल 68 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.54 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.23 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 29.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 1078.8 मिमी (लगभग 42.3 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन 5.0 मिमि वर्षा हुई थी और कुल वर्षा 1117 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री दर्ज किया गया। दक्षिण पूर्वी हवाएं 7-8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

## ऑनलाईन धोखाधड़ी के 2 मामलें दर्ज

# ठगों ने 1 लाख 17 हजार की चपत लगाई

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना क्षेत्र में ऑनलाईन धोखाधड़ी के दो मामलें सामने आए है। एक मामलें में फेसबुक के जरिए व्हाटसएप ग्रुप स्टॉक लर्निंग से जुड़ने के बाद ट्रेडिग के लिए एप के माध्यम से 92 हजार रुपए जमा कराए गए। बाद में हड़प लिए। इसी तरह एक अन्य मामलें में किसी अज्ञात जालसाज ने धोखाधड़ी कर खाते से 17 हजार रुपए निकाल लिए।

घटना के संबंध में लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 47 वर्षीय मझगवां निवासी शैलेन्द्र शरावगी ने लिखित शिकायत की कि दिसम्बर 2024 में फेस बुक में अचानक एक मोबाईल नम्बर के व्हाटसअप ग्रुप स्टॉक ट्रेडिंग लर्निंग ग्रुप में वह ज्वाईन हो गया उससे ओटीसी एप डाउनलोड करवाकर टेडिंग में ज्वाईन करवाया गया। इस एप के माध्यम से उससे ट्रेडिंग के लिये विभिन्न बैंक एकाउंट से रूपये डिपाजिट करवाये गये प्रोफाईल जोडकर कुल 92 हजार रूपये इन्वेस्ट हो जाने के पास उसने रूपये विथड्रावल करने का प्रयास किया तो उससे और 20 हजार रूपये डिपॉजिट करने को कहा गया रूपये डिपॉजिट न करने पर उसका एकाउंट ब्लॉक कर रूप्ये हडपते हुये धोखाधडी की गयी। शिकायत जांच पर उक्त रूपये महाराष्ट्र बैंक के खाता धारक अमर महादेव निवासी फयूल वर्ड 2 व्हीटीसी गढचिरौली महाराष्ट्र के नम्बर पर रूपये ट्रांसफर होने की जानकारी मिली। लिहाजा पुलिस ने आरोपी अमर महादेव के विरूद्ध धारा 318 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

इसी तरह रानीताल निवासी 46 वर्षीय रंजीत वैद्य के एक्सिस बैंक के एकाउंट से किसी अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से 17 हजार रूपये निकाल लिये है। शिकयत जांच पर उक्त रूपये इंडियन ओवरसीज बैंक के खाता धारक होरिल कुमार निवासी जजेबी इंजीनियर प्राईवेट लिमिटेड एस्ले पार्क एमजी रोड बैंगलोरू के खाते में ट्रासफर होना पाया गया । शिकयत जांच पर होरिल कुमार के विरूद्ध धारा 318 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## डेढ़ घंटे तक लगा लंबा जाम, दोनों के चालक सुरक्षित

# दमोह-जबलपुर हाईवे पर दो ट्रकों में सीधी टक्कर

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर-दमोह हाईवे पर जबेरा और संग्रामपुर के बीच सत घटिया मार्ग पर शुक्रवार 5 सितम्बर की दोपहर एक हादसा हो गया। दो ट्रक आपस में टकरा गए। हादसे में दरक ड्राइवर सुरक्षित रहे। सूचना मिलते ही संग्रामपुर चौकी प्रभारी राजीव पुरोहित मौके पर पहुंचे। क्रेन की मदद से ट्रकों को हटाया गया। डेढ़ घंटे बाद मार्ग पर यातायात बहाल हुआ। हादसे के दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग पर अक्सर ऐसी घटनाएं होती हैं। इससे यातायात बाधित होता है। संग्रामपुर के शिक्षक बहादुर राय को मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के यहां शिक्षक दिवस कार्यक्रम में जाना था। जाम के कारण वे समय पर नहीं पहुंच सके। चौकी प्रभारी पुरोहित ने बताया कि ट्रकों को सड़क किनारे हटाकर यातायात सुचारू कर दिया गया है। जाम के दौरान लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## औसत वजन से ज्यादा भारी था बच्चा, डॉक्टरों ने इसे दुर्लभ बताया

# जबलपुर में महिला ने 5.2 किलो वजन के बच्चे को जन्म दिया

**जबलपुर।** शासकीय रानी दुर्गावती अस्पताल में एक महिला ने 5.2 किलो वजन के बेटे को जन्म दिया है। डॉक्टरों ने इसे दुर्लभ जैसा मामला बताया है। गायनाकोलॉजिस्ट एवं यूनिट हेड डॉक्टर भावना मिश्रा ने बताया कि रांझी निवासी आनंद चौकसे की पत्नी शुभांगी ने सीजेरियन ऑपरेशन के जरिए शिशु को जन्म दिया। डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि इतने भारी बच्चे का जन्म मैंने कई सालों में नहीं देखा है। आम तौर पर ऐसे बच्चों को 24 घंटे निगरानी में रखा जाता है, क्योंकि उनके शुगर लेवल में उतार-.चढ़ाव होता है। नवजात को एसएनसीयू में रखा गया है। डॉक्टरों ने बताया कि ऐसे शिशुओं में



जन्मजात बीमारियों की आशंका रहती है, हालांकि फिलहाल बच्चा स्वस्थ है। डॉ मिश्रा के अनुसार सामान्यतः नवजात लड़कों का औसत वजन 2.8 से 3.2 किलो व लड़कियों का 2.7 से 3.1 किलो होता है। उन्होंने कहा कि बेहतर जीवनशैली, पोषण व स्वास्थ्य सेवाओं की वजह से अब बच्चों का औसत वजन धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

### इंदौर में जन्मा था सबसे भारी बच्चा

इससे पहले इंदौर में दो माह पहले 5.4 किलो वजनी बालिका का जन्म हुआ था। मध्य प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल में अब तक जन्म लेने वाला सबसे वजनी नवजात था। 24 वर्षीय मां का वजन 90 किलो था और उसे हाई ब्लड प्रेशर सहित कई तकलीफें हैं। डॉक्टरों ने नॉर्मल डिलीवरी कराना असंभव बताया और सिजेरियन से डिलीवरी कराई थी। डॉक्टरों के मुताबिक इससे पहले 2021 में मंडला में 5.1 किलो वजनी बच्चा जन्म था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240